सूर्योदय 6:54 सूर्यास्त 5:23

आज का तापमान


| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.0 न्यू | 15.6 अधि |
| धर्मशाला | 9.0 न्य | 20.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80234.08 |
| निफ्टी | 24274.90 |
| सोना | 77,510 |
| चांदी | 91,152 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

कृति सेनन ने नेपोटिज्म पर तोड़ी चुप्पी

पृष्ठ 4 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 28 नवंबर 2024 | 13 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 342, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### प्रियंका गांधी आज लेंगी लोकसभा सदस्यता की शपथ



**नई दिल्ली।** केरल की वायनाड संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वीरवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेंगी। केरल के वायनाड के कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को प्रियंका गांधी को लोकसभा उपचुनाव के निर्वाचन का प्रमाणपत्र सौंपा। वहीं, प्रियंका के साथ महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले रवींद्र चौहान भी शपथ लेंगे।

### जम्मू में होगी एनएसजी की स्पेशल टास्क फोर्स तैनात



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों में हुई बढ़ोतरी के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की स्पेशल टास्क फोर्स को तैनात किया जाएगा। गृह मंत्रालय के निर्देश पर आतंकवाद निरोधी इकाई बल को शहर में तैनात किया जाएगा। एनएसजी के विशेष कार्य बल को जम्मू शहर में स्थायी रूप से तैनात किया जाएगा, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति या आतंकी हमले की स्थिति में किसी भी स्थान पर पहुंच सकें।

### यूपी में सड़क हादसे में 4 डॉक्टरों सहित 5 की मौत

**कन्नौज।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में सैफई में स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय से जुड़े चार चिकित्सकों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि यह हादसा मंगलवार देर रात करीब तीन बजे हुआ, जब स्कॉर्पियो कार चालक ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के बाद कार सड़क के दूसरी ओर जा गिरी, जिसके बाद एक ट्रक उससे टकरा गया। चार चिकित्सकों और एक लैब तकनीशियन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।


अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- चैरिटेबल अस्पताल भोटा के बाहर फिर चक्का जाम -पेज 3
- सड़क पर 6 महीनों से बह रहे पानी के खिलाफ सड़कों पर उतरे ग्रामीण -पेज 6
- 4 घंटे में 15 किलोमीटर पैदल सफर, जनता के दरबार पहुंचा प्रशासन -पेज 9
- डोनाल्ड ट्रंप ने भारतवंशी भट्टाचार्य को बनाया एनआईएच डायरेक्टर -पेज 13
- गुजरात के उर्विल ने सबसे तेज शतक का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा -पेज 14


# अडानी और संभल हिंसा पर संसद दूसरे रोज भी ठप

## नहीं चले दोनों सदन, कांग्रेस और सपा के सदस्यों ने की नारेबाजी

एजेंसी, नई दिल्ली

**संसद** में अडानी समूह के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को कार्यवाही बाधित रही और लोकसभा एवं राज्यसभा की बैठक एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।



शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन बुधवार को विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों सदनों में शून्यकाल एवं प्रश्नकाल की कार्यवाही अवरुद्ध रही। लोकसभा की कार्यवाही बुधवार सुबह प्रारंभ होने के साथ ही कांग्रेस के सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो गए और अडानी समूह से जुड़े मामले को उठाने का प्रयास करने लगे। वहीं, समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा की घटना को उठाने का प्रयास किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच प्रश्नकाल शुरू कराया। इस बीच, कांग्रेस और सपा के कई सदस्य आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। बिरला ने आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और प्रश्नकाल चलने देने की अपील की। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अरुण गोविल का उल्लेख करते हुए कहा कि वह पहली बार प्रश्नकाल में प्रश्न पूछ रहे हैं, ऐसे में सदन की कार्यवाही चलने दी जाए।

### अडानी को बचा रही केंद्र सरकार : राहुल



**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी की गिरफ्तारी की मांग बुधवार को फिर उठाई और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार उन्हें बचा रही है। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि अमेरिका में अडानी को हजारों करोड़ रुपए की अनियमितता के मामले में अभ्यारोपित किया है, ऐसे में उन्हें जेल में होना चाहिए। राहुल ने कहा कि क्या आपको (मीडियाकर्मियों को) लगता है कि अडानी अपने खिलाफ लगे आरोपों को स्वीकार करेंगे? आप किस दुनिया में रह रहे हैं? निश्चित तौर पर वह इनकार करेंगे। जैसा कि हमने पहले कहा है, उनको गिरफ्तार किया जाना चाहिए। छोटे-छोटे मामले में सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अडानी को बचा रही है।

# पद पर बने रहेंगे तीनों आउटसोर्स जूनियर ऑफिस असिस्टेंट: हाईकोर्ट

## सेवाओं की समाप्ति पर लगाई रोक, अगली सुनवाई 12 दिसंबर को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** हाईकोर्ट में बुधवार को कौशल विकास निगम में तैनात तीन आउटसोर्स जूनियर ऑफिस असिस्टेंट की सेवाएं समाप्त करने के फैसले को लेकर सुनवाई हुई।




न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की बेंच ने इन तीनों आउटसोर्स जूनियर ऑफिस असिस्टेंट को राहत दी है। निगम ने 30 नवंबर तक इनकी सेवाएं समाप्त करने का फैसला लिया था, लेकिन अब तीनों अगली सुनवाई तक अपने पद पर बने रहेंगे। तीनों ने कौशल विकास निगम के 14 नवंबर के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने अगली सुनवाई को राज्य सरकार और सभी प्रतिवादियों को जवाब देने के आदेश दिए हैं। अब 12 दिसंबर को सुनवाई होगी। याचिकाकर्ताओं के एडवोकेट ने कोर्ट को राज्य सरकार के 26 अक्तूबर के आदेश के बारे में अवगत कराया। इसके तहत कौशल विकास निगम ने प्रोजेक्ट को 30 जून, 2025 तक बढ़ाया है।

**कौशल विकास निगम ने लिया था 30 नवंबर तक सेवाएं समाप्त करने का फैसला**

कर्मचारियों की नियुक्तियां वर्ष 2017 में की गई थी। सरकार की ओर से स्वीकृत पदों पर कौशल विकास निगम ने नेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट के माध्यम से आउटसोर्स आधार पर तैनाती दी थी। निगम ने इससे पहले तीनों आउटसोर्स जूनियर ऑफिस असिस्टेंट का कार्यकाल समय-समय पर बढ़ाया है। याचिकाकर्ताओं ने सेवाओं को बढ़ाने की अपील की।

# वल्गर कंटेंट रोकने के लिए बने सख्त कानून : अश्विनी

एजेंसी, नई दिल्ली



**केंद्रीय** सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया पर वल्गर कंटेंट की रोकथाम के लिए सख्त कानून बनाया जाए। जिन देशों से ऐसे कंटेंट आते हैं, उनकी संस्कृति हमसे काफी अलग है। वल्गर कंटेंट की रोकथाम के लिए पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी को इस विषय पर ध्यान देने और कानून को सख्त करने की जरूरत है।

वैष्णव ने संसद में लोकसभा सांसद अरुण गोविल के सवाल का जवाब दिया। गोविल ने सोशल मीडिया पर वल्गर कंटेंट से युवाओं पर पड़ रहे असर और इसकी रोकथाम के लिए सरकार की जिम्मेदारी पर सवाल उठाए थे। गोविल ने सदन में पूछा कि वल्गर कंटेंट को रोकने के लिए मौजूदा तंत्र क्या है और क्या सरकार इन कानूनों को और सख्त करने का प्रस्ताव कर रही है? वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया के युग में एडिटोरियल चेक होना समाप्त हो गया है। पहले प्रेस से जो कुछ भी छपता था, उसे चेक किया जाता था कि यह सही है या गलत और फिर उसे मीडिया में लाया जाता था। वैष्णव ने कहा कि मौजूदा कानून को और सख्त करने की आवश्यकता है।

# भाजपा का सीएम हमें मंजूर पद की लालसा नहीं : शिंदे

एजेंसी, मुंबई

**महाराष्ट्र** का अगला सीएम भाजपा का हो सकता है। बुधवार को ठाणे में कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा का सीएम हमें मंजूर है। मुझे पद की लालसा नहीं। शिंदे ने कहा कि मंगलवार को पीएम मोदी को फोन किया था हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है, मन में कोई अड़चन न लाएं। हम सब एनडीए का हिस्सा हैं। भाजपा की बैठक में जो फैसला लिया जाएगा, हमें मंजूर होगा।



### देवेंद्र फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना तय

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, देवेंद्र फडणवीस का महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनना तय है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने इस पर मुहर लगा दी है। अगले दो दिन में भाजपा की केंद्रीय पर्यवेक्षक टीम मुंबई जाएगी, जिसमें देवेंद्र फडणवीस को नेता चुनने की औपचारिकता पूरी की जाएगी। एनसीपी की ओर से देवेंद्र फडणवीस को सीएम पद के लिए समर्थन देने के बाद एकनाथ शिंदे के तेवर कुछ नरम पड़ गए हैं।

### जेपी नड्डा ने भाजपा संगठन चुनाव के लिए नियुक्त किए पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के संगठन चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। पार्टी ने महासचिव सुनील बंसल को पश्चिम बंगाल और विनोद तावड़े को बिहार और यूपी का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।



श्रीकांत शर्मा उत्तराखंड चुनाव पर्यवेक्षक व सुनील बंसल को पश्चिम बंगाल, असम, झारखंड और हरियाणा का पर्यवेक्षक बनाया है। तरुण चुग को केरल और राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़ और गुजरात का पर्यवेक्षक राधा मोहन दास को बनाया गया है।

## ईपीएफओ ऑफिस बद्दी, चंडीगढ़ समेत सात जगह सीबीआई छापे

# 10 लाख रिश्वत के साथ रीजनल पीएफ कमिश्नर सहित 3 गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, बीबीएन

**सीबीआई** ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफओ) कार्यालय बद्दी में भ्रष्टाचार मामले में बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने बद्दी में क्षेत्रीय भविष्य निधि (ईपीएफओ) आयुक्त, प्रवर्तन अधिकारी तथा एक सलाहकार (निजी व्यक्ति) को 10 लाख रुपए की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया है। इसमें से पांच लाख रुपए नकद और पांच लाख रुपए सेल्फ चेक शामिल है। बद्दी ऑफिस से रिकॉर्ड को भी कब्जे में लिया है। आरोपियों की पहचान ईपीएफओ कमीशनर रवि अनंत, ईओ मदन भट्टी और संजय कुमार के रूप में हुई है। सीबीआई ने इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने परवाणू के एक फार्मा उद्योग के मालिक की शिकायत पर जाल बिछाया और गिरफ्तारियां की।



**चंडीगढ़ से 23.5 लाख की नकदी बरामद**

आरोप था कि उन्होंने कंपनी के 40 से 45 लाख रुपए के लेनदेन को खत्म करने की एवज में रिश्वत की मांग की थी। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। आरोपियों को 30 नवंबर तक रिमांड पर लिया है।

वहीं, सीबीआई ने बद्दी-शिमला एवं चंडीगढ़ में सात स्थानों पर आरोपियों के आवासीय एवं परिसरों में भी छापेमारी की है। चंडीगढ़ में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के परिसर से 23.5 लाख की नकदी और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

### जम्मू के 4 जिलों के 56 ठिकानों पर पुलिस की रेड

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चार जिलों के 56 आतंकवादी ठिकानों पर रेड कर जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के कई संदिग्ध आतंकवादियों और ग्राउंड वर्कर्स को गिरफ्तार किया है। जम्मू रीजन के चार जिलों में हुई छापेमारी में पुलिस को कई हथियार, कैश, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और दस्तावेज बरामद हुए हैं। इंटेलिजेंस के आधार पर पुलिस ने राजौरी जिले में घरों सहित 9 इलाकों की कई लोकेशन पर छापे मारे। इसके अलावा, दो दिन में पुंछ की 12, उधमपुर की 25 और रियासी की 10 लोकेशन पर पुलिस ने रेड की। जम्मू जोन के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस आनंद जैन ने कहा कि इलाके में शांति बनाए रखने के लिए ऐसे ऑपरेशन चलाए जाएंगे।

# आरक्षण के लिए धर्म परिवर्तन संविधान से धोखा: सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट बोला- क्रिश्चियन धर्म अपनाया, नौकरी के लिए हिंदू होने का दावा सही नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि बिना किसी वास्तविक आस्था के केवल आरक्षण का लाभ पाने के लिए किया गया धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखाधड़ी है।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति आर. महादेवन ने सी. सेल्वरानी की याचिका पर यह फैसला सुनाया और मद्रास उच्च न्यायालय के 24 जनवरी के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें ईसाई धर्म अपना चुकी एक महिला को अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र देने से इनकार कर दिया गया था। महिला ने बाद में आरक्षण के तहत रोजगार का लाभ प्राप्त करने के लिए हिंदू होने का दावा किया था। न्यायमूर्ति महादेवन ने पीठ के लिए 21 पृष्ठ का फैसला लिखा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म को तभी अपनाता है, जब वह वास्तव में उसके सिद्धांतों, धर्म और आध्यात्मिक विचारों से प्रेरित होता है। कोर्ट ने कहा कि अगर धर्म परिवर्तन का मुख्य मकसद दूसरे धर्म में वास्तविक आस्था होने के बजाए आरक्षण का लाभ प्राप्त करना है तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसी गलत मंशा रखने वाले लोगों को आरक्षण का लाभ देने से आरक्षण नीति के सामाजिक लोकाचार को ही क्षति पहुंचेगी।



**अडानी ग्रुप का बयान**

### अडानी और भतीजे सागर पर रिश्वत का कोई आरोप नहीं

**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और वरिष्ठ अधिकारी विनीत जैन पर अमेरिकी डीओजे की ओर से कोई रिश्वतखोरी का आरोप नहीं है। यह जानकारी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने स्टॉक एक्सचेंज में जमा की गई ताजा रिपोर्ट में दी है। एजीईएल ने दावा किया कि अडानी अधिकारियों पर रिश्वत या भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाली सभी खबरें 'गलत' हैं। तीनों पर अमेरिकी न्याय विभाग के आरोपपत्र में एफसीपीए के किसी भी उल्लंघन का आरोप नहीं लगाया है।

### तपोवन में 18 से 21 दिसंबर तक चलेगा शीतकालीन सत्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 से 21 दिसंबर तक धर्मशाला स्थित तपोवन में होगा।

इस सत्र में कुल 4 बैठकें आयोजित की जाएंगी और यह वर्तमान सरकार का सप्तम सत्र होगा। स्वदेश लौटते ही विधानसभा अध्यक्ष ने सरकार के सत्र आयोजन के प्रस्ताव को स्वीकारते हुए माननीय राज्यपाल की संस्तुति के लिए राजभवन को भेज दिया है और जल्द अधिसूचना जारी की जाएगी। पठानिया ने कहा कि तपोवन में सत्र आयोजन की व्यवस्था के लिए जिला कांगड़ा प्रशासन को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। जल्द व्यवस्था का जायजा लेने के लिए स्वयं धर्मशाला का दौरा करेंगे।






**समझौता** लेबनान में होगी शांति, लोग लौटने लगे घर, इसराइल बोला- समझौते का पालन न होने पर होगा हमला

# इसराइल और हिज्बुल्लाह में 60 दिन का युद्ध विराम

एजेंसी, यरुशलम

**इसराइल** और हिज्बुल्लाह के बीच 60 दिन के युद्ध विराम पर सहमति बनी। इसराइल ने कहा कि अगर हिज्बुल्लाह समझौते का पालन नहीं करता तो वह उस पर हमला करेगा।

इसराइली और लेबनानी सेना की चेतावनी के बावजूद क्षेत्र के लोग अपने सामान के साथ दक्षिणी लेबनान की ओर कार से वापस लौट रहे हैं। इसराइल और लेबनान की सेना ने क्षेत्र के निवासियों को अभी दक्षिणी लेबनान के कुछ क्षेत्रों में नहीं लौटने की चेतावनी दी थी। अगर यह संघर्ष विराम कायम रहा तो इससे इसराइल एवं हिज्बुल्लाह के बीच 14 महीने से जारी लड़ाई समाप्त हो जाएगी। हिज्बुल्लाह के खिलाफ इसराइल की कार्रवाई ने सितंबर के मध्य में युद्ध का रूप ले लिया और चरमपंथी संगठन के संरक्षक ने ईरान और इसराइल को व्यापक संघर्ष में घसीटने की धमकी दी। लड़ाई के कारण विस्थापित हुए 12 लाख लेबनानी लोगों और लेबनान की सीमा पर अपने घरों से पलायन करने वाले हजारों इसराइलियों को यह संघर्ष विराम राहत दे सकता है।



### समझौता क्षेत्रीय स्थिरता की दिशा में एक 'मौलिक कदम' : लेबनानी पीएम

**बेरूत।** लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ बातचीत के दौरान इसरायल और हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष विराम समझौते का स्वागत किया। पीएम मिकाती ने 'एक्स' पर कई पोस्ट किए। इनमें प्रस्ताव को लेबनान में शांति और स्थिरता बहाल करने, विस्थापित लोगों को उनके कस्बों, शहरों में लौटने में सक्षम बनाने की दिशा में एक मौलिक कदम बताया गया। प्रधानमंत्री ने अमेरिका और फ्रांस को उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया और दक्षिण में सेना की मौजूदगी को मजबूत करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### सीजफायर का भारत ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** इसराइल और हिज्बुल्लाह के बीच युद्धविराम पर बात बन गई है। पिछले कई महीनों के भीषण युद्ध के बाद दोनों देशों की सहमति से ये फैसला हुआ है। इसराइल और लेबनान के बीच सीजफायर के फैसले का भारत ने स्वागत किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम इसराइल और लेबनान के बीच घोषित युद्ध विराम का स्वागत करते हैं। हमने हमेशा तनाव कम करने, संयम बरतने और बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया है। उम्मीद है कि शांति और स्थिरता आएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों ने किया मुंबई व गोवा का शैक्षिक भ्रमण



**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने 7 से 18 नवंबर तक मुंबई, गोवा और शिरडी का शैक्षिक दौरा किया। इस दौरे के समन्वयक सहायक आचार्य डा. हरीश कुमार, शिवानी और पंकज जिन्टा रहे। यह शैक्षिक दौरा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विवेक कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### अनिल गोयल ने कांग्रेस के ऑब्जर्बर से की मुलाकात



**अनंत ज्ञान, शिमला।** एआईसीसी मीडिया कॉर्डिनेटर अनिल गोयल ने शिमला पहुंचे कांग्रेस के ऑब्जर्बर से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की। संगठन को किस तरह से मजबूत किया जाए इसको लेकर भी अनिल गोयल ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव, सचिव इंचार्ज चेतन चौहान और विदित से संगठन की मजबूती को लेकर गहन चर्चा की। अनिल गोयल ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए युवाओं को ज्यादा मौका देना होगा, ताकि संगठन नई सोच के साथ चल सके। इसके अलावा सीनियर नेताओं का तजुर्बा भी ध्यान में रखना होगा। इस मिश्रण के साथ हिमाचल में कांग्रेस संगठन मजबूत होगा और आने वाले समय में कांग्रेस हिमाचल में बेहतर पार्टी बनकर सामने आएगी। गोयल ने कहा कि चेतन चौहान ओर विदित चौधरी के आने से कांग्रेस पहले से ज्यादा मजबूत होगी। दोनों नेताओं ने हिमाचल आकर यहां के नेताओं से अलग-अलग बातचीत की है।

### धामी में आर्ट्स फैकल्टी ने जीता खो-खो मुकाबला

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित 16 मिल में इंटर फैकल्टी खो-खो पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण जैरेट बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।



इस प्रतियोगिता में कॉमर्स और आर्ट्स फैकल्टी के बीच मैच खेला गया। खो-खो के रोमांचक मुकाबले में आर्ट्स फैकल्टी प्रथम स्थान पर रही। जबकि वाणिज्य फैकल्टी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक डॉक्टर रमेश चौहान तथा अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### भवन का लोकार्पण करने पर जताया सीएम का आभार




**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी के नवनिर्मित भव्य भवन के लोकर्पण तथा इस कॉलेज में अगले शैक्षणिक सत्र से बीएड की कक्षाएं आरंभ करने के लिए प्राचार्य डॉ. दीपशिखा भारद्वाज, स्टाफ के अन्य सदस्यों में डॉ. सुभाष कपटा, अजय कुमार, अमृत सिंह मेहता, इंद्रप्रकाश नेगी, डॉ. देवेन्द्र शर्मा, डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. सुरेश, प्रो. हरिंद्र ठाकुर, बॉबीजा शर्मा, प्रेम शर्मा, नरेश कुमार, यमुना दत्त शर्मा, गीता देवी, नरेंद्र ठाकुर सहित सभी प्राध्यापक और गैर शिक्षक स्टाफ ने सीएम सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री राणा अनिरूद्ध सिंह और निदेशक उच्च शिक्षा का आभार व्यक्त किया है।

### बिलासपुर कॉलेज का 6 स्कूलों के साथ एमओयू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर ने जिला बिलासपुर के 6 सरकारी स्कूलों के साथ एमओयू साइन किया। जिनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कोठीपुरा ,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कंदरौर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रघुनाथपुरा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चांदपुर ,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बॉयज स्कूल बिलासपुर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक गर्ल्स स्कूल बिलासपुर है। एम ओ यू साइन में इन छः विद्यालयों के प्रिंसिपल शशिपाल चौहान चांदपुर, प्रिंसिपल निर्मला ठाकुर कोठीपुरा, प्रिंसिपल अशोक कुमार रघुनाथपुरा, प्रिंसिपल सुनिता शांडिल कंदरौर, प्रिंसिपल श्यामलाल ब्वाय स्कूल बिलासपुर, प्रिंसिपल प्रिया पोसवाल गर्ल्स स्कूल बिलासपुर और राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने भाग लिया। एमओयू में कहा गया है कि इन विद्यालयों के छात्रों और कर्मचारियों के साथ मानव और संरचनात्मक संसाधनों तथा सुविधाओं को महाविद्यालय साझा करेगा। विद्यालयों के विद्यार्थियों को उनके करियर को आकार देने और उनके करियर को परामर्श तथा मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए महाविद्यालय अपना सहयोग देगा ताकि इन स्कूलों का विकास योजनाबद्ध तरीके से हो सके।

### नशे के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली




**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के एनसीसी कैडेट्स ने मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली रैली का आयोजन किया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर नस्वाल और पट्टा तक निकाली गई। कैडेट्स ने रैली के दौरान उत्साहपूर्वक नारे लगाए, जैसे छोड़ो-छोड़ो, नशा छोड़ो और जो करेगा नशा, उसकी होगी दुर्दशा, जो लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संदेश दे रहे थे। रैली के समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राकेश राणा और एनसीसी प्रभारी प्रो. राजीव शर्मा ने छात्रों को समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशा मुक्त समाज बनाने के लिए पहल करनी चाहिए। रैली के बाद कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में 5 मिनट की स्वच्छता गतिविधि में भाग लिया, जिसमें उन्होंने एकल उपयोग प्लास्टिक एकत्र किया। इस पहल ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

### मंडी भराड़ी के समीप पकड़ा 15 फुट लंबा अजगर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बुधवार को बिलासपुर जिला के मंडी भराड़ी के समीप



एक निजी होटल के साथ 15 से 20 फुट लंबा अजगर पकड़ा गया है। यह अजगर काफी समय से इस क्षेत्र में देखा जा रहा था, इसकी जानकारी स्थानीय होटल के मालिक वन विभाग को दे रखी थी। ऐसे में बुधवार दोपहर के समय यह अजगर होटल के समीप देखा गया। ऐसे में तुरंत इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से इस अजगर को पकड़ा। बता दें कि काफी समय से इस क्षेत्र में अजगर को देखा जा रहा था, जिस कारण स्थानीय लोगों में काफी भय का माहौल बना हुआ था। वन विभाग की टीम में शामिल बीओ तरुण, बीट फॉरेस्ट गार्ड अजय सोनी, फॉरेस्ट गार्ड मंजीत, फॉरेस्ट वर्कर प्रवीण व स्थानीय लोगों द्वारा इसको पकड़ा गया।

---

उपायुक्त शिमला ने बैंकों की त्रैमासिक जिला स्तरीय समीक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता, कहा-

# लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं बैंक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अग्रणी बैंकों की त्रैमासिक जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में बचत भवन में आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि बैंकों में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभ देने का प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि बैंक के माध्यम से गरीब व्यक्ति को सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक करने पर जोर दिया जाये। आत्मनिर्भर व स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाले लोगों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि बैंकों की ओर से वित्तीय साक्षरता शिविरों को आयोजन ऐसे दिनों में हो जिससे अधिक से अधिक स्थानीय लोग उन शिविरों में पहुंच सके। उपायुक्त ने कहा कि बैंकिग प्रणाली में संवाद को और मजबूत करने की आवश्यकता है। अगर लोगों के साथ बेहतर संवाद होगा तभी लोगों का विश्वास अर्जित करके उन्हें सही योजना का लाभार्थी बना पाएंगे। बैंक एक जुट होकर



लोगों की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कार्य करें। बैठक में बैंकों की ओर से लाभार्थियों की सफलता से सम्बंधित लघु विडियो भी दिखाए गए। बैठक में विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 30 सितंबर 2024 तक 2 लाख 8 हजार 65 खाता धारक हैं जिनमें जीरो बैलेंस के साथ 22 हजार 521 खाता धारक शामिल हैं। इस योजना के तहत 191 करोड़ 31 लाख रुपए जमा है। 1 लाख 45 हजार 36 खाता धारकों को रुपए कार्ड जारी किए जा चुके है और इसके साथ 98 हजार 994 रुपए कार्ड एक्टिवेट हो चुके है। उक्त योजना के तहत 01 लाख 77 हजार 908 खातों को आधार से जोड़ा जा चुका है।

कृषि क्षेत्र में बैंकों ने निर्धारित लक्ष्य का 26.57 फीसदी और एमएसएमई में 53.28 फीसदी हासिल किया है। बैंकों के प्रायोरिटी सेक्टर में 29.84 फीसदी, नॉन प्रायोरिटी सेक्टर में 172.85 फीसदी और ओवर ऑल अचीवमेंट में 44.60 फीसदी लक्ष्य हासिल किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 29 लाभार्थी है और किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 8921 लाभार्थी है। पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि के तहत 60 लाभार्थियों को 16 लाख 20 हजार रुपए दिए जा चुके है। बैंकों की क्रेडिट डिपाजिट दर 43.27 फीसदी से गिरकर 41.42 फीसदी हुई है। इस दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक भीमा दत्ता ने पिछली तिमाही की बैठक की करवाई रिपोर्ट रखी। बैठक में सभी बैंकों प्रतिनिधि मौजूद रहे।

#### सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत परफॉर्मेंस

**प्रधानमंत्री** जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 1 लाख 37 हजार 272 लाभार्थियों का पंजीकरण किया जा चुका है, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 3 लाख 27 हजार 698 लाभार्थियों का पंजीकरण हुआ। अटल पेंशन योजना के तहत 67 हजार 690 लाभार्थियों का पंजीकरण हुआ है।

#### 467 लाभार्थी किए प्रशिक्षित

**ग्रामीण** आत्म स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, वित्तीय साक्षरता और क्रेडिट काउंसलिंग सेंटर के सहयोग से 467 को प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें सामान्य वर्ग से 262, एससी/एसटी के 202 और ओबीसी अल्पसंख्यक से 3 लाभार्थी शामिल है। इन 467 लाभार्थियों को मधु मक्खी पालन में 70, सामान्य एडीपी में 100, ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट में 34, फास्ट फूड स्टाल उद्यमी में 35, पापड़ आचार एंड मसाला पाउडर में 31, जूट प्रोडक्ट उद्यमी में 64, महिला ट्रेनर में 100 और कॉस्ट्यूम ज्वैलरी उद्यमी में 33 को ट्रेनिंग दी गई है।

## शिक्षा मंत्री ने पोर्टमोर स्कूल में नवाजी प्रतिभावान एवं मेधावी छात्राएं



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए छात्र व छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर में वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्राओं ने पहाड़ी नाटी डालकर दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। वहीं पंजाबी, गिद्दा सहित कई डांस किए। पारितोषिक वितरण समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल की प्रतिभावान एवं मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया और स्कूल द्वारा प्रकाशित सामरिक वाटिका 2024-25 का विमोचन भी किया।

शिक्षा मंत्री ने स्कूल को बधाई देते हुए कहा कि राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर उनके लिए एक विशेष स्थान रखता है. उन्होंने बताया कि उनके परिवार की कई महिलाएं इसी स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर चुकी हैं। उन्होंने स्कूल को मुकुट का गहना की संज्ञा देते हुए कहा कि पोर्टमोर स्कूल की गिनती प्रदेश के अग्रणी स्कूलों में की जाती है जोकि बड़े ही गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल से कई प्रतिभाएं निकली हैं जिन्होंने प्रदेश का नाम देश ही नहीं बल्कि विदेशों में चमकाया है और आज इस समारोह में बेटियों के प्रदर्शन को देखकर भारत की झलक देखने को मिली है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि आश्वासन दिया कि हॉस्टल की जमीन चयनित करवाने के लिए वह व्यक्तिगत प्रयास करेंगे ताकि छात्राओं को यह सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध हो सके। उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां के तहत नृत्य करने वाली छात्राओं को 50 हजार और गाना गाने वाली छात्राओं को 10 हजार रुपए अपनी ऐच्छिक निधि से देने की घोषणा की।

## गौतमी दक्षिण एशिया महिला उद्यमी कार्यशाला में लेंगी हिस्सा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

संयुक्त राष्ट्र कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट द्वारा दक्षिण एशिया की युवा महिला डिजिटल उद्यमियों के 'मास्टरक्लास' नामक सम्मेलन में भाग लेने के लिए शिमला की युवा सामाजिक उद्यमी गौतमी श्रीवास्तव का चयन हुआ है। भारत के अलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका आदि देशों की कुल 25 युवा उद्यमी 'मास्टरक्लास' नामक इस चार दिवसीय प्रतिष्ठित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। सम्मेलन दिल्ली में 2 से 5 दिसंबर तक होगा।



संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के अपनी तरह के इस पहले कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ युवा उद्यमियों के साथ डिजिटल बिजनेस की नई तकनीक और बारीकियां साझा करेंगे। उनका उद्देश्य हिमालय क्षेत्र के ग्रामीण समुदायों, विशेष कर महिलाओं का सशक्तिकरण करके उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

गौतमी और सिद्धार्थ लखनपाल ग्रामीण समुदायों के बिजनेस को डिजिटल मार्केटिंग के जरिए विस्तार देने के लिए उनका प्रशिक्षण भी करते हैं। वे प्रदेश के कृषि विभाग और नाबार्ड के साथ भी काम करते हैं। उनसे प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अनेक स्वयं सहायता समूह नई विकसित की गई पैकेजिंग अपने उत्पादों को ऑनलाइन बेचने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

## अब ऑनलाइन कटेगा बिजली का कनेक्शन

**शिमला।** शिमला शहर में सभी के घरों में अब स्मार्ट मीटर लग चुके हैं और बड़ी बात यह है कि अगर किसी ने बिल जमा नहीं किया तो ऑनलाइन ही बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। शहर में ऐसे लोगों के खिलाफ अब बिजली बोर्ड विशेष अभियान चलाने जा रहा है, जिसने 250 लोगों की सूची तैयार की है, जिनका बिजली बिल एक महीने से जमा नहीं हुआ है।

अब इनका बिजली कनेक्शन काटने के लिए घर पर कर्मचारी नहीं आएगा, बल्कि ऑनलाइन ही इसको काट दिया जाएगा। शहर में बिजली बोर्ड ने कमांड सेंटर बनाया है, जिसमें से किसी भी बिजली कनेक्शन को काटने के लिए आसानी से कमांड दी जा सकती है। कमांड देकर वहीं से कनेक्शन कट जाएगा।

## छात्रों ने दिया अनेकता में एकता का संदेश

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक चूल टेलर में वार्षिक पारितोषिक वितरण एवं सालाना जलसा धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी चौपाल विनीत ठाकुर ने मुख्यातिथि तथा ग्राम पंचायत किरण की प्रधान कविता भांटा एवं ग्राम पंचायत टेलर की प्रधान कमला चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रही।

विद्यालय के प्रधानाचार्य कपिल मोहन ठाकुर ने सबसे पहले मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथियों, अन्य गणमान्य लोगों और सभी अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय पिछड़ी पंचायत में आता है तथा यहां पर जरूरी संसाधनों की काफी कमी है। खंड विकास अधिकारी चौपाल ने कहा कि यह सचमुच में ही चिंता का विषय है। उन्होंने भरोसा दिया कि विद्यालय को जल्द ही शौचालय और विद्यालय भवन के लिए संपर्क मार्ग मुहैया करवाने का प्रयास किया जाएगा।

मुख्यातिथि खंड विकास अधिकारी चौपाल विनीत ठाकुर ने बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि इस समय हिमाचल नशे के दलदल में फंस रहा है, इसलिए युवाओं को इस बुराई से बचना होगा।

## शिक्षा मंत्री 29 को होंगे फरोग और रतनाड़ी के प्रवास पर

**कोटखाई, भरत ठाकुर।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 29 नवंबर, 2024 को जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पुजारली नंबर 3 के फरोग और रतनाड़ी के प्रवास पर रहेंगे। ये जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी।



उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 29 नवंबर को सुबह 9:30 बजे ग्राम पंचायत पुजारली नंबर 3 के महासू देवता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद, वह दोपहर 12 बजे रतनाड़ी में थोड प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## नगर सुधार समिति सरकारी आवास के दुरुपयोग पर तल्ख

### प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नगर सुधार समिति बिलासपुर ने शहर के वीआईपी चंगर सेक्टर में एक सरकारी आवास के दुरुपयोग को लेकर प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। संस्था का कहना है कि उक्त सरकारी आवास सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर की पत्नी के नाम पर आवंटित हुआ है, जो स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। पूर्व विधायक ने इसे न केवल अपना राजनीतिक कार्यालय बना रखा है, बल्कि वह इसे वेयर हाउस के रूप में अपनी ठेकेदारी का सामान रखने के लिए भी प्रयोग कर रहे हैं। इस आवास के पास ही कई प्रशासनिक



अधिकारियों के आवास भी हैं, लेकिन इस अतिक्रमण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उक्त आवास का आवंटन रद्द करने की मांग को लेकर बुधवार को समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक को ज्ञापन सौंपा।

नगर सुधार समिति के नुमाइंदों ने कहा कि कई कर्मचारियों को पात्र होने तथा कई बार आवेदन करने के बावजूद सरकारी आवास नहीं मिल पा रहे हैं। इसके विपरीत प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने की धौंस दिखाकर पूर्व विधायक एक सरकारी आवास पर अवैध कब्जा करने के साथ ही इन आवासों के आवंटन के लिए निर्धारित शर्तों और मापदंडों की सरेआज धज्जियां उड़ा रहे हैं। महज 388 रुपए मासिक किराये वाले इस सरकारी आवास और इसके आसपास की भूमि को उन्होंने विधायक रहते हुए लोक निर्माण विभाग के माध्यम से सरकारी पैसा खर्च करके अपना राजनीतिक कार्यालय बनाकर रखा था। अभी भी वह इस आवास को अपने राजनीतिक कार्यालय तथा ठेकेदारी का सामान रखने के लिए इसे वेयर हाउस, स्टोर व वर्कशॉप के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। वहां पर जेसीबी के टायर, बोरवेल मशीन या इसमें डाली जानी वाली पाइपें तथा जेसीबी मशीनरी और डंपर आदि पड़े हुए हैं। उन्होंने सरकारी आवास को तुरंत प्रभाव से रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि ऐसा न होने पर वे आगामी 11 दिसंबर को बिलासपुर आ रहे मुख्यमंत्री के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे।

## चेतना संस्था करवाएगी जिला स्तरीय कहलूर वॉलीबाल स्पर्धा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

युवाओं को नशे से बचाने के लिए प्रयासरत चेतना संस्था ने अब जिला स्तरीय कहलूर वॉलीबाल प्रतियोगिता करवाने का निर्णय लिया है। इसके तहत पहले चरण में जिला के चारों खंडों में खंड स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता कराई जाएगी और उसके बाद 16 फरवरी को जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी। परिधि गृह बिलासपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में समाज सेवी हरीश नड्डा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन चेतना संस्था द्वारा अडानी फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। इससे पहले चेतना संस्था ने युआओं को स्पोर्ट्स किट वितरित की थी तथा पंचायतों में जिम लगाए थे ताकि युवा खेलों से जुड़ सकें। उन्होंने बताया कि वॉलीबाल एक ऐसा खेल है जोकि ग्रामीण स्तर पर खेला जाता है। यह प्रतियोगिता ओपन होगी। 11 व 12 जनवरी को झंडूता खंड, 19 जनवरी व 2 फरवरी को श्री नयना देवी खंड, 25 व 26 जनवरी को घुमारवीं व 8 व 9 फरवरी को सदर खंड की प्रतियोगिता होगी। जबकि जिला स्तरीय प्रतियोगिता 16 फरवरी को आयोजित की जाएगी। हालांकि अभी तक खेलों के स्थान निर्धारित नहीं किए गए हैं। खंड स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को 21 हजार, उपविजेता को 11 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 5100 रुपए की नकद इनामी राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय विजेता टीम को 51 हजार, उपविजेता को 31 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 11 हजार रुपए इनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए एक दिसंबर से 20 दिसंबर तक पंजीकरण किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए खंड स्तर व जिला स्तर पर प्रबंधन समिति गठित की जाएगी।

## चरस के साथ पकड़े आरोपी पांच दिन के पुलिस रिमांड पर

**बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस द्वारा गत दिवस 6.805 किलोग्राम चरस रखने के आरोप में पकड़े गए आरोपियों को बुधवार को न्यायालस में पेश किया गया। जहां पर अदालत ने आरोपियों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया

अनंत ज्ञान फॉलोअप

है। गौरतलब है कि गत मंगलवार को बिलासपुर पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने कीरतपुर-नेरचौक पर मल्यावर के पास नेपाली मूल के एक व्यक्ति व दो महिलाओं से नाके बंदी के दौरान 6.805 किलो ग्राम चरस बरामद किया था। पुलिस द्वारा आरोपियों से की गई कड़ी पूछताछ से पता चला है कि आरोपियों द्वारा बंजार कुल्लू से दिल्ली तक यह चरस पहुंचानी था। तथा वहां पर किसी और के हवाले किया जाना था। पुलिस द्वारा आरोपियों से अभी तक इस बात को लेकर पूछताछ की जा रही है। बहरहाल पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों के मोबाइल फोन की काल डिटेल खंगाली जा रही है। उधर, डीएसपी जिला मुख्यालय एवं पुलिस प्रवक्ता मदन धीमान ने कहा कि आरोपियों को बुधवार को न्यायालस में पेश किया गया। जहां पर अदालत ने आरोपियों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

## गृह रक्षक स्वयंसेवक चालकों के भरे जाएंगे 6 पद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** आदेशक गृह रक्षा पांचवीं वाहिनी कुशल चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि गृह रक्षा पांचवीं वाहिनी बिलासपुर द्वारा गृह रक्षक स्वयंसेवक चालकों के छह रिक्त पदों को भरने के लिए अभ्यावेशन प्रक्रिया का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रक्रिया 17 दिसंबर से 20 दिसंबर तक पुलिस लाइन मैदान, लखनपुर जिला बिलासपुर में संपन्न होगी। भर्ती प्रक्रिया 17 दिसंबर को सुबह 8 बजे गठित बोर्ड द्वारा आरंभ की जाएगी। उन्होंने बताया कि गृह रक्षक स्वयंसेवक चालक पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 102 पास रखी गई है। सामान्य वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम ऊंचाई 5 फुट 5 इंच और छाती 31-32 इंच निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम ऊंचाई 5 फुट 2 इंच निर्धारित है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को ऊंचाई और छाती के मापदंड में छूट प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि आयु सीमा 1 जनवरी, 2024 के अनुसार न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 50 वर्ष निर्धारित की गई है। उम्मीदवार जिला बिलासपुर हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए।

## बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए बनाए नए नियम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि भारत सरकार ने दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए दत्तक ग्रहण विनियम 2022 लागू किए हैं। इन नियमों के तहत, दंपति, एकल महिला या पुरुष जो बच्चा गोद लेना चाहते हैं, वे अब यह प्रक्रिया आसानी से पूरी कर सकते हैं। दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया की शुरुआत सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी की वेबसाइट cara.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन से होती है। इसके अलावा, नजदीकी लोकमित्र केंद्र या जिला बाल संरक्षण इकाई में जाकर भी आवेदन किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में आधार कार्ड, पैन कार्ड, फोटो, विवाह प्रमाण पत्र, मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र और जन्म प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने होंगे। उपायुक्त ने बताया कि कुछ दिनों पहले बरमाणा के गुगा मंदिर के पास एक बच्चा मिला था, जिसे गोद लेने के लिए समाज के कई लोग आगे आए, लेकिन दत्तक ग्रहण अधिनियम और प्रक्रियाओं की सही जानकारी न होने के कारण उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस घटना के बाद समाज में दत्तक ग्रहण अधिनियम और प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याएं न हों और इच्छुक लोग दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा कर सकें।

भावी दत्तक माता-पिता शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक रूप से सक्षम होने चाहिए। उन्हें किसी गंभीर चिकित्सा समस्या का सामना नहीं करना चाहिए और उनके खिलाफ किसी आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने या बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन के आरोप नहीं होने चाहिए। विवाहित दंपति के लिए दोनों पति-पत्नी की सहमति आवश्यक है। एकल महिला किसी भी लिंग के बच्चे को गोद ले सकती है, जबकि एकल पुरुष केवल बालक को गोद ले सकता है। दत्तक माता-पिता और बच्चे के बीच न्यूनतम आयु का अंतर 25 वर्ष होना चाहिए। दत्तक माता-पिता की पात्रता उनकी आयु और बच्चे की आयु के आधार पर तय की जाती है। हालांकि, रिश्तेदारों या सौतेले माता-पिता द्वारा गोद लेने के मामलों में यह आयु सीमा लागू नहीं होती। जिन दंपतियों के पहले से दो या अधिक बच्चे हैं, उन्हें केवल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गोद लेने की अनुमति होगी।



## न्यूज ब्रीफ

### जेबीटी अध्यापकों की काउंसिलिंग 11 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जेबीटी अध्यापकों के स्पोर्ट्स कोटे से बैच आधार पर भरे जाने वाले 4 पदों के लिए काउंसिलिंग अब 11 दिसंबर को होगी। इससे पहले काउंसलिंग 29 नवंबर को होनी निश्चित हुई थी। यह जानकारी उपनिदेशक प्रारम्भिक, ऊना सोमलाल धीमान ने दी। उन्होंने बताया कि अभ्यार्थियों की सूची और बायोडाटा फॉर्म सहित अन्य संपूर्ण जानकारी कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अलावा अभ्यर्थियों को कॉल लेटर भी भेज दिए गए हैं।

### 4 पोस्ट कोड का फाइनल रिजल्ट घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य चयन आयोग हमीरपुर द्वारा बुधवार को चार विभिन्न पोस्ट कोड का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। राज्य चयन आयोग के सचिव डॉ विक्रम महाजन ने बताया कि पोस्ट कोड 1006 प्रिर्जवेशन असिस्टेंट के 3 पदों का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। प्रिर्जवेशन असिस्टेंट के 3 पदों के लिए 2113 आवेदन आए थे, इनमें से 1639 आवेदन स्वीकार किए गए थे। इन पदों की लिखित परीक्षा 4 दिसंबर 2022 को आयोजित की गई, जिसमें 513 उम्मीदवार उपस्थित रहे जबकि 1126 उम्मीदवार अनुपस्थित रहे। 100 अंकों की लिखित परीक्षा के बाद 10 उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया और कागजातों की जांच के लिए बुलाया गया। इनमें से रोल नंबर 100600268, 100601028, 100600368 के उम्मीदवारों को सफल घोषित किया गया है। इसके अलावा पोस्ट कोड 987 असिस्टेंट केमिस्ट के एक पद का भी फाइनल परिणाम घोषित कर दिया है। रोल नंबर 987000512 के उम्मीदवार का चयन इस पद पर कर लिया गया है। इसके अलावा पोस्ट कोड 968 हॉस्टल सुपरीटेंडेंट कम पीटीआई के एक पद का भी परिणाम घोषित कर दिया है। इस पद पर 968000015 रोल नंबर के उम्मीदवार का चयन कर लिया गया है। वहीं पोस्ट कोड 966 असिस्टेंट कंप्यूटर प्रोग्रामर के एक पद का भी परिणाम घोषित कर दिया है। इस पद पर रोल नंबर 966000354 के उम्मीदवार का चयन कर लिया गया है। संबंधित परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### ऑल्टो खाई में गिरी, दो युवकों की मौत

**दशमी रावत, रोहडू।** पुलिस थाना चिड़गांव के अंतर्गत टिक्करी शिलादेश सड़क मार्ग पर गड़सारी के समीप एक आल्टो कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमे सवार दो युवकों की मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक हादसा उस समय पेश आया जब ये दोनों युवक शाम के समय घर वापस जा रहे थे। इस दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर खाई मे जा समाई। पुलिस से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की पहचान थलातर निवासी शांता कुमार (35) पुत्र स्व. रतन चंद व रोशन नाथ (30) पुत्र सालपुर गांव थलातर डाकघर लडोट तहसील चिड़गांव जिला शिमला के रूप मे हुई है। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों व पुलिस की टीम खाई से शव ढूंढ कर सड़क तक लाई, जिसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संदासु पहुचाया गया। डीएसपी रोहडू रविंद्र नेगी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने हादसे को लेकर मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार कर ली है। दोनों शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

### होली लॉज को कोई डीसलॉज नहीं कर सकता : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम



ठाकुर के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि होली लॉज पर मां भीमा काली और प्रभु राम का आशीर्वाद है। होली लॉज को कोई मां का लाल डीसलॉज नहीं कर सकता। नेता विपक्ष जयराम ठाकुर काफी वरिष्ठ नेता हैं, ऐसे में उनको भी ऐसी बात नहीं कहनी चाहिए।विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। सरकार और जनता के बीच के संगठन ब्रिज का काम कर रहा है। संगठन जनता के मुद्दों को सरकार के सामने रखता है। संगठन और सरकार में पूरा तालमेल है।

### प्रोफेसर चौबे को प्रसार लीडर का सम्मान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के कृषि विज्ञान संस्थान के कृषि प्रसार शिक्षा विभाग में हाल ही के दिनों में राष्ट्रीय सेमिनार और पुराने छात्रों के मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालय में कार्यरत वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस सेमिनार में सौ से अधिक अनुसंधान पत्र पढ़े गए। इस राष्ट्रीय शोध सेमिनार में चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार चौबे को प्रसार लीडर के सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. चौबे कृषि विज्ञान संस्थान काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कृषि प्रसार शिक्षा विभाग के पूर्व छात्र भी रहे हैं। उन्होंने 29 साल तक हिमाचल प्रदेश के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्र में सराहनीय कार्य किया है। डॉ. चौबे ऊना कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यरत रहते हुए रोटरी क्लब द्वारा भी सम्मानित किया गया था। उन्होंने हिमाचल में किसानों तक उन्नत कृषि तकनीकी को पहुंचाने में सराहनीय कार्य किया था । वर्तमान समय में वे कृषकों व कृषि की समस्या व समाधान एवं लेखन का कार्य भी कर रहे हैं।



# चैरिटेबल अस्पताल भोटा के बाहर फिर चक्का जाम

## भाजपा विधायकों ने दिया लोगों का साथ, कांग्रेस विधायक ने दिया समस्या के हल का आश्वाशन

**विक्रम ढटवालिया, भोटा (हमीरपुर)**

राधा स्वामी चैरिटेबल अस्पताल, भोटा को बंद करने के फरमान के खिलाफ बुधवार को लोगों ने एक बार फिर जोरदार हंगामा किया। इस दौरान भाजपा विधायकों ने भी प्रदर्शनकारियों का साथ दिया। वहीं कांग्रेस के विधायक ने समस्या के हल का आश्वासन देकर मामला शांत करवाया।

हमीरपुर-शिमला नेशनल हाईवे पर सुबह ही इलाके के लोग बड़ी तादाद में भोटा पहुंचे और उन्होंने अस्पताल बंद करने के जिसमें महिलाएं भी शामिल थी।

प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे पर करीब 4 घंटे तक चक्का जाम किया। उन्होंने कहा कि जब तक अस्पताल को बंद करने की बात वापस नहीं ली जाती तब तक ऐसे ही प्रदर्शन होते रहेंगे।

उनकी मांग है कि इस अस्पताल को न ही तो शिफ्ट किया जाए और न बंद किया जाए। इस चैरिटेबल अस्पताल वालों की जो भी मांग है, उसे सरकार तुरंत पूरा करे ताकि लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं इस अस्पताल से मिलती रहें। याद रहे कि पिछले काफी समय से इस अस्पताल को तकनीकी कारणों से बंद करने की चर्चा हो रही है इसके आयोजक अस्पताल पर



जीएसटी न लगाए जाने की मांग कर रहे हैं और उनकी यह भी मांग है कि जितनी भूमि पर यहां अस्पताल की मौजूद है, उसे महाराज जगत सिंह रिलीफ सोसायटी के नाम किया जाए। यदि कोई कानूनी और तकनीकी समस्या आ रही हो तो सरकार उसका हल निकाले। इसी मांग पर दोपहर बाद तक धरना प्रदर्शन जारी रहा।

**एएसपी पहुंचे मौके पर।** दोपहर के समय हमीरपुर के एएसपी राजेश कुमार इस धरना प्रदर्शन से पैदा हुई स्थिति पर मौके पर पहुंचे हैं। लोगों को समझाने बुझाने का काम तो किया गया, लेकिन 3:30 बजे तक प्रदर्शनकारी बैठे रहे।

हालांकि शिमला से आने वाले ट्रैफिक को एक बायपास रोड़ के जरिए डाइवर्ट तो किया गया था, लेकिन भोटा बाजार में बड़े वाहनों की एंट्री हो जाने की वजह से मुकम्मल तौर पर ट्रैफिक दो घंटों तक जाम रहा।

जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवा दिया। इसके लिए बड़े वाहनों की एंट्री बंद करके छोटे वाहनों को भोटा बाजार से निकाला गया लेकिन जैसे ही प्रदर्शनकारी 3:30 बजे के आसपास उठ गए तो ट्रैफिक व्यवस्था ने सामान्य रूप धारण कर लिया। (अनंत ज्ञान)

### 10 दिनों से प्रदर्शन जारी

याद रहे पिछले 10 दिनों से इस अस्पताल को लेकर ऊहापोह का दौर जारी है। पहली तारीख से इसे मुकम्मल तौर पर बंद कर दिए जाने की चैरिटेबल अस्पताल प्रशासन ने बात कही है। विधायक सुरेश कुमार ने भी इसे मिलकर समस्या के हाल की बात कही है लेकिन अभी सरकार किसी आखिरी नतीजे पर नहीं पहुंची है।

**भाजपा नेता भी पहुंचे चैरिटेबल अस्पताल।** बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल, हमीरपुर के आशीष शर्मा और रणधीर शर्मा भी चैरिटेबल अस्पताल में प्रशासक बेलीराम से मिले।

## जनहित में अस्पताल का सुचारु संचालन सुनिश्चित करे सरकार: धूमल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि राधा स्वामी सत्संग ब्यास द्वारा स्थापित एवं संचालित भोटा चैरिटेबल हॉस्पिटल विगत कई वर्षों से इलाके के लोगों के लिए उपचार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल भोटा के आसपास के 15 किलोमीटर के दायरे के 952 गांव की तीन लाख से अधिक की आबादी को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा रहा है। इस अस्पताल में आम जनमानस को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं अति उत्तम माहौल में संस्थान प्रबंधन और चिकित्सा टीम द्वारा उपलब्ध लगातार करवाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले कुछ समय के पश्चात इस अस्पताल के संचालक को बंद किए जाने की खबरें कदापि जनहित में नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने प्रथम कार्यकाल में राधा स्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह जी से ऐसे संस्थान के लिए बात की थी। और उनकी कृपा से वर्ष 1999 में इस अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू हुआ। इस संस्थान का ऐसे बंद हो जाना चिंता का विषय है सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार के अकेले प्रयास प्राप्त नहीं है ऐसे में इस तरह के चैरिटेबल स्वास्थ्य संस्थान सरकार और जनता दोनों के लिए ही फायदेमंद है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सुझाव देते हुए कहा कि भोटा चैरिटेबल हॉस्पिटल के सुचारू संचालन के लिए सरकार को उचित व्यवस्था करनी चाहिए।



### पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा-भ्रष्टाचारी और अराजक तत्वों का कांग्रेस सरकार में बोलबाला

# सुक्खू सरकार अपने 2 वर्ष का कार्यकाल लड़खड़ाते, गिरते हुए पूरा कर रही : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान वर्तमान कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि सुक्खू सरकार अपने 2 वर्ष का कार्यकाल लड़खड़ाते, गिरते हुए पूरा कर रही है। पूरा प्रदेश हैरान और परेशान है कि इस 2 साल के कार्यकाल में सुक्खू सरकार ने प्रदेश को 20 साल पीछे धकेल दिया है। देश के इतिहास की यह अब तक की सबसे निकम्मी सरकार है।

जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में चल रहे चिंता के 6 विषय गिनाए जिसमें एक कंपनी के 64 करोड़ देने के बदले हिमाचल भवन को गिरवी रख दिया गया यह दुर्भाग्यपूर्ण है। वह कंपनी तो लिखित में सरकार के पक्ष में ब्याज राशि भी छोड़ने को तैयार थी पर सरकार सोई रही। यह सरकार की नाकामी है। अदानी के केस में हमारी सरकार के समय भी सिंगल बेच का फैसला हमारे विपरीत आया था। हमारी सरकार ने उसके खिलाफ डबल बेंच में रिवीजन याचिका डाली और बाद में सरकार के हक में वह फैसला आया।



शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तथा अन्य भाजपा नेता।

सरकार अपने सीपीएस को बचाने के लिए अभी तक 6 करोड़ का खर्च कर चुकी है और अब तो सुप्रीम कोर्ट में एक पेशी के 3 करोड़ रुपए दे रहे हैं। पर्यटन विभाग के 18 होटल बंद हो गए और हमने आप पर आरोप लगाया कि इनको बेचने की साजिश शुरू हो गई है, उप मुख्यमंत्री कुछ और कहते हैं लगता है आप तो आपके मंत्रिमंडल के साथ भी तालमेल समाप्त हो गया है। क्या इन होटल में केवल ऑक्युपेंसी ही एक मापदंड होता है, क्या होटलों में किसी अन्य कार्यों से इनकम नहीं होती क्या। ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायालय की आड़ में आप चोरी के रास्ते से इन होटल को बेचने का प्रयास कर रहे थे। कर्मचारियों के खिलाफ प्रदर्शन करने के उपरांत आप उनको नोटिस देते हैं और प्रिविलेज मोशन भी लाते हैं, मीडिया की आवाज को दबाने का प्रयास करते हैं। इस सरकार ने हिमाचल ऑन सेल के फट्टे लगा दिए हैं, यह हिमाचल ऑन सेल की शुरुआत है।आप खनन का विरोध करते रहे और खनन को संरक्षण अपने ही दिया और जिन लोगों की ई डी में गिरफ्तारियां हुई वह लोग भी सरकार के करीबी माने जाते हैं।

जयराम सरकार ने इस सरकार को फैसला पलटने वाली सरकार का खिताब दिया और ऐसे 10 फैसले भी गिनाए जिसमें टॉयलेट टैक्स, लगेज टैक्स, क्रेशर की अधिसूचना, वन मित्र इंटरव्यू, गेस्ट टीचर पॉलिसी का जिक्र किया। यह सरकार विकास विरोधी और झूठ बोलने वाली सरकार है। सुक्खू सरकार पर भ्रष्टाचारी और अराजकतत्वों का बोलबाला है।

## दो कश्मीरियों से बदसलूकी पर महिला के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश में हजारों कश्मीरी सालों से रोजगार के लिए आते हैं। प्रदेश की राजधानी शिमला तथा शीतकालीन राजधानी धर्मशाला जैसे बड़े शहरों के अलावा प्रदेश में इनकी काफी संख्या है, जो यहां रोजगार पाते है। इसी बीच कश्मीर के दो फेरीवालों से दुर्व्यवहार होने का मामला इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

वहीं दुर्व्यवहार करने की आरोपी महिला ने एक वीडियो जारी कर खेद भी व्यक्त किया है। हालांकि पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है। बताते चले कि दो कश्मीरियों से बदसलूकी और मुसलमानों का बहिष्कार करने की बात कहने वाली लंबागांव क्षेत्र की महिला के खिलाफ लंबागांव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

इसके बाद पुलिस ने बुधवार को मौके पर पहुंच इस मामले में पूछताछ की और साक्ष्य जुटाए। इस बीच आरोपित महिला ने माफी मांगी है। उसने कहा, कि उन्होंने जाने-अनजाने यह कह दिया था। वह घर अकेले रहते हैं, इसलिए डरते हैं, इस कारण कह दिया था। जो उन्होंने कहा, उसका उन्हें खेद है। इसके लिए वह माफी मांगती है।

बताते चलें कि पिछले दो दिन पहले से सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में महिला दो कश्मीरी फेरीवालों का गांव में आने पर विरोध करती है। वीडियो में दो महिलाएं नजर आ रही है। उनसे से एक महिला कश्मीरियों के साथ बहस करती नजर आ रही है।

वीडियो में महिला मुसलमानों के आर्थिक रूप से बहिष्कार की बात कह रही थी। वीडियों में महिला अपने आपको को पंचायत प्रतिनिधि बताती है। कहती हैं कि हिमाचल में तो सामान मत ही लाओ। ये हिंदुस्तान है बाबा। हालांकि अब महिला ने माफी मांगी है।



आरोपी महिला के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 और 196 के तहत मामला दर्ज कर दिया गया है। नियमों के तहत इस मामले पर कार्रवाई की जाएगी।
**-वीर बहादुर, एएसपी कांगड़ा**

# विदेश में रोजगार की राह में रोड़ा बने प्रदेश के प्रिंटेड ड्राइविंग लाइसेंस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश में रोजगार के सीमित साधनों के चलते हर साल हजारों युवा रोजगार की तलाश में विदेशों को पलायन करते हैं। वहीं प्रदेश के प्रिंटेड लाइसेंस फॉर्मेट के कारण वीजा अप्लाई करने, इंटरव्यू देने तथा ड्राइविंग टेस्ट देने वाले युवाओं को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

जानकारी के अनुसार इसके चलते बेरोजगार युवा विदेश जाने के लिए दूसरे राज्यों से डिजिटल लाइसेंस बनवाते हैं। हालांकि शिमला स्थित परिवहन निदेशालय के अधिकारी तक मानते हैं कि डिजिटल लाइसेंस बनने से युवाओं को राहत मिलेगी।

बताते चलें कि इंटरव्यू, ड्राइविंग टेस्ट तथा वीजा के कई मामलों में फॉरेन ऑथोरिटी न सिर्फ प्रिंटेड लाइसेंस को संदेह से देखती हैं बल्कि कई मामलों में रिजेक्ट तक कर दिया जाता है।

कर्नाटक, केरल तथा कुछ साल पहले राज्य बने छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में डिजिटल लाइसेंस की सुविधा है। यूरोप तथा खाड़ी देशों के अलावा कई देशों में नौकरी के लिए जाने वाले युवाओं को दिक्कत पेश आती है। ऐसे युवाओं को डिजिटल ड्राइविंग लाइसेंस को निरीक्षण के दौरान ऐप से देखे जाने के कारण अधिकारी लाइसेंस की स्थिति को तुरंत वेरिफाई कर सकते हैं। दूसरी तरफ प्रिंटेड लाइसेंस के साथ ऐसा नहीं है।

यूरोप के देश पोलैंड में रहने वाले मोहित गिल, आबुधाबी में रह रहे कर्ण, ग्रीस में जॉब करने वाले राजेंद्र सिंह तथा कुवैत में रह रहे रवींद्र सिंह उन हिमाचली युवाओं की अगुवाई करते हैं, जिन्होंने इस समस्या को झेला है। फास्ट वेरिफिकेशन के अलावा डिजिटल कार्ड को खोने या क्षतिग्रस्त होने का जोखिम भी नहीं रहता जबकि प्रिंटेड लाइसेंस में ये शंका हमेशा रहती है।

**डिजिटल लाइसेंस के लिए लड़ रहे राजवीर।** धर्मशाला के निवासी राजवीर ठाकुर रोमानिया तथा पोलैंड के लिए वीजा मिलने में रिजेक्शन का सामना कर चुके हैं। प्रिंटेड लाइसेंस को मान्य न करने के कारण वो दो साल से नौकरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

उनके अनुसार वो इस संदर्भ में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1100 समेत निदेशालय में भी कई बार संपर्क कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि ये अकेले उनकी नहीं बल्कि रोजगार की तलाश में देश छोड़ने वाले हजारों युवाओं की समस्या है।

**दूसरे राज्यों से करेंगे पत्राचार। निदेशक** उधर इस संदर्भ में जब शिमला स्थित परिवहन निदेशालय के निदेशक डीसी नेगी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि हिमाचल में अभी तक डिजिटल लाइसेंस बनाने का काम शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर कुछ राज्यों में ऐसे लाइसेंस बन रहे हैं तो उन राज्यों से पत्राचार कर प्रदेश में भी डिजिटल लाइसेंस बनाने की औपचारिकताओं को पूरा कर प्रक्रिया शुरू करवाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## कार्यकारिणी के गठन को लेकर बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पार्टी मुख्यालय राजीव भवन शिमला में पर्यवेक्षकों के साथ सह प्रभारियों चेतन चौहान, विदित चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बैठक कर कार्यकारिणी के गठन को लेकर रणनीति बनाई। संसदीय क्षेत्र और जिला स्तर पर नियुक्त पर्यवेक्षक कार्यकर्ताओं की सूची तैयार करेंगे। पर्यवेक्षकों, सह प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्ष की सूचियों के आधार पर नई कार्यकारिणी का गठन होगा। तीन दिन तक पार्टी नेताओं से मुलाकात कर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और प्रदेश के सह प्रभारी चेतन चौहान और विदित चौधरी भी दिल्ली लौट गए हैं।

आगामी एक-दो दिन में दोनों नेता प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ल को अपनी रिपोर्ट देंगे। बुधवार को पार्टी मुख्यालय राजीव भवन शिमला में अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में 12 जिलों के चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ बैठक हुई। प्रतिभा सिंह ने सभी जिला पर्यवेक्षकों से पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिलने को कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी के कर्मठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की भावनाओं का पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। संगठन में वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ कर्मठ युवाओं, अग्रणी संगठनों के कार्यकर्ताओं और महिलाओं को पूरी तवज्जो दी जाए। इन सब लोगों के विचार सुने जाएं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव चेतन चौहान ने जिला पर्यवेक्षकों को अपना दायित्व सही ढंग से पूरा करने और इसकी पूरी रिपोर्ट जल्द देने को कहा। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षकों पर प्रदेश कांग्रेस की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी गई है, जिसे उन्हें पूरी निष्ठा से पूरा करना है।

**पर्यटन**

### आइलैंड टूरिज्म डेवलप करने वाला हिमाचल प्रदेश का पहला जिला बनेगा बिलासपुर


# ज्योरिपतन क्षेत्र में लें आइलैंड टूरिज्म का मजा, मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**शुभम राही, बिलासपुर**

अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह की तर्ज पर बिलासपुर जिला के ज्योरिपतन क्षेत्र में जिला प्रशासन आइलैंड टूरिज्म को विकसित करने जा रहा है, जिसके लिए प्रशासन कुछ दिनों के भीतर इसके टेंडर करने जा रहा है। सरकार की ओर से इसके लिए सैद्धांतिक मंजूरी आ गई है और अब प्रशासन इसके लिए टेंडर कॉल करने जा रहा है।

इस टेंडर कॉल के बाद यहां पर अस्थाई निर्माण करने की मंजूरी दी जाएगी। जिला के ज्योतिपतन क्षेत्र के एक टापु को प्रशासन ने चिन्हित किया है। इस स्थान पर होटल, रेस्तरां, प्री-वेडिंग शूट, डेस्टिनेशन मैरिज सहित एडवेंचर स्पोर्ट्स व पिकनिक का मुख्य केंद्र बनाया जाएगा।

अगर कोई भी पर्यटक या फिर स्थानीय लोग यहां पर शादी विवाह भी करना चाहता है तो यहां पर सब सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।




यहीं नहीं, प्रशासन का कहना है कि यहां पर जिस भी निर्माता कंपनी को टेंडर दिया जाएगा, उसको यहां पर अस्थाई तौर पर सभी प्रकार के निर्माण करने की मंजूरी मिलेगी।

पर्यटकों की सुरक्षा और उनको बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाना कंपनी की जिम्मेवारी होगी। अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह की तरह आइलैंड टूरिज्म को विकसित करने वाला बिलासपुर हिमाचल प्रदेश का पहला जिला बनेगा।

आपको बता दें कि बिलासपुर जिला इन दिनों वॉटर टूरिज्म को लेकर हिमाचल ही नहीं बल्कि, पंजाब, हरियाणा, उतराखंड व अन्य राज्यों तक प्रचलित हो चुका है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वयं इस टूरिज्म की तारीफ प्रत्येक जिला और कैबिनेट बैठक में भी कर चुके हैं। साथ ही सभी जिलों के उपायुक्त को इस तरह से टूरिज्म को विकसित करने की बात भी कहीं हैं। वहीं, बिलासपुर जिला को पहचान दिलाने के लिए उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक की मुख्य भूमिका रही हैं।

ज्योरीपतन क्षेत्र में ईको-फ्रेंडली कैम्पिंग साइट्स विकसित की जाएंगी, जहां पर्यटक रात में बोनफायर और स्थानीय संगीत का आनंद ले सकेंगे। इसके अलावा, झील के चारों ओर नेचर ट्रेल्स और हाइकिंग रूट्स बनाए जाएंगे।

स्थानीय संस्कृति और व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए फूड और कल्चरल फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही झील के कुछ हिस्सों में फिशिंग और एंग्लिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे पर्यटक शांत वातावरण में मछली पकड़ने का आनंद ले सकेंगे।

यह द्वीप प्री-वेडिंग शूट्स के लिए आदर्श स्थल साबित होगा, जहां कपल्स अपने खास पलों को कैमरे में कैद कर सकेंगे। द्वीप पर विशेष लंच और डिनर पार्टी का आयोजन भी किया जाएगा।

### इन टापुओं पर होटल रेस्तरां, प्रीवेडिंग शूट डेस्टिनेशन मैरिज के लिए होगा बेस्ट लोकेशन



ज्योतिपतन क्षेत्र को आइलैंड टूरिज्म के तहत विकसित किया जाएगा। कुछ दिनों के भीतर ही इसका टेंडर किया जा रहा है। इस टापू पर पूरी तरह से अस्थायी निर्माण किया जाएगा। ताकि यहां पर आने वाले पर्यटकों को प्रत्येक सुविधा मिल पाए। यहां पर होटल, रेस्तरां, प्री-वेडिंग शूट, डेस्टिनेशन मैरिज सहित एडवेंचर स्पोर्टस व पिकनिक इत्यादि की सभी सुविधा मिलेगी।
**-आबिद हुसैन सादिक डीसी बिलासपुर।**

## निर्माणाधीन कार्यों का नियमित रूप से निरीक्षण करें अधिकारी: डॉ. शांडिल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है तथा प्रदेश सरकार लोगों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ तथा किफायती स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने पर विशेष अधिमान दे रही है।

उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वास्थ्य संस्थानों को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में स्तरोन्नत किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक संस्थान में 6 विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था होगी।

इसके तहत अभी तक लगभग 49 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में 4 से 6 विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध करवाए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि आगामी समय में सभी संस्थानों को उपयुक्त संख्या में विशेषज्ञ चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ सहित अत्याधुनिक स्वास्थ्य अधोसंरचना से सुसज्जित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रदेश भर में चिकित्सा संस्थानों के निर्माण को समयबद्ध पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### कांडी टिक्कर में मनाया वार्षिक समारोह



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** तहसील निहरी के अंतर्गत राजकीय उच्च पाठशाला कांडी टिक्कर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में दिनेश सिंह ने अपनी धर्म पत्नी के साथ शिरकत की। दिनेश सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा में थे व भारत सरकार में सचिव के पद में रह चुके है। उनके साथ ग्राम पंचायत कांडी बाड़ी के प्रधान नेत्र सिंह,उप प्रधान गोविंद साथ लगती प्रेसी पंचायत के प्रधान ठाकुर दास शर्मा स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत बोधराज भी मौजूद रहे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेसी के शिक्षक वर्ग ने भी इस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। विद्यालय की मुख्याध्यापिका अनीता वर्मा विद्यालय के सभी स्टॉफ व सभी लोगों ने मुख्यातिथि, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेसी के शिक्षक वर्ग व अन्य सभी साथ में आए लोगों का जोरदार तरीके से स्वागत व अभिनंदन किया। मुख्यातिथि ने बच्चों को उनकी विशेष उपलब्धि के लिए सम्मानित किया।

### बनाल में मनाया महिला हिंसा उन्मूलन दिवस



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** हेल्थ सब-सेंटर बनाल में बुधवार को विश्व महिला हिंसा उन्मूलन दिवस स्वास्थ्य विभाग व बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया। इस दौरान बीएमओ फतेहपुर डॉक्टर रिचा महोत्रा ने उपस्थित महिलाओं को शपथ दिलवाई। उक्त कार्यक्रम बारे जानकारी देते हुए सीडीपीओ फतेहपुर अरविंद गुलेरिया ने बताया आज के कार्यक्रम दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम पर जानकारी बांटी गई। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर भी जागरूक किया गया। इस मौके पर डॉक्टर गगनदीप,ब्लॉक कॉर्डिनेटर शालिनी, आंगनबाड़ी वर्कस, आशा वर्कर्स व अन्य स्थानीय महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

### कबीरपंथी सुधार सभा की बैठक एक को

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश कबीरपंथी समाज सुधार सभा जिला कांगड़ा इकाई की बैठक 1 दिसंबर रविवार को सद्गुरु कबीर आश्रम भेडू मरहूं (नागनी) में आयोजित की जाएगी। इसकी अध्यक्षता सभा के प्रधान प्रताप चंद ( सेवानिवृत्त ब्लॉक प्राथमिक शिक्षा अधिकारी) करेंगे। इस बैठक में कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी, विभिन्न तहसील इकाइयों के प्रधान, सचिव तथा कोषाध्यक्ष अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में समाज की उन्नति के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसमें सामाजिक कुरीतियों व नशाखोरी पर नियंत्रण मुख्य बिंदू होंगे। इस मौके पर स्थानीय तहसील धीरा जोकि कुछ वर्ष पहले ही अस्तित्व में आई है की ऐडहॉक कमेटी का भी गठन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सभा के जिला प्रेस सचिव एडवोकेट मनीष कुमार बियाडू ने बताया कि इसके लिए तहसील धीरा से संबंधित सदस्यों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है । साथ ही उन्होंने सभी सदस्यों को निर्धारित तिथि तथा स्थान पर सुबह 10 बजे पहुंचने की अपील की है, ताकि बैठक में सभी मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा हो सके।

### टांडा रेंज में कल होगा फायरिंग अभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा 29 नवंबर प्रातः 6 बजे से शाम 6 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी के लोगों से इस दौरान फायरिंग रेंज में स्वयं न जाने तथा मवेशियों को भी न भेजने की अपील की है।

## पवन काजल बोले, सड़क से जुड़ेंगे कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के कई गांव

# तरसूह में फोरलेन से जुड़ने वाली सड़क का काम करवाया शुरू

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

विधायक पवन काजल ने कहा कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अरला-देहरा, गबला अंदराड, तरसूह, स्कोट, से जोगीपुर, बीरता, ललेहड़, उज्जैन, नटेहड़ गांव को सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा। लगभग 13 किलोमीटर सड़क निर्माण, विस्तारीकरण के लिए विधायक प्राथमिकता योजना वर्ष 2021-22 के अंतर्गत सड़क निर्माण को 12 करोड़ 69 लाख रुपए की राशि मंजूर हुई है।

बुधवार को तरसूह गांव में जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विधायक काजल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आदेश पर तरसूह, अरला देहरा के ग्रामीणों को फोरलेन से सड़क कनेक्टविटी को स्वीकृति मिल गई है। इस प्रस्तावित सड़क निर्माण के अंतर्गत आजादी के लंबे अरसे बाद तरसूह के ग्रामीणों को फोरलेन से सड़क मार्ग की सुविधा मिलेगी। काजल ने कहा सड़क निर्माण का टेंडर हो चुका है। बुधवार को फोरलेन से जुड़ने वाले सड़क मार्ग का कार्य काजल ने शुरू करवाया। काजल ने कहा कि अरला-देहरा से तरसूह वाया स्कोट स्कूल लगभग तीन किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग की लगभग चार करोड़ 69 लाख की डीपीआर नाबार्ड बैंक को विधायक प्राथमिकता योजना के अंतर्गत बजट स्वीकृति को भेजी है। अप्रूवल मिलते ही ग्रामीणों को सड़क सुविधा मुहैया करवा दी जाएगी। आजादी के लंबे अरसे बाद सड़क की सुविधा मिलने पर ग्रामीणों ने गर्मजोशी से विधायक पवन काजल का स्वागत किया। नई सड़क बनने और फोरलेन से कनेक्टविटी मिलने से तरसूह से कांगड़ा शहर की दूरी महज तीन किलोमीटर रह जाएगी।



तरसूह गांव में जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों के साथ विधायक काजल।

### ग्रामीणों ने जताया विधायक का आभार

**तरसूह** पंचायत उपप्रधान अश्वनी कुमार ने कहा कि फोरलेन से कनेक्टविटी मिलने से ग्रामीणों की तकदीर बदल गई है। पंचायत समिति सदस्य सुनील ने कहा इस ऐतिहासिक सड़क निर्माण के सही मायने में हकदार विधायक पवन काजल हैं। ग्रामीण उनके ऋणी रहेंगे। 90 वर्षीय रोशन लाल, मदन लाल, पवन, अनिल, प्रमोद सिंह, अश्वनी, बलदेव ने कहा कांगड़ा शहर से सड़क जुड़ने बाद असल में ग्रामीणों को आजादी अब मिली है और इसके लिए विधायक पवन काजल के प्रयास सराहनीय हैं।

## अरनी विवि में संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर को किया याद




**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

अरनी विश्वविद्यालय में 26 नवंबर को संविधान दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. विवेक सिंह के साथ सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने शपथ ली और भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस दौरान भारतीय संविधान की विचारधारा को बनाए रखने के लिए 'भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्य और मौलिक सिद्धांत' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों ने अपने भाषणों और कविताओं के माध्यम से संविधान दिवस के महत्व को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयाम को जोड़ने के लिए छात्रों के समूह ने नाटक, बहस एवं भाषण प्रतियोगिता को प्रस्तुत किया, जिसमें डॉ. बीआर अंबेडकर की विषेशता एवं उपलिब्धयों को दर्शाया गया। विवि के चांसलर ने अन्य देशों की तुलना में भारतीय संविधान के बुनियादी अंतरों पर प्रकाश डालते हुए उदाहरणों के साथ संविधान की पूर्व शर्तों जैसे सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जरूरतों को दर्शाया। उन्होंने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और भारतीय संविधान के विकास में योगदान देने वाले लोगों विशेषकर डॉ. भीम राव अंबेडकर को याद किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## दिव्यांगों को उपकरण वितरण के लिए 16 को लगेगा मूल्यांकन कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी, धर्मशाला द्वारा कृत्रिम अंग निर्माण निगम, मोहाली के सहयोग से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों की सहायतार्थ 16 दिसंबर को बचत भवन देहरा में प्रातः 11 बजे से लेकर शाम 3 बजे तक मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि इस शिविर में पात्र दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए पंजीकरण किया जाएगा। दिव्यागजनों के सहायतार्थ ट्राइसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, चलने की छड़ें और अन्य सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए पंजीकरण किया जाएगा। वहीं, वरिष्ठ नागरिकों के सहायतार्थ कमोड के साथ व्हील चेयर, चलने की छड़ें, कुर्सी के साथ चलने की छड़ी, फोल्डिंग वॉकर, तिपाई और टेट्रापॉड, घुटने का ब्रेस, एलएस बेल्ट, स्पाइनल सपोर्ट, कुशन, श्रवण यंत्र एवं कमोड वाली कुर्सी इत्यादि प्रदान करने के लिए मूल्यांकन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पात्र दिव्यांगजन अपनी जरूरत के सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र, सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु चिकित्सक का परामर्श तथा आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ लाना जरूरी है। इस शिविर की अधिक जानकारी के लिए सचिव, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, कांगड़ा के 01892-224888, 94188-32244 पर संपर्क कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री आवाज योजना

## अब नए डिजाइन में बनेगा लाभार्थी के नाम का बोर्ड

**धर्मशाला।** प्रधानमंत्री आवाज योजना ग्रामीण के तहत बनने वाले आवास पर लाभार्थी के नाम का नया बोर्ड लगाया जाएगा। अब इसे मकान के प्रांगण की दीवार के प्लास्टर में फिक्स किया जाएगा। इससे अब न बोर्ड चोरी होगा और न इसे यहां वहां फेंका जा सकेगा। इसको लेकर और अधिक जानकारी देते हुए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के उपनिदेशक चंद्र वीर सिंह ने बताया कि इस डिजाइन को बोर्ड मैटल शीट से बनाया गया है, जिसे फाड़ा नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि अक्सर लोहे से बनाए गए बोर्ड या तो चोरी हो जाते थे या टूट जाया करते थे। तथा कई जगहों पर तो यह देखने को मिला कि मकानों में कई जगहों पर लाभार्थी का नाम कोयले से लिखा पाया गया। ऐसे में विभाग द्वारा इसका नया डिजाइन तैयार करने का निर्णय लिया गया, जब भी कोई अधिकारी संबंधित क्षेत्र के दौरे पर आएंगे तो उन्हें आसानी से पता चल सकेगा कि यह मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बना है।

## मीनाक्षी-अविनाश सर्वश्रेष्ठ कबड्डी प्लेयर्स

### थुरल कॉलेज में वार्षिक इंटर क्लास खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**राकेश डोगरा, डरोह**



महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में वार्षिक अंतर कक्षा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि प्राचार्या प्रो. राका शर्मा उपस्थित रहीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी अपना एक विशेष महत्व है और यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय खेल संयोजक प्रो. रवि सिंह पालसरा के नेतृत्व में किया गया। बीए द्वितीय वर्ष महिला कबड्डी में मीनाक्षी की टीम प्रथम रही। पुरुष वर्ग में निखिल राणा की टीम कबड्डी में बीसीए तृतीय सत्र विजेता रही। बैडमिंटन में बीसीए विभाग टीम प्रथम रही। वॉलीबाल पुरुष वर्ग में बीसीए विभाग की टीम प्रथम रही। महिला वर्ग में मीनाक्षी को कबड्डी में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया वहीं, पुरुष वर्ग की टीम में अविनाश को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। बैडमिंटन में पुरुष वर्ग में कृष को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। महिला वर्ग में बैडमिंटन में ईशा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

वॉलीबाल पुरुष वर्ग की टीम में आदर्श राणा और राहुल सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। अंतर महाविद्यालय एथलीट प्रतिस्पर्धा जोकि राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित की गई, उसमें आदित्य राना ने ऊंची कूद में रजत पदक प्राप्त किया उसे मुख्यातिथि और खेल समन्वयक ने ट्रैक सूट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में खेल प्रभारी प्रो. रवि सिंह पालसरा, प्रो. कमल कुमार, प्रो. लेख राम नेगी, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. विशाल वालिया, प्रो. पवन राणा, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. शिशुपाल, प्रो. प्रेमलता, प्रो. नविता, प्रो. कुशल, प्रो. अजय, प्रो. अमनजीत, प्रो. सनी राणा और अपूर्वा मंजू कुमारी, रेनू शर्मा, दीपांशी व दीक्षा उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# सिने जगत



## कृति सेनन ने नेपोटिज्म पर तोड़ी चुप्पी

### बोलीं, फिल्म इंडस्ट्री में आउटसाइडर को काम मिलना मुश्किल

कृति सेनन ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि आउटसाइडर को इंडस्ट्री में मौके मिलना काफी मुश्किल होता है। इस दौरान एक्ट्रेस ने नेपोटिज्म के लिए फिल्म इंडस्ट्री को नहीं, बल्कि बाहरी लोगों को जिम्मेदार बताया। सेनन गोवा में 55वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में एक मास्टरक्लास में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि नेपोटिज्म के लिए फिल्म इंडस्ट्री उतनी जिम्मेदार नहीं है, जितने जिम्मेदार मीडिया और ऑडियंस हैं। मीडिया स्टार किड्स के बारे में जो भी दिखाती है उसे ऑडियंस बड़ी दिलचस्पी से देखते है, जिससे फिल्म इंडस्ट्री के लोगों को लगने लगता है कि ऑडियंस की दिलचस्पी स्टार किड्स में ज्यादा है तो उनके साथ फिल्म करना ज्यादा सही रहेगा। मुझे लगता है कि ये एक सर्कल है। कृति सेनन ने कहा कि अगर आपके अंदर टैलेंट है तो आप कुछ भी कर सकते हो। अगर आप टैलेंटेड नहीं हैं और ऑडियंस से कनेक्ट नहीं कर पा रहे है तो आप कुछ नहीं कर सकते।

### फिल्मी बैकग्राउंड नहीं होने से आती हैं मुश्किल

कृति सेनन ने आगे कहा कि जब आप फिल्म इंडस्ट्री के बैकग्राउंड से नहीं होते तो काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हर चीज में थोड़ा स्ट्रगल है। हालांकि, अगर अच्छे से मेहनत करते हैं तो सक्सेस मिल जाती है।

### 2014 में किया बॉलीवुड में डेब्यू

कृति सेनन हाल ही में 'दो पत्ती' में नजर आई थीं। फिल्म में उनके साथ शहीर शेख और काजोल भी अहम भूमका में थे। बता दें, कृति सेनन ने साल 2014 में फिल्म हीरोपंती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

## आपस में लड़ती रहीं सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 और 'अमरन' ने कर दिया कमाल



इस दीपावली पर फिल्मी दुनिया में एक ही दिन रिलीज हुईं 2 बड़ी फिल्में 'सिंघम अगेन' और 'भूल भुलैया-3' छाई रहीं। इन दोनों फिल्मों की टक्कर देखने को मिली। दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई और 250 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। लेकिन इन दोनों फिल्मों के बीच रिलीज हुई एक साउथ की फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया। इस फिल्म ने न केवल 200 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया, बल्कि एक शानदार फिल्म बनकर सामने आई। फिल्म की लोगों ने जमकर तारीफ की और आईएमडीबी पर 8.5 रेटिंग मिली है। इस फिल्म का नाम है 'अमरन' और यह 31 अक्तूबर के दिन रिलीज हुई थी। अब तक इस फिल्म का कलेक्शन 208.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है।

### नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो सकती है फिल्म

**फिल्म** की कहानी एक फौजी की है जो जम्मू कश्मीर में तैनात है। पाकिस्तान के खिलाफ एक मिशन को ये फौजी लीड करता है। जिसकी कहानी इस फिल्म में देखने को मिलती है। फिल्म अब सिनेमाघरों में चलने के बाद ओटीटी रिलीज की तैयारी कर रही है। फिल्म को लेकर बताया जा रहा है कि नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो सकती है। फिल्म अब ओटीटी दर्शकों के लिए भी रिलीज होने वाली है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## बीच कॉन्सर्ट में दिलजीत दोसांझ बताने लगे दर्द, कही दिल की बात



पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ निस्संदेह इस समय के सबसे लोकप्रिय गायक बन गए हैं। उनके कॉन्सर्ट भारत में हो रहे हैं और लोग गायक के दीवाने हो रहे हैं। इस दीवानगी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनके शो की टिकटें घोषित होने के तुरंत बाद ही बिक जाती हैं। उन्होंने दिल्ली, लखनऊ और जयपुर समेत कई शहरों में कॉन्सर्ट किए हैं। उन्हें आखिरी बार अपने दिल लुमिनाती इंडिया टूर के पुणे कॉन्सर्ट में देखा गया था, जहां उन्होंने अपनी समस्याओं के बारे में बात की थी। दिलजीत ने अपने पुणे कॉन्सर्ट का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है जिसमें वे यह बात करते नजर आ रहे हैं कि योग उनकी निजी जिंदगी में कितना महत्वपूर्ण है।

### एक्टर ने बयां किया तनाव

वीडियो में दर्शकों से बात करते हुए दिलजीत ने कहा, 'जीवन में समस्याओं के बारे में बात करते हुए दिलजीत ने कहा, 'परेशानियां आएंगी, जीवन में तनाव आएगा। मैं आपको यह भी नहीं बता सकता कि मुझे हर दिन कितना तनाव होता है, मुझे हर दिन किस तरह का तनाव होता है। इसलिए जितना बड़ा काम होगा, उतना ही बड़ा तनाव होगा, लेकिन यह आपके शरीर और दिमाग को एक साथ लाने में मदद करता है, इसलिए इस पर ध्यान केंद्रित करें।'

### कब और कहां होंगे कॉन्सर्ट

दिलजीत के कॉन्सर्ट की बात करें तो अब यह 30 नवंबर को कोलकाता में होने जा रहा है, फिर वह 6 दिसंबर को बेंगलुरु में उसके बाद 8 दिसंबर को इंदौर और 14 दिसंबर को चंडीगढ़ में परफॉर्म करेंगे। दिलजीत के दिल लुमिनाती इंडिया टूर का आखिरी चरण 20 दिसंबर को मुंबई और 29 दिसंबर को गुवाहाटी में होगा।



### शराब को लेकर एक्टर ने कही थी ये बात

**बता दें,** रविवार को राज्य आबकारी विभाग ने आखिरी समय में ठोस कदम उठाया और दिलजीत के कार्यक्रम में शराब परोसने का परमिट रद्द कर दिया था। यह फैसला एनसीपी पार्टी की युवा शाखा और वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल के साथ-साथ कुछ स्थानीय निवासियों और संगठनों द्वारा कार्यक्रम के विरोध के बाद लिया गया। लोगों का कहना था कि कार्यक्रम के दौरान शराब नहीं परोसनी चाहिए। इस महीने की शुरुआत में अहमदाबाद में अपने कॉन्सर्ट के दौरान दिलजीत ने कहा था कि अगर सरकार ने देश भर में शराब पर प्रतिबंध लगा दिया तो वे इस पर गाने बनाना बंद कर देंगे। ये बयान उनका तब आया जब इससे ठीक पहले हैदराबाद कॉन्सर्ट में उन्हें शराब वाले गानों को न गाने के लिए नोटिस दिया गया था।

## हमारी बेटी दूध जैसी गोरी... वो बिहारी गुंडा...

### पूनम की मां ने शत्रुघ्न सिन्हा को कर दिया था रिजेक्ट

### शादी से पहले 14 साल तक एक-दूसरे को किया था डेट

**जाने माने** दिग्गज एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा द ग्रेट इंडिया कपिल शर्मा शो पर शिरकत करने आए थे। इस दौरान उनके साथ पत्नी पूनम सिन्हा, बेटी सोनाक्षी सिन्हा और दामाद जहीर इकबाल के साथ नजर आए थे। इस दौरान इन्होंने शो पर कई सारी बातें शेयर कीं जिनमें से शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम की लव स्टोरी भी है। शो के दौरान अर्चना पूरन सिंह पूनम से सवाल करती हैं कि शत्रुघ्न सिन्हा और उनमें से किसने पहले प्रपोज किया था। इस पर शत्रुघ्न सिन्हा बीच में टोकते हुए कहते हैं, 'इन्होंने करवाया था प्रपोज मुझसे।' पूनम आगे बताती हैं कि उनकी मां ने दोनों के रिश्ते को नामंजूर कर दिया था। उन्होंने बताया कि शत्रुघ्न सिन्हा के बड़े भाई शादी की बात करने उनके घर आए थे। इस पर पूनम की मां ने कहा, 'बिल्कुल भी नहीं। हमें फिल्म इंडस्ट्री से कोई लड़का नहीं चाहिए।' इसके बाद शत्रुघ्न सिन्हा ने आगे की और मजेदार बात बताई। उन्होंने बताया कि उनकी मां ने शत्रुघ्न सिन्हा के भाई से कहा क्या तुमने अपने भाई को देखा है? ये बिहारी सड़क का गुंडा है और हमारी बेटी दूध जैसी गोरी है। गोरी और मिस इंडिया। शत्रुघ्न ने आगे कहा, 'अगर आप हम दोनों को एक साथ खड़ा करके रंगीन फोटो लेंगे तो वह ब्लैक एंड व्हाइट दिखाई देगी।'



**कहां हुई थी पहली मुलाकात?:** दरअसल इस कपल की लवस्टोरी की शुरुआत ट्रेन से हुई थी। पूनम भी अपनी मां के साथ उसी ट्रेन में थीं। डांट खाने के बाद वो रो रही थीं और शत्रुघ्न सिन्हा उनकी मासूमियत पर फिदा हो गए थे। मिस इंडिया बनने के बाद पूनम को फिल्मों के ऑफर भी मिलने लगे थे। हालांकि बाद में पूनम की मां इस रिश्ते के लिए मान गई थीं। कपल ने साल 1980 में शादी कर ली थी। शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम के तीन बच्चे लव-कुश और सोनाक्षी सिन्हा हैं। कपल ने शादी से पहले 14 साल तक एक दूसरे को डेट किया था।



# बड़ा भंगाल को सड़क से जोड़ने के लिए तीव्र गति से करें काम : नेगी

## राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजस्व एवं जनजातीय मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य के जनजातीय क्षेत्रों के गांवों तक सड़क, पेयजल, विद्युत की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कार्य योजना तैयार करें, ताकि जनजातीय क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित किया जा सके।

बुधवार को धर्मशाला के सर्किट हाउस में पांगी तथा भरमौर के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि आजादी के बाद यह पहली बार हो रहा है कि दो वर्ष के भीतर जिला कांगड़ा के दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल को सड़क से जोड़ा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को



इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए टनल निर्माण की संभावनाएं तलाशने पर बल दिया जाए।

उन्होंने कहा कि राज्य में परिवहन के सीमित साधन हैं जिस कारण सड़कें राज्य की जीवन रेखाओं के रूप में जानी जाती हैं। उन्होंने जनजातीय क्षेत्र पांगी तथा भरमौर में पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत कच्ची सड़कों को पक्का करने तथा नई सड़कों की डीपीआर तैयार करने के लिए तत्परता से साथ कार्य करें तथा नाबार्ड के तहत भी संपर्क मार्गों के प्रपोजल तैयार कर भेजें ताकि जनजातीय क्षेत्रों के लोग लाभान्वित हो सकें।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अभियंताओं की वित्तीय शक्तियों को बढ़ाया गया है और निविदा प्रक्रिया में भी तेजी लाई गई है ताकि विकास कार्यों को और गति प्रदान की जा सके। राजस्व मंत्री ने आईपीएच विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल तथा सिंचाई योजनाओं के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए कारगर कदम उठाएं तथा कार्यों में ढिलाई बरतने पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पांगी में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

**मंत्री** ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को 11केवी विद्युत ग्रिड के तहत पांगी के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने के कार्य में तेजी लाई जाए ताकि सर्दियों में भी पांगी क्षेत्र के लोगों को विद्युत की सुविधा मिल सके इसके साथ ही विद्युत सप्लाई व्यवस्था को भी सुदृढ़ करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### पारस स्कूल में महिला बॉक्सिंग स्पर्धा शुरू

**राकेश डोगरा, डरोह।** पारस पब्लिक स्कूल भवारना ने ऑडिटोरियम के बॉक्सिंग रिंग में 27 नवंबर को राज्य स्तरीय महिला-17 बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने शिरकत की। इस प्रतियोगिता में लाहौल-स्पीति के अलावा प्रदेश के 11 जिलों की लगभग 110 लड़कियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पहले दिन क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच खेले गए। प्रतियोगिता का आकर्षण बॉक्सिंग में विश्व स्वर्ण पदक विजेता वंशिका गोस्वामी थीं। हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिभागियों ने आकर बड़ी ऊर्जा और जोश के साथ प्रतिस्पर्धा की। फाइनल मैच 28 नवंबर को खेला जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नीलम राणा एवं निदेशक महेश चंद कटोच विशेष रूप से उपस्थित थे। विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने में भी मदद करती हैं, इससे उन्हें खेलों में अपना भविष्य संवारने का मौका मिलता है। (अनंत ज्ञान)



### कोटला बाजार में बांटा देसी घी का हलवा

**अनंत ज्ञान, जवाली।** मुंबई के रहने वाले ज्ञानोदेवी बुलाकी मल मेहरा परिवार को मां बगलामुखी के प्रति अगाध श्रद्धा है। वह हर वर्ष मुंबई से हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के कोटला स्थित मां बगलामुखी सिद्ध शक्तिपीठ में सपरिवार पहुंच कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और देसी घी से बने हलवे का प्रसाद बांटते हैं। इस बार भी इस परिवार के कंचन विनोद मेहरा ने बुधवार को मां बगलामुखी के दरबार में उपस्थित होकर हाजिरी लगाई और कोटला बाजार में एक क्विंटल देसी घी का हलवा का प्रसाद बांटा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता बगलामुखी इतनी दयालु है। मां का जरा सा भी स्मरण करने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। मां बहुत दयालु है।



### कार चालक दो वाहनों को टक्कर मारकर फरार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत मांझी पुल के पास कार से टक्कर मारने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मांझी पुल के पास कार एमएच 12क्यूएफ-8074 के चालक सतीश कुमार निवासी टिक्का चतेहड़, योल कार को तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाकर सड़क के किनारे खड़ी कार नंबर एचपी39एफ0354 व मोटर साइकिल नंबर एचपी39डी 6730 को टक्कर मारकर फरार हो गया। इस संदर्भ में पुलिस थाना धर्मशाला में मामला दर्ज किया गया है।

### नूरपुर से ज्वालामुखी स्टेशन तक दौड़ा रेल इंजन

**अनंत ज्ञान, जवाली।** बुधवार को रेल विभाग ने रेल इंजन भेजकर नूरपुर रोड रेलवे स्टेशन से ज्वालामुखी रेलवे स्टेशन तक ट्रायल करवाया। अब रेल इंजन गुजरने के बाद इस रेलमार्ग पर रेलगाड़ियों की बहाली की आस जगी है। काफी समय के बाद इस रेलमार्ग पर रेल इंजन की छुक-छुक सुनाई दी है। हालांकि जोगिंदनगर से कांगड़ा तक रेलगाड़ियों की आवाजाही काफी समय पहले शुरू हो चुकी है, परंतु ज्वालामुखी रोड रेलवे स्टेशन के समीप फोरलेन का मलबा रेललाइन पर गिरने के कारण नूरपुर रोड से ज्वालामुखी रोड तक रेलगाड़ियों की आवाजाही नहीं हो पा रही थी। अब एनएचएआई ने रेलवे मार्ग पर गिरे मलबे को हटा दिया है जिसके हटने के बाद रेल विभाग ने बुधवार को ट्रायल के लिए रेल इंजन भेजा है।

### मोबाइल से बात करते बेड से गिरा युवक, मौत

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत धर्मशाला में करने वाले एक बिहार के युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक मोबाइल फोन करते हुए अचानक बेड से नीचे जा गिरा। इसके बाद दीवार से सिर टकराने से उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई। मृतक बब्बू चौपाल पुत्र संतोष जिला दरभंगा, बिहार से था। कोतवाली में ये युवक अपने चाचा रमेश कुमार के साथ रहता था तथा कुक के रूप में काम करता था। उसके सिर पर गंभीर चोट आने के बाद उसे क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत पर परिजनों ने किसी प्रकार का शक जाहिर नहीं किया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के हवाले कर दिया है।

### टांडा अस्पताल परिसर में बेसहारा पशु बने मुसीबत

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल अस्पताल टांडा के मुख्य प्रवेश द्वार के अंदर बने मैदान को जाने वाले रास्ते की टूटी रैलिंग से मैदान में बैठने वाले लोगों का बेसहारा पशुओं ने बैठना मुश्किल किया है। टांडा अस्पताल में दूरदराज के जिलों से लोग अपने उपचार हेतु आते हैं। ऐसे में यहां पर आने वाले रोगियों के साथ आए तीमारदारों के बैठने के लिए यही एकमात्र स्थान है। ऐसे में इन सर्दियों के दिनों में यहां लोग दोपहर में धूप सेंकने के साथ खाना खाने के लिए बैठते हैं। हालांकि अस्पताल प्रशासन द्वारा उनके बैठने के मात्र दो तीन बैंच लगाकर अपने कर्तव्य से तो इतिश्री कर ली है। इसी स्थल के बाहर कई धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोग सप्ताह में दो-तीन दिन मरीजों के तीमारदारों व लोगों के लिए लंगर भी लगाते हैं। ऐसे में उनके लिए भी यह समस्या बन गई है। वहीं, इस संदर्भ में टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमएस डॉक्टर अशोक वर्मा से बात हुई तो उन्होंने कहा कि मामला आपके ध्यान से सामने आया है। उन्होंने कहा कि इसे तुरंत ठीक करवाने के निर्देश दे दिए हैं।



### पौंग झील में प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा हो सुनिश्चित: मिलखी



**फतेहपुर।** प्रसिद्ध पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम ने बुधवार को पल्ली में प्रेसवार्ता कर पौंग वेटलैंड में आने वाले प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा के लिए विभाग व स्थानीय लोगों से अपील की है। उन्होंने कहा सर्दियों के मौसम में किलोमीटर का सफर तय कर पौंग झील में आने वाले विभिन्न प्रजातियों के इन पक्षियों की सुरक्षा का वन्य प्राणी विभाग को जिम्मा सौंपा हुआ है, लेकिन हैरानी है कि कर्मचारी इनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो पक्षी विपरीत परिस्थितियों में भी बिना थके उड़ते हुए पौंग वेटलैंड क्षेत्र में पहुंचते हैं, उनकी सुरक्षा करना विभाग के साथ-साथ हम सभी का उत्तरदायित्व बनता है, ऐसे में विभाग को 24 घंटे उनकी सुरक्षा में तैनात रहना चाहिए। इस मौके पर कुलबंत ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## प्रदेश में लंबे ड्राई स्पैल से 20 प्रतिशत गिरेगा फल उत्पादन

### मौसंबी और माल्टा के साइज पर पड़ेगी मौसम की मार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश के सबसे बड़े कांगड़ा जिला समेत प्रदेश में इस वर्ष लंबे ड्राई स्पेल का असर फल उत्पादन पर भी होगा। सर्दियों के दौरान बहुत कम बर्फबारी हुई, तो अप्रैल और मई महीने में बहुत कम बारिश देखने को मिली। इससे बागवानी और कृषि पर विपरीत असर पड़ेगा। बताते चलें कि 3 माह के ड्राई स्पेल ने भगवानों की चिंता बढ़ा दी है। विभागीय जानकारी के अनुसार लंबे ड्राई स्पेल के कारण इस बार सिट्रस की श्रेणी में आने वाले फलों की पैदावार में 20 से 30 प्रतिशत की कमी आ सकती है। यह कमी फलों के साइज में कमी आने से होगी।



बताते चलें कि इस समय प्रदेश में मौसंबी तथा माल्टा जैसे फल तैयार है तथा लंबे सूखे ने इसके साइज को प्रभावित किया है। सिट्रस श्रेणी के फलों की बात करे तो पिछले साल इन फलों का उत्पादन बारिश के अन्य फलों पर दुष्प्रभाव के बावजूद उत्पादन बढ़ा था। 2023 में ये उत्पादन करीब 2470 मिट्रिक टन था तो वहीं इस बार इसमें 20 से 30 प्रतिशत की कमी की आशंका आधिकारिक सूत्र जता रहे हैं। ऐसे में मौसम की मार बागवानों पर पड़ेगी। (अनंत ज्ञान)



इस समय सिट्रस श्रेणी के माल्टा तथा मौसंबी जैसे फलों की हार्वेस्टिंग का सीजन है। ऐसे में फलों पर सूखे का बुरा असर पड़ने से इन के साइज में कमी आने से 20 प्रतिशत तक उत्पादन में गिरावट की आशंका है।

**-कमलशील नेगी, उपनिदेशक, बागवानी विभाग धर्मशाला**

## चरस तस्करी मामले में मास्टर माइंड नौरबलिंगा से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

1.084 किलोग्राम चरस के साथ चंबा के 2 युवक गिरफ्तार करने के मामले में पुलिस ने गैंग के सरगना माने जा रहे युवक को नौरबलिंगा से गिरफ्तार किया है। मंगलवार देर

अनंत ज्ञान फॉलोअप

रात पुलिस की इस कार्रवाई में रक्कड़ निवासी 28 वर्षीय विक्की उर्फ बांगो को गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी मोबाइल लोकेशन के आधार पर की गई। माना जा रहा है कि उक्त युवक नशे के इस कारोबार में पैसा लगाता था तथा अन्य युवकों को करियर या पैडलर के रूप में काम पर लगाता था। इस मामले में युवक ने ही दोनों युवकों को चरस दी थी जो वो खुद लाया था। बताते चलें कि गत रविवार को पुलिस थाना धर्मशाला की योल चौकी के तहत दो युवकों को चरस की खेप के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस चौकी योल के प्रभारी यादेश ठाकुर की अगुवाई में पुलिस टीम ने तपोवन में दोनों को पकड़ा था। वहीं चार दिन के पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ के आधार पर रक्कड़ के युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। मामले की पुष्टि एएसपी वीर बहादुर ने की है।

### दुकान से शराब बरामद

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ की पुलिस टीम जब पेट्रोलिंग पर थी तो अबैरी में बिहारी लाल निवासी वार्ड 1 झिकली भेठ की चिकन, चाय, अंडा की दुकान से 6 बोतल देसी शराब बरामद की गई। इस संदर्भ मे पुलिस थाना बैजनाथ में मामला दर्ज किया गया है।

### नई जोड़ी



ननावीं के अनिल और करमाली की ज्योति को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



जवाली के अनिल छांगू व अनिता शर्मा को शादी की 20वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### हैप्पी बर्थडे



कांगू (गोदाम) के डॉक्टर साहिल कौशल को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### राजा का तालाब में कल से मनाया जाएगा 555वां प्रकाश दिवस

**जवाली।** पातशाही पहली के उपलक्ष्य पर तपोस्थान गुरुद्वारा नानक जोत साहिब कुडंडल राजा का तालाब में 555वां प्रकाश दिवस 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 29 नवंबर को सुबह नौ बजे तपोस्थान गुरुद्वारा नानकजोत साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ होगा, जबकि 10 बजे निशान साहिब के चोला सेवा होगी। वहीं 30 नवंबर सुबह नौ बजे पांच प्यारों की अगुवाई में चूहे का तालाब से रैहन, देहरी, खेहर, कुठंडल से होते हुए तपोस्थान गुरुद्वारा नानक जोत साहिब कुठण्डल तक विशाल नगर कीर्तन शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सेवादार बाबा लवप्रीत सिंह ने बताया कि 1 दिसंबर को सुबह नौ बजे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला जाएगा व 10 बजे अमृत संचार होगा।

## जमीनी विवाद में महिला ने मारपीट का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड सात में कथित तौर पर जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा हो गया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला मंगलवार दोपहर ढाई बजे का है। इस पूरे मामले को लेकर पीड़िता सरिता देवी और उनकी सास जोगिंद्रा देवी ने चार लोगों के खिलाफ पुलिस को शिकायत भी दी है। आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष ने घर में आकर मारपीट की है। फिलहाल मामला पुलिस के पास पहुंच गया है। इस मामले को लेकर सरिता देवी पत्नी सुभाष चंद्र ने बताया कि वह नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड नंबर 7 के रहने वाले हैं। मंगलवार की दोपहर को विजय सिंह, शालू, उपेंद्र और अंजू उनके घर में आ धमके और घर के आगे लगाई गई बाउंड्री बाल को गिरा दिया। जब उनको ऐसा करने से मेरी सास ने रोका तो उनके साथ मारपीट की गई और उन्हें धक्का मार कर नीचे गिरा दिया गया, जिससे उनको चोटें आई हैं। इसको लेकर पुलिस थाना शाहपुर में शिकायत देने पहुंची तो पुलिस ने दूसरे पक्ष को भी बुलाया और समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है। वहीं, पुलिस थाना शाहपुर के एसएचओ करतार सिंह ठाकुर ने कहा कि जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ है और मारपीट भी हुई है। सरिता देवी और उनकी सास जोगिंद्रा देवी की शिकायत पर एसडीएम कोर्ट में मामला अग्रेषित किया है। वहीं, पीड़िता शाहपुर थाना पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हुई और एसपी ऑफिस पहुंच गई और गुहार लगाई की मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस के केस दर्ज किया जाए। पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर ने इस मामले की पुष्टि की है।

### खेल मंत्री कल करेंगे वॉलीबॉल स्पर्धा का शुभारंभ

**पंचरुखी।** 21वीं ऑल इंडिया डॉ. यशवंत सिंह परमार मेमोरियल वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन 29 नवंबर से पहली दिसंबर तक जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के पंचरुखी में डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल मैदान में किया जा रहा है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 29 नवंबर को प्रतियोगिता का शुभारंभ आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री, यादविंद्र गोमा करेंगे। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में देश की आठ टीमें भाग ले रही हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश, राजस्थान, ओएनजीसी, इंडियन रेलवे, इंडियन नेवी, इंडियन आर्मी और हरियाणा की टीमें शामिल हैं। प्रवक्ता ने बताया कि विजेता टीम को 2 लाख, उपविजेता को एक लाख तथा तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 75 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## फोर्टिस कांगड़ा से कंसल्ट कर पेशाब से जुड़ी समस्याओं से पाएं निजात

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

मूत्र असंयम (मूत्र का अनैच्छिक रिसाव) एक अत्यंत सामान्य और सामाजिक रूप से अक्षम स्थिति है। इस रोग से पीड़ित लोग शर्मिंदगी और उपहास के डर से समाज में अपने आप को असहज महसूस करते हैं। आमतौर पर रोगी को अपनी समस्या को स्वीकार करने, सहायता लेने और किसी विशेषज्ञ तक पहुंचने के लिए लक्षणों की शुरुआत से 5 साल तक का समय लगता है। दुर्भाग्य से यह बुजुर्गों में सबसे आम है।



डॉ विजया भारती | डॉ निशा मुंजाल

इसी रोग से पीड़ित एक मरीज फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में डॉ. विजया भारती के अंतर्गत दाखिल हुआ। डॉ. विजया भारती ने मरीज के जरूरी टेस्ट करवाकर मिड-यूरेट्रल स्लिंग सर्जरी के जरिए मरीज को इस समस्या से निजात दिलाई। इस सर्जरी में एनेस्थेटिक डॉ. किरनदीप कौर ने भी विशेष भूमिका निभाई। डॉ. विजया भारती ने कहा कि डॉक्टरी कंसल्ट के जरिए इस बीमारी से निजात पाई जा सकती है।

फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में दो विशेषज्ञ डॉ. निशा मुंजाल एवं डॉ. विजया भारती बेहतरीन सेवाएं प्रदान कर रही हैं, जिनमें गर्भ धारण को बढ़ावा देने वाले ऑपरेशन, गर्भाशय के अंदर की जांच, बिना टांके के गर्भाशय का निकालना, सभी प्रकार के दूरबीन एवं अन्य स्त्री रोग संबंधी ऑपरेशन के लिए शल्य चिकित्सा तथा जाली द्वारा सुधार इत्यादि सेवाओं को प्रदान करने में इनकी महारत है। (अनंत ज्ञान)

## पोस्टर मेकिंग में कल्पना और निबंध में हेमांक प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने संविधान दिवस समारोह के तहत पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। विभाग ने ललित कला विभाग के साथ मिलकर 'संविधान के रंग' शीर्षक से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और हम लोग: भारतीय संविधान पर आत्मचिंतन' शीर्षक से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। सप्त सिंधु परिसर देहरा में आयोजित इन दोनों प्रतियोगिताओं में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। संविधान के रंग विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, समानता, स्वतंत्रता और जनजातीय समुदायों का कल्याण आदि विषयों पर संविधान के विशेष प्रावधानों को चित्रित किया गया। इसमें प्रो. निरुपमा सिंह, डॉ. उज्ज्वल खडोडे और डॉ. वेद पालीवाल सहित जजों के एक पैनल ने पोस्टरों का मूल्यांकन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कल्पना कश्यप, द्वितीय पुरस्कार जाकेश कुमार, तृतीय पुरस्कार सिद्धांत कुमार ने हासिल किया। वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हेमांक वैष्णव, द्वितीय पुरस्कार साकेत कश्यप, तृतीय पुरस्कार अक्षित कास्ता ने हासिल किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया।

### रोड सेफ्टी क्लब ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश




बैजनाथ। पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के रोड सेफ्टी क्लब ने बुधवार को सड़क सुरक्षा विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में स्लोगन लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन और रंगोली निर्माण प्रतियोगिता शामिल थीं। इस कार्यक्रम में कई छात्रों ने भाग लिया।

## व्हर्लपूल कंपनी को मुआवजा देने के आदेश

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

नूरपुर निवासी कौशिक शर्मा की शिकायत के बाद उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग ने कंपनी को मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। शिकायतकर्ता ने 23 मई 2015 में व्हर्लपूल कंपनी से 535 00 रुपए का एक फ्रिज खरीदा था इसकी 10 साल की वारंटी थी। इसके बाद फरवरी, 2024 में इसके कूलिंग सिस्टम में कुछ खराबी आ गई। इसके बाद शिकायतकर्ता ने कस्टमर केयर से संपर्क किया, जिसके बाद कंपनी का ऑथराइज्ड टेक्नीशियन फ्रिज जांच के लिए आया तथा 500 रुपए चार्ज किए गए। दोबारा आने पर इसके बाद 2500 रुपए चार्ज किए गए, जबकि समस्या हल नहीं हुई। कंपनी की ओर से भेजे गए तीन टेक्नीशियन ने अलग अलग फॉल्ट बताए तथा फ्रिज ठीक नहीं हुआ। इसके भी शिकायतकर्ता ने उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग धर्मशाला में शिकायत की। आयोग ने कंपनी को उपभोक्ता को 2500 रुपए जो चार्ज किए गए 9 फीसदी ब्याज सहित तथा 26750 रुपए मुआवजा तथा 15000 रुपए का कोर्ट खर्च देने के आदेश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

## जीजीडीएसडी कॉलेज में आरबीआई की कार्यप्रणाली से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, राजपुर में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत स्थापित इंस्टिट्यूशनल इनोवेशन सेल (आईआईसी) द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरबीआई रीजनल ऑफिस शिमला के असिस्टेंट मैनेजर आनंद कुमार ने मुख्य वक्त के रूप में छात्राओं को भारतीय रिजर्व बैंक में उपलब्ध करियर अवसरों और महिला अधिकारियों



के लिए विशेष सुविधाओं की जानकारी प्रदान की। उनके साथ आरबीआई शिमला में ही असिस्टेंट अर्पित महाजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने की। डॉ. विवेक शर्मा ने आरबीआई की भूमिका और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वहीं, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आनंद कुमार ने भारतीय रिजर्व बैंक के इतिहास और कार्यों का परिचय देते हुए छात्राओं को आरबीआई के महत्व और इसकी कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने आरबीआई में बेहतरीन पदों पर कार्यरत अनेक महिलाओं का परिचय देते हुए उनकी कार्यप्रणाली को भी छात्राओं के साथ साझा किया।

**तंज** ग्राम पंचायत चंबी में आयोजित अभिनंदन समारोह में पहुंचे विधायक परमार, बोले–

## मित्रों की सरकार बनकर रह गई प्रदेश की सुक्खू सरकार

**अनंत ज्ञान, डरोह**

सुलह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंबी में समाजसेवी राम देव पांजला के नेतृत्व में आयोजित एक अभिनंदन समारोह में सुलह के विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। साथ ही उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। राम देव पांजला द्वारा चंबी वाह से पथेई माता मंदिर तक की 4 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण की मांग को पूरा करने का आश्वासन विपिन सिंह परमार ने देते हुए कहा



कि इस सड़क को प्रधानमंत्री सड़क योजना या नाबार्ड के अंतर्गत बनवाने के प्रयास किए जाएंगे। विपिन सिंह परमार ने पूर्व भाजपा सरकार के समय साढ़े छः करोड़ की धनराशि से स्वीकृत और निर्माणाधीन चंबी-चीड़न सलांगड़ी लाहड़ ठाकरा सड़क और पुल का भी निरीक्षण किया। चंबी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विपिन सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार मित्रों की सरकार बनकर रह गई है और जनता इस सरकार के शासन काल में बुरी तरह से त्रस्त है। बेरोजगारों को रोजगार देने की कांग्रेस पार्टी की गारंटी पूरी तरह फेल होकर रह गई है और युवाओं को नया रोजगार मिलना तो दूर जिन युवाओं को भारतीय जनता पार्टी सरकार ने दिया था उनसे भी रोजगार इस सरकार ने छीन लिया है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

### NOTICE

I, **Kamla Devi** (48 year) W/o Rakesh Kumar R/o Vill. Chamoli, P.O. Bari, Sub. Tehsil Raja Ka Talab, Teh. Fatehpur, Distt. Kangra (H.P.) Solemnly declare that Birth Certificate record and gram panchyat record my daughter name wrongly entered as Arushi (अरूषी). But her correct name is Arushi Sharma (आरूषी शर्मा). All concerned note it.

## न्यूज ब्रीफ

### पोस्ट इंस्पेक्टर ने छात्रों को फ्लैटली का महत्व बताया




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में कक्षा छठी से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्रों को पोस्ट इंस्पेक्टर रजनीश कुमार ने फ्लैटली के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर इंस्पेक्टर ने हिम अकादमी के जारी किया गए विशेष कवर के बारे में भी छात्रों को अवगत करवाया। कक्षा छठी के छात्रों को फ्लैटली क्लब द्वारा स्वच्छता थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। छात्रों ने पोस्ट इंस्पेक्टर से डाक टिकटों एवं जारी किए गए विशेष कवर पर प्रश्नोत्तरों के माध्यम से अपनी जिज्ञासा शांत की। प्रधानाचार्य शशि बाला ने इंस्पेक्टर को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया व कार्यक्रम समन्वयक ओंकार दत्त एवं विनीता राणा को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### पुलिस कर्मचारियों को संशोधित अधिनियम बताए



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर में सेंट्रल रेंज पुलिस कर्मियों को भारतीय न्यायिक संहिता 2023 के बारे में आए संशोधित अधिनियमों पर कार्यशाला शुरू हुई। इस कार्यशाला में अतिरिक्त जिला न्यायवादी व विधिक अधिकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पंकज दीवान ने अधिनियमों के बारे में उन्हें जानकारी दी। यह कार्यशाला शनिवार तक चलेगी, जिसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य न्याय अधिनियम में आए नए संशोधन के बारे में अवगत करवाया जाएगा।

### छात्रों ने वेस्ट मटेरियल से उपयोगी वस्तुएं बनाईं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट क्लब व ड्रामेटिक्स क्लब द्वारा वेस्ट मटेरियल क्राफ्ट व ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर मंजू वाला ने बताया कि इस आयोजन को करवाने का मुख्य उदेश्य रचनात्मकता को बढ़ावा देना था, जिसमें विभिन्न विभागों से 53 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए कागज, धागे, प्लास्टिक और अन्य वेस्ट मटेरियल से अद्वितीय कला और उपयोगी वस्तुओं को बनाकर प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता का निरीक्षण करने के लिए आयुर्वेद विभाग से डॉ. सोनम शर्मा, डॉ. रिंकू कुमार व असिस्टेंट प्रोफेसर स्नेहा कुमारी उपस्थित रही। इस प्रतियोगिता में आयुर्वेद विभाग के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान, दूसरा व तीसरा स्थान कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन असिस्टेंट प्रो. मंजू वाला, असिस्टेंट प्रो. करिश्मा पटियाल, असिस्टेंट प्रो. कमलेश कुमार, छात्रों में अनिता, मानवी व श्रेया डोगरा द्वारा किया गया।

### बाल विवाह के विरोध की शपथ ली



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने बुधवार को आईटीआई हमीरपुर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने आईटीआई के प्रशिक्षुओं और समस्त स्टाफ को बाल विवाह का विरोध करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, जिसे पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना चाहिए।

### तीन माह से पेड़ को नहीं हटाया, लोग परेशान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहर से वार्ड नंबर एक हीरानगर को जाने वाली सड़क डांगक्वाली में लोगों के बैठने के लिए बैंच लगाए गए हैं। बरसात के दिनों में इन बैंचों पर चीड़ का पेड़ गिर गया था। चीड़ का पेड़ बैंच पर इस तरह से गिरा है कि वहां पर बैठना संभव नहीं है। यहां पर चढ़ाई चढ़ने के बाद लोग आराम करते हैं, लेकिन जबसे यह चीड़ का पेड़ गिरा है, लोगों को यहां पर विश्राम करने में परेशानी हो रही है। लोगों ने वन विभाग से भी इस पेड़ को हटाने के लिए कहा लेकिन अभी तक इस पेड़ को नहीं हटाया गया है। लोगों ने वन विभाग से एक बार फिर से यह मांग दोहराई है कि इस पेड़ को जनहित में यहां से हटाया जाए। इस बारे में डीएफओ अंकित कुमार ने कहा कि इस पेड़ को जल्द हटा दिया जाएगा।

### प्रकृति परीक्षण अभियान का डीसी-एसपी से आरंभ



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आयुष विभाग ने प्रदेशव्यापी अभियान के तहत हमीरपुर जिले में भी 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक प्रकृति परीक्षण अभियान आरंभ किया है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. बृजनंदन शर्मा और विभाग के अन्य चिकित्सकों ने बुधवार को उपायुक्त अमरजीत सिंह और एसपी भगत सिंह ठाकुर का प्रकृति परीक्षण (स्वास्थ्य की जांच) करके इस अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उपायुक्त और एसपी का आभार व्यक्त करते हुए जिला आयुष अधिकारी डॉ. बृजनंदन शर्मा ने बताया कि प्रकृति परीक्षण अभियान की शुरुआत जिले के सर्वोच्च अधिकारियों से होने से आम लोग भी प्रकृति परीक्षण के लिए प्रेरित होंगे और आयुष विभाग का यह अभियान सफल साबित होगा।

### डीएवी स्कूल भड़ौली में मेधावियों का सम्मान



**नादौन।** डीएवी स्कूल में भड़ौली में वार्षिक पारितोषिक समारोह -संकल्प कम्मिटमेंट टू क्रिएट नोवल एंड वर्ड्युअल सोल) का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में विधायक ज्वालामुखी संजय रतन व विधायक पालमपुर आशीष बुटेल ने शिरकत की। कार्यक्रम में मैनेजर डीएवी भडोली कम प्रिंसिपल अंबोटा नमित शर्मा, प्रिंसिपल केएस गुलेरिया एआरओ एचपी जोन सी कम प्रिंसिपल डीएवी मनाली, प्रिंसिपल डीएवी कांगू सुरेश कुमार शर्मा, वाइस चेयरमैन डीओपीसीबी, प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा उनकी पत्नी अनीता राणा, प्रिंसिपल हमीरपुर महेंद्र ठाकुर, प्रिंसिपल धर्मशाला डॉ विपिन जिस्टू, डॉ. संजीव शर्मा एसडीएम ज्वालाजी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल भड़ौली के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। मुख्यातिथि आशीष बुटेल व संजय रतन ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें 31000 रुपए नकद राशि इनाम के रूप में दी। मुख्यातिथि द्वारा विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

### सुपरवाइजर, सिक्योरिटी गार्ड के साक्षात्कार 30 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 30 नवंबर को सुबह 11 बजे उपरोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या पास तथा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिसकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंग, जिन्हें 16,500 से लेकर 20,000 रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इच्छुक उम्मीदवारों से साक्षात्कार के लिए 30 नवंबर को सुबह 11 बजे उप रोजगार कार्यालय भोरंज में उपस्थित होने की अपील की है।

### नादौन पुलिस ने बरामद की 25 ग्राम हेरोइन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना नादौन की पुलिस टीम ने मसेह खड्ड के पास नाका लगा रखा था तो इस दौरान बस में बैठे एक व्यक्ति से 25 ग्राम हेरोइन/चिट्टा व 0.3 ग्राम अफीम बरामद कर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सड़क पर 6 महीनों से बह रहे पानी के खिलाफ सड़कों पर उतरे ग्रामीण

## माहड़े के ग्रामीणों की चेतावनी-दो दिन में समस्या हल न होने पर कंपनी का करेंगे घेराव

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

नेशनल हाईवे नंबर-3 के निर्माण कार्य में लापरवाही का खामियाजा माहड़े गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लगभग 6 माह पहले एनएच निर्माण कंपनी का एक टिप्पर इस सड़क पर गिरा था और उसने पानी की 4 से 5 पाइप व मुख्य पाइपलाइन को तोड़ दिया था। उन्होंने इसकी मरम्मत तो की मगर आज दिन तक ऋषव बंद नहीं हुआ। इसी जगह पर चाहड़ व बग्गी गांव की पाइप भी टूटी जिसे दो महीने बाद जोड़ा गया।

जब भी पानी की सप्लाई बाधित होती तो जल शक्ति विभाग के कर्मचारी इसी जगह पर पाइप को कट का निशान लगाकर पानी सुचारु करते हैं और सड़क पर कीचड़ व पानी ही पानी फैला देते हैं। ग्रामीणों ने विरोध जताया, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। यह पानी न केवल आवाजाही में बाधा बन रहा है, बल्कि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आम लोगों के लिए खतरा भी पैदा कर रहा है, जिससे यहां से गुजरने वाले लोग चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीण रजनीश चौहान ने इस बारे 1100 हेल्पलाइन नंबर पर भी शिकायत दर्ज करवाई लेकिन तीन महीने बीत जाने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों में एनएच निर्माण कंपनी व जल शक्ति विभाग की लापरवाही के कारण भारी आक्रोश है।

ग्रामीण आशा देवी, प्यार चंद, देश राज, प्रकाश चंद, निर्मला देवी, सिमरो देवी, जय देवी सहित अनेक ग्रामीणों ने मीडिया को अपनी समस्या बताई और प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की और निर्माण कंपनी को चेतावनी दी कि दो दिन में अगर इन पाइप को ठीक नहीं किया गया तो ग्रामीण कंपनी की गाड़ियों का घेराव करेंगे। (अनंत ज्ञान)



सड़क पर 6 महीनों से बह रहे पानी के खिलाफ सड़क पर उतरे माहड़ेवासी।

### कंपनी ने दिया समस्या के हल करने का आश्वासन

इस मामले पर एनएच निर्माण कंपनी के पानी विंग के सुपरवाइजर अनय सिंह से जब ग्रामीणों ने बात की तो उन्होंने अगले दिन ठीक करने का आश्वासन दिया। अब देखना है कि कंपनी क्या पहले की ही तरह टालमटोल करती है, समस्या का समाधान करती है, अगर समाधान नहीं हुआ तो आक्रोश फूटना तय है।

# भरमोटी खुर्द के पंचायतवासी बोले-हमें नगर परिषद नादौन से निकाला जाए

## ग्रामीणों ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नगर पंचायत नादौन को नगर परिषद का दर्जा मिलने के बाद इसमें शामिल होने वाली पंचायतों के निवासियों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। बुधवार को भी ग्राम पंचायत भरमोटी खुर्द के ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार से मिला और उनके माध्यम से मुख्यमंत्री को एक प्रार्थना पत्र भी भेजा।

नादौन शहर के साथ लगती भरमोटी खुर्द पंचायत के लोगों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि उन्हें नगर परिषद की बजाए पंचायत भरमोटी खुर्द में ही रहने दिया जाए, क्योंकि पंचायत घर हमारे गांव भरमोटी कलां के साथ ही लगता है, जबकि नगर परिषद कार्यालय यहां से करीब 2 किलोमीटर दूर है। प्रतिनिधिमंडल में विकास डोगरा, अमर सिंह, विमला देवी, सीमा देवी, राजेश कुमार, हेम राज, विरेंद्र कुमार, अजय कुमार, कृष्ण चंद, कमल कुमार, विकास, हंसराज, सुरजीत सिंह, अमर सिंह, अति कुमार, राज कुमारी, शिखा चौहान, काली दास, केवल कुमार, राजकुमारी, राज कुमार, सुनील कुमार, नानक चंद, भोला राम, अमित सैणी, रमणा दंवी, अमर सिंह सैणी, ममता रानी, अशोक कुमार, रजनीश, रसीला राम, अश्वनी कुमार, काकू, रमेश चंद बबयांश जैन सहित काफी लोग शामिल थे।

गांव वासियों का कहना है कि उनके घर पंचायत घर के पास ही है। पंचायत में विकास भी अच्छा हुआ और हो रहा है। गांव के अधिकतर लोग मनरेगा मजदूरी व कृषि पर निर्भर हैं, इस लिए गांव वासियों को नगर परिषद से हटाकर पंचायत में ही रहने दिया जाए। काबिलेगौर है कि नादौन नगर पंचायत को नगर परिषद का दर्जा मिलने से पहले इस क्षेत्र के केवल 17 घरों को शामिल किया जा रहा था और अब 17 घरों की बजाए 60 घरों के करीब 200 लोगों को नगर परिषद में शामिल किए जाने की कवायत शुरू दी है।



मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन को तहसीलदार को सौंपते गांववासी।

# राजेंद्र राणा जब चंडीगढ़ में 'रेहड़ी' लगाते थे, तब मेरे पास 'पेट्रोल पंप' था : सुरेश

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भोरंज के कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार ने पूर्व विधायक राजेंद्र राणा पर उनके आरोपों का जोरदार पलटवार किया है। सुरेश ने कहा है कि जिस समय राणा चंडीगढ़ में रेहड़ी लगाया करते थे, तब मेरे पास यहां पेट्रोल पंप था। उन्होंने कहा कि राजेंद्र राणा हमसे सवाल पूछने या आरोप लगाने से पहले जनता को यह बताएं कि बुड बिल्ला घटना क्या थी? उसमें कौन युवतियां शामिल थीं। मेरी अमीरी-गरीबी पर ज्यादा बोलने से पहले यह बताएं कि उनकी चेयरमैनी बुड बिल्ला कांड के समय चली कैसे गई थी।

मैंने राजनीति में लंबे समय से इमानदारी के साथ कदम रखा और यदि कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक में लोन का कोई वन टाइम सेटलमेंट हुआ है, तो वह नियमों के खिलाफ नहीं है। राणा को यदि फिर भी आरोप लगाने ही हैं, तो वह शपथ पत्र के जरिए लगाएं। राजेंद्र राणा के पास करोड़ों रुपए कहां से आए। दूसरे के कंधों को सीढ़ी बनाकर वह राजनीति में आए। फिर जो किया वह किसी से छिपा नहीं है। कॉन्फ्रेंस में डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती, राजेश आनंद और अन्य नेता मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता।

### चैरिटेबल अस्पताल के मामले को भाजपा के नेता कर रहे हाईजैक

केसीसी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने भी आरोप लगाया कि चैरिटेबल अस्पताल के मामले को भाजपा के नेता हाईजैक कर रहे हैं। अस्पताल को बंद करने की किसी ने कोई चिट्ठी नहीं लिखी है, न सरकार ने कहा है। जिस वन टाइम सेटलमेंट की बात को राजेंद्र राणा मुद्दा बनाकर उछल रहे हैं, वह सारी नियमों के तहत हुई है, लेकिन हमीरपुर का दुर्भाग्य यह है कि राजेंद्र राणा जैसे व्यक्ति कभी इधर, कभी उधर। जिले की राजनीति को मुकम्मल तौर पर दूषित कर रहे हैं।

### भोटा अस्पताल को लेकर विधायक आशीष व लखनपाल ने अस्पताल प्रशासन से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राधा स्वामी चैरिटेबल अस्पताल का पहली दिसंबर से बंद करने के निर्णय से क्षेत्र की जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। बुधवार को धरने पर बैठी महिलाओं व लोगों का साथ व समर्थन किया। इसके बाद विधायक आशीष शर्मा व इंद्रदत्त लखनपाल ने अस्पताल प्रशासन से मुलाकत की।

आशीष शर्मा ने कहा की जनहित में चल रहे ऐसे संस्थान जो लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाते हैं, उन पर गाज गिराना व उन्हें तालाबंदी की ओर ले जाना सरकार का निंदनीय निर्णय है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री से विनम्र निवेदन है कि समस्त जिला वासियों व आसपास के जिलों के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए संस्था को राहत प्रदान की जाए व जनहित में इस अस्पताल को बंद होने से बचाया जाए। ताकि लोगों को मिल रही बेहतर एवं निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं ऐसे ही जारी रहें।



### डीसी ने अणू में की अग्निवीर भर्ती की तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अणू के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में आयोजित होने वाली भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर उपायुक्त अमरजीत सिंह ने जिला के प्रशासनिक अधिकारियों, सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), डिग्री कालेज और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अणू ग्राउंड एवं डिग्री कॉलेज परिसर का निरीक्षण करके भर्ती रैली के लिए सभी आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने साई, डिग्री कॉलेज और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भर्ती रैली के लिए प्रबंधों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इस मौके पर सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल, एसडीएम संजीत सिंह, साई के उपनिदेशक मनोज अवती, डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल, उपप्रधानाचार्य डॉ. शशि शर्मा, प्राध्यापक संजय कानूनगो और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारियों को करने होंगे विशेष प्रयास : सीएमओ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में टीबी की जिला स्तरीय मासिक मूल्यांकन बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा, मेडिकल कॉलेज हमीरपुर, आयुर्वेदिक विभाग के सभी खंड चिकित्सा अधिकारी और क्षय रोग नियंत्रण से जुड़े समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया। इस मौके पर क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के लिए टीबीएस सोलन धर्मपुर से एमएस डॉ. राकेश पनवर ने विशेष रूप से भाग लिया। इस अवसर पर एमएस डॉ. राकेश पनवर ने हमीरपुर जिले में क्षय रोग उन्मूलन के अंतर्गत चल रही विभिन्न गतिविधियों व उपलब्धियों की समीक्षा की।

### नपं नादौन ने विकास कार्यों पर लगाई मुहर



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नगर परिषद नादौन की बैठक नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें शहर में करोड़ों के विकास कार्यों पर मुहर लगाई गई। बैठक में उपाध्यक्ष ऊषा सौंधी, पार्षद,सुषमा अवस्थी, सुमन कुमारी, मनोरमा देवी, अनीता कुमारी, महिंद्री जैन, कपिल शर्मा व योगराज के अलावा सचिव रमन शर्मा, कुलदीप कुमार भी उपस्थित रहे।

### सामान्य राजमिस्त्री एनआईटी में ले सकेंगे प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर के वास्तुकला विभाग ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत एक प्रभावशाली पहल की है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एचएम सूर्यवंशी और रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष ननौटी के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू की जाएगी। 28 नवंबर से इस योजना के तहत स्थानीय राजमिस्त्रियों को अपने कौशल को निखारने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। ।

### नरैण नगर में मिला 4 दिन पुराना युवक का शव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर पंचायत भोटा के पार्षद ने स्थानीय पुलिस को दूरभाष सूचना दी कि वार्ड नंबर 4 नरैण नगर भोटा मे एक लड़के का शव पड़ा हुआ है। इस सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हमीरपुर राजेश कुमार व थाना प्रभारी ललित मंहत पुलिस थाना हमीरपुर की टीम सहित मौका पहुंचे, जो पुलिस टीम के द्वारा प्रारम्भिक जांच मे पाया गया कि उक्त लाश 4-5 दिन पुरानी है तथा लोगों से पूछताछ करने पर यह पाया गया कि यह लाश सौरभ कांगू पुत्र नंद लाल निवासी भोटा की हो सकती है, जो उपरोक्त लाश की शिनाख्त इसके परिवारजनों से करवाना शेष है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच जारी की है। एएसपी राजेश सिंह ने बताया कि मामला कर जांच शुरू कर दी है।

### मिनी आंगनबाड़ी सहायकों को पूरा वेतन न देना सरकार की नाकामी : राजेंद्र राणा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने हिमाचल प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि राज्य में मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत सहायकों को पिछले 6 महीनों से पूरे वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। राजेंद्र राणा ने कहा कि इन सहायकों को केवल केंद्र द्वारा दी गई 3500 रुपए की ग्रांट इन ऐड ही मिल रही है, जबकि उनकी सैलरी 6700 रुपए है। प्रदेश सरकार द्वारा कागजी रूप से 300 रुपए का वेतन बढ़ौतरी का भी ऐलान किया गया था, लेकिन इसका लाभ इन सहायकों को नहीं मिल रहा।

उन्होंने यह भी कहा कि पहले तो प्रदेश में सुक्खू सरकार मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद करने का प्रयास कर रही थी, लेकिन विपक्ष द्वारा विरोध किए जाने पर सरकार ने मिनी आंगनबाड़ी को बंद तो नहीं किया, लेकिन सहायकों के वेतन में कटौती कर उनके परिवारों को संकट में डाल दिया है।

# 18 माह से लटकी है टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोशन सूची, बिना पदोन्नति रिटायर हो रहे टीजीटी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश में 700 टीजीटी शिक्षकों की प्रवक्ता पदोन्नति सूची पिछले 18 माह से जारी नहीं की गई है। जून 2023 में इसे निकालने और इसकी प्रक्रिया शुरू कर चुके शिक्षा विभाग ने नवंबर अब तक पदोन्नति सूची जारी नहीं की है। अब टीजीटी की वरिष्ठता सूची ताज मोहम्मद मामले के अनुसार संशोधित की जा रही है और प्रमोशन प्रक्रिया ठंडे बस्ते में है जबकि पात्र टीजीटी सेवानिवृत्त होते जा रहे हैं।

पिछले 18 माह में भी पदोन्नति की राह देखते अनेक टीजीटी रिटायर हो चुके हैं और इन शिक्षकों के हितों की रक्षा करना भी प्रदेश सरकार का ही कर्त्तव्य है। दो दशक से अधिक सेवाकाल पर प्रमोशन की राह देख रहे शिक्षकों की पदोन्नति सूची शीघ्र जारी करने की मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार को भेजी है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने प्रदेश शिक्षा सचिव को टीजीटी शिक्षकों की पीड़ा से अवगत करवाया है। संघ ने बताया कि प्रदेश में प्रवक्ता के तीन हजार पद रिक्त हैं और टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोशन से 700 पद भरने की प्रक्रिया इस सत्र में शुरू करते हुए जून माह में सारे दस्तावेज उच्च शिक्षा विभाग ने प्राप्त कर लिए थे। इनकी डीपीसी करके प्रमोशन सूची जून 2023 में ही जारी करनी थी मगर उसमें 7 माह का विलंब कर दिया गया। अब प्रमोशन सूची जारी करने की बजाय नए सिरे से आवेदन 31 जनवरी 2024 तक मांग लिए गए हैं।

पहले से लिए दस्तावेजों के आधार पर बने पैनल अनुसार प्रमोशन सूची जारी की जानी चाहिए थी जबकि 31 मार्च, 2024 तक आवेदन मांगे थे। लोकसभा चुनावों की आचार संहिता से यह सूची और विलंब में फंस गई और आज तक टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोशन सूची जारी करने की बजाए इसका इंतजार बढ़ाना सरासर गलत है क्योंकि सैकड़ों टीजीटी लंबी सेवा बाद भी बिना प्रमोशन ही रिटायर हो रहे हैं।

संघ ने सरकार से अपील की है कि बीआरसीसी भर्ती में को शीघ्र शुरू करते हुए इसमें टीजीटी शिक्षक वर्ग के हितों का ध्यान रखा जाए और भर्ती के मापदंडों में सुधार किया जाए। विभिन्न कारणों से अगर प्रमोशन सूची लंबित है तो उसे वैधानिक राय सहित अब जारी करना चाहिए ताकि रिटायरमेंट से पहले शिक्षक प्रमोट हो सकें। इस प्रमोशन का पैनल तब फाइनल हो चुका था जब इस सूची को जारी करने में कोई वैधानिक दिक्कत नहीं थी और फाइनल हो चुकी वरिष्ठता के आधार पर प्रमोशन सूची निकाली जानी थी।

**राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से की शीघ्र पदोन्नति सूची जारी करने की मांग**

### मार्च 2025 में होंगे टीजीटी कला संघ के चुनाव

टीजीटी कला संघ के नई कार्यकारिणी चुनाव मार्च, 2025 में संघ संविधान अनुसार होंगे। संघ का सदस्यता अभियान 28 फरवरी, 2025 तक चलेगा।

**पहल** जिले के 3 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को जल संरक्षण के लिए 25-25 हजार रुपए राशि जारी

# बारिश के पानी को बनाया जाएगा पीने के योग्य

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के तीन सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को छत्त पर जल संरक्षण के लिए 25-25 हजार रुपए की ग्रांट जारी की गई है, ताकि बरसात के पानी का संग्रहण करके उसे पीने लायक या फिर कीचन गार्डन में सिंचाई के लिए प्रयोग किया जा सके। हिम कॉस्टे ने यह राशि स्कूलों को जारी की है, ताकि स्कूल भी जल संरक्षण में अपना योगदान दे सकें।

प्रदेश विज्ञान प्रोद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद (हिम कॉस्टे) ने हमीरपुर जिले के राजकीय विरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैली जजरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या नादौन और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जौड़े अंब स्कूल को छत्त पर जल संरक्षण के लिए 25-25 हजार रुपए की ग्रांट जारी की है। इन स्कूलों के छत्तों से बहने वाला बरसात का पानी एक जगह एकत्रित किया जाएगा, ताकि इसे फिल्टर कर पीने योग्य बनाया जा सके या फिर स्कूलों के कीचन गार्डन में सिंचाई के तौर पर इसका इस्तेमाल किया जा सके क्योंकि बरसात के मौसम में बारिश का पानी अक्सर यूं ही खड्डों-नालों में बह जाता है।

अगर इसे हम टैंक इत्यादि के माध्यम से संग्रहित करते हैं, तो जहां स्कूलों में पानी की किल्लत खत्म होगी, वहीं बारिश का पानी सिंचाई इत्यादि में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। इससे स्कूलों के किचन गार्डन भी गर्मियों में सूखे का शिकार नहीं होंगे। अकसर देखने में आया है कि गर्मियों के मौसम में पानी की किल्लत से अकसर स्कूलों के किचन गार्डन भी सूख जाते हैं, उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है, ऐसे में छत्त पर बारिश के जल संरक्षण का लाभ संबंधित स्कूलों को आने वाले समय में मिलेगा, क्योंकि गिरते जलस्तर ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ाना शुरू कर दी हैं। ऐसे में समय पर जल संरक्षण के महत्व को नहीं समझा, तो आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश में भी पानी की खासी किल्लत लोगों को झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में जल संरक्षण ही हमें पानी की किल्लत से बचा सकता है। (अनंत ज्ञान)



स्कूल भी अब जल संरक्षण पर अपनी भूमिका निभाएंगे।



हमीरपुर जिले के तीन सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को बारिश का पानी जल संराण के लिए 25-25 हजार रुपए की ग्रांट जारी की गई है, ऐसे में इन स्कूलों में बरसात के पानी का संग्रहण किया जाएगा, ताकि गर्मियों के मौसम में बरसात के पानी को फिल्टर करके पीने लायक व कीचन गार्डन में सिंचाई सुविधा के लिए प्रयोग किया जा सके। हिम कॉस्टे ने इसकी राशि संबंधित स्कूलों को जारी कर दी है।

**राजेश गौतम, पर्यवेक्षक**
**जिला विज्ञान हमीरपुर**



## न्यूज ब्रीफ

### जोगिंद्रनगर में पार्किंग सुविधाओं के विस्तार की मांग



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** स्थानीय व्यापार मंडल ने शहर में पार्किंग सुविधाओं के अभाव और मुख्य बाजारों के सुंदरीकरण की समस्या को लेकर प्रदेश सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की है। बुधवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने विधानसभा क्षेत्र जोगिंद्रनगर के कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। मंडल ने अंग्रेजों के समय से बसे इस ऐतिहासिक शहर की मौजूदा पार्किंग समस्या का हवाला देते हुए रामलीला मैदान में अधूरी पड़ी बहुमंजिला पार्किंग परियोजना को शीघ्र पूरा करने की अपील की। व्यापार मंडल के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता, संयोजक कृष्ण कुमार, महासचिव सतवीर और कारोबारी राजकुमार सूद ने बैठक में बताया कि मंडी-पठानकोट हाईवे के किनारे प्रशासन द्वारा आरक्षित स्थानों पर केवल दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था है, जिससे छोटे चारपहिया वाहनों की समस्या और बढ़ गई है। कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने स्थानीय कारोबारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद शहरी विकास विभाग और मुख्यमंत्री को पत्राचार के माध्यम से बजट का प्रावधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर नालियों के विस्तार और सड़कों पर सुधार कार्यों के लिए निर्देश दिए।

### अवैध नशे के खिलाफ रोटरी की टास्क फोर्स तैयार



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** अवैध नशे के कारोबार से युवाओं के भविष्य को तबाह कर रहे माफिया के खिलाफ रोटरी क्लब ने कमर कस ली है। क्लब ने विशेष टास्क फोर्स का गठन कर माफिया के गढ़ में धरने और प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल ने बुधवार को जानकारी दी कि दिसंबर में एंटी ड्रग अभियान के दूसरे चरण के तहत जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस रैली में 100 से अधिक वाहन और सैकड़ों लोग शामिल होंगे। रैली के दौरान नशा माफिया के गढ़ों में पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। रोटरी क्लब की इस टास्क फोर्स में सेवानिवृत्त अधिकारी, पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापार मंडल, टैक्सी-ट्रक यूनियन के सदस्य और ग्रामीण क्षेत्र की संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल हैं। रोटरी के सचिव सुशील पठानिया ने बताया कि यह अभियान हर वर्ग को जोड़कर नशे के खिलाफ जन जागरूकता बढ़ाएगा। ड्रग पैडलर्स की गतिविधियों पर नजर रखने और पुलिस को सटीक जानकारी देने के लिए खुफिया इकाई गठित की गई है।

### कुत्ते के काटने पर एंटीरेबीज वैक्सीन जरूर लगवाएं



**अनंत ज्ञान, चंबा ।** बीते कल बुधवार को रेबीज और सांप के काटे जाने के इलाज पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला चंबा के सभागार में किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने बताया कि रेबीज एक जूनोटिक वायरल संक्रमण है जिसका इलाज एंटी रेबीज वैक्सीन द्वारा संभव है। उन्होंने कहा कि यह बीमारी 100 प्रतिशत जानलेवा है परंतु कुत्ते के काटने के तुरंत बाद एंटी रेबीज वैक्सीन लेने से बीमारी से बचाव संभव है। प्रशिक्षण के दौरान सहायक प्रोफेसर डॉ संजय कश्यप - राजकीय मेडिकल कॉलेज चम्बा ने प्रशिक्षुओं को जानवरों के काटे जाने पर विभिन्न श्रेणियों के घावों के प्रबंधन के बारे में बताते हुए कहा कि जब भी कुत्ता काटे तो साफ पानी और साबुन से घाव को अच्छी तरह धोएं जिससे 99 प्रतिशत रेबीज वायरस से बचाव होता है और शीघ्र ही स्वास्थ्य संस्थान में जाकर तीन टीके पहले-तीसरे और सातवें दिन लगवाकर बीमारी से बचा जा सकता है।

### आईजीएमसी शिमला ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सामुदायिक चिकित्सा विभाग-परिवार दत्तक कार्यक्रम के अधीन सामुदायिक चिकित्सा विभाग आईजीएमसी शिमला के प्राचार्य वा विभागाध्यक्ष डा अनमोल गुप्ता के सफल दिशानिर्देश, सह आचार्य वा कार्यक्रम प्रभारी डा अंजली महाजन के मार्गदर्शन, सह आचार्य डॉ विजय बरवाल, सहायक आचार्य डा गोपाल आशीष के निरीक्षण और उप प्रधान भोट वीरेंद्र ठाकुर की उपस्थिति और कर कमलों द्वारा बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन वा शुभारंभ नेहरू ग्राम विकास मंडल रझाना के परिसर में किया गया। बहु विशेषज्ञ जांच शिविर में लाभार्थियों को गैर संक्रामक रोगों की जांच सुविधा सामुदायिक चिकित्सा विभाग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका शर्मा और डॉ अर्चित शर्मा द्वारा प्रदान की गई। शिविर में आज भोट वा डॉ पारुल वा डा आकृति की अगुवाई और टुड में डॉ अनुज कौशल वा डा शाहनवाज की अगुवाई में जारी परिवार दत्तक कार्यक्रम से भी लाभार्थी जुटाए गए। इस शिविर में उच्च रक्तचाप जांच, मधुमेह जांच, हीमोग्लोबिन जांच की सुविधा विभाग द्वारा श्री संजीव कुमार फार्मेसी अधिकारी, श्री ईश्वर दत्त शर्मा सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुनीता की सहायता से उपलब्ध करवाई गई और एचबीए 1सी जांच व ईसीजी (1 लीड) की सुविधा यूएसबी द्वारा संगठित तौर पर जनसहयोग हेतु आशीष सकलानी यूएसबी कार्यकर्ता द्वारा प्रदान की गई। शिविर में कुल 50 लाभार्थी पंजीकृत हुए जिसमे 38 लाभर्थियों ने गैर संक्रामक रोगों की जांच सुविधाओं का लाभ उठाया। विभागाध्यक्ष डॉ. अनमोल गुप्ता ने एनएमसी के फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गत दिनों में आईजीएमसी शिमला के एमबीबीएस प्रशिक्षु चिकित्सकों ने सफ़लता का अमलीजामा पहनाया ।

#### जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में राजस्व व बागवानी विभाग से संबंधित कार्य पर समीक्षा बैठक आयोजित, कहा-

# लंबित मामलों में शीघ्र कार्रवाई करें अधिकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला मुख्यालय चंबा में राजस्व तथा बागवानी विभाग से संबंधित कार्य प्रगति बारे एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। राजस्व, बागवानी तथा जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला के राजस्व विभाग से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा उद्यान विभाग के अधिकारियों ने भी भाग लिया। बैठक में चर्चा के दौरान राजस्व तथा बागवानी विभाग से संबंधित कार्य प्रगति की समीक्षा के अलावा राजस्व विभाग से संबंधित लंबित मामलों बारे महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

बैठक में जगत सिंह नेगी ने कहा कि राजस्व से संबंधित लंबित मामलों को न्यूनतम समय अवधि में पूर्ण करना प्रदेश सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है जिसके लिए सरकार द्वारा विशेष अभियान के तहत राजस्व संबंधी कार्यों का निष्पादन किया गया है। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राजस्व विभाग से संबंधित लंबित मामलों में यथाशीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों में बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। बैठक में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल द्वारा गत जिला चंबा में वर्षों के दौरान राजस्व से संबंधित लंबित मामलों को हल करने के लिए किए गए प्रयासों तथा इस संबंध में कार्य प्रगति के अलावा जिला में राजस्व विभाग से संबंधित स्वीकृत पदों की तुलना में रिक्त पदों बारे राजस्व मंत्री को अवगत करवाया गया। उन्होंने राजस्व मंत्री को आश्वासन दिया कि भविष्य में भी प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश अनुसार राजस्व विभाग से संबंधित निशानदेही, तक्सीम तथा इंतकाल इत्यादि के मामलों को हल करने के लिए विशेष प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए जगत सिंह नेगी व अन्य।

इसके पश्चात जगत सिंह नेगी ने जिला चंबा में बागवानी विभाग से संबंधित कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए बागवानी विभाग के उपनिदेशक प्रमोद शाह को निर्देश दिए कि जिला में जलवायु भिन्नता के अनुरूप अलग-अलग बागवानी परियोजनाएं तैयार कर उन्हें मूर्त रूप दिया जाए तथा विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की फलदार बगीचे तैयार करने के लिए संबंधित क्षेत्र के लोगों को प्रेरित व प्रशिक्षित किया जाए ताकि क्षेत्र के लोग बागवानी को स्वरोजगार के रूप में अपना कर अपना सम्मान पूर्वक जीवन जी सकें। इस अवसर पर बागवानी विभाग के उपनिदेशक प्रमोद शाह ने बागवानी मंत्री को अवगत करवाया कि जिला में बागवानी से संबंधित कुल 32 क्लस्टर हैं, जिला में 327 सिंचाई टैंकों का निर्माण किया गया है जिनकी जल भंडारण क्षमता 88 लाख लीटर है जिला में वर्ष 2016 से अब तक विभिन्न प्रकार के लगभग एक लाख फलदार पौधे लगाए जा चुके हैं।

बैठक में विधायक चंबा नीरज नैयर, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, एडीएम अमित मेहरा, एसी टू डीसी पीपी सिंह, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश चंद तथा बागवानी विभाग के उपनिदेशक प्रमोद शाह उपस्थित थे।

### मातृ शक्ति बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का प्रावधान : डीसी

**चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि मातृ शक्ति बीमा योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2000-01 से आरम्भ की गई मांग पर आधारित योजना है जिसका मूल उद्देश्य निर्धनता की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की महिलाओं के लिए मुफ्त में बीमा कवर सुनिश्चित करना है।

उन्होंने यह भी बताया कि मातृ शक्ति बीमा योजना का प्रीमियम राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। योजना के अन्तर्गत विवाहित महिला को. पति की मृत्यु पर भी आर्थिक सहायता का प्रावधान है।

# चौरासी मंदिर में 21 किलो चांदी का बासुकी नाग स्थापित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर चौरासी मंदिर परिसर के मुख्य शिव मंदिर के शिवलिंग पर लगभग इक्कीस किलो चांदी धातु का बासुकी नाग का चिन्ह स्थापित किया गया। भरमौर,चम्बा सहित पंजाब एवं अन्य प्रांतों के समस्त शिव भक्तों के सामाजिक योगदान से ये बासुकी नाग का चिन्ह बनवाया गया।

भरमौर शनिदेव मंदिर के प्रमुख पुजारी सुमन शर्मा की अगुवाई में गत दो दिनों से भरमौर के मुख्य शिव मंदिर के प्रांगण में पूरे मंत्रोच्चार,पूजा एवं हवन,कीर्तन इत्यादि के बाद बुधवार दोपहर बाद विभिवत तरीके से बासुकी नाग की प्रतिमा को शिव लिंग के ऊपर सजाया गया। इससे पहले इस शिव मंदिर के इस लिंग के ऊपर तांबा धातु के बासुकी नाग की प्रतिमा थी,जिसे पूरी धार्मिक मान्यताओं एवं जरूरी धार्मिक औपचारिकताओं के बाद हटाकर इसी मंदिर परिसर में एक अन्य शिव लिंग पर स्थापित कर चांदी धातु को शिव लिंग के ऊपर ये चिन्ह स्थापित किया गया। लाखों रुपए से बने बासुकी नाग के चिन्ह में शिव भक्तों का योगदान रहा। पिछले तीन दिनों से चली इस पूरी धार्मिक प्रिक्रिया के दौरान पहले



दिन पांच पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के बाद बासुकी नाग के स्नान की प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। दूसरे दिन बासुकी नाग की प्रतिमा को पालकी में बिठाकर नगर परिक्रमा करवाई गई तथा तीसरे दिन हवन के उपरांत शिव लिंग के ऊपर सजाया गया।

भरमौर व्यापार मंडल की अगुवाई में चले इस कार्यक्रम में काकू वर्मा, नरेश बीमा, देश राज शर्मा, सुमन शर्मा, कुलदीप ठाकुर, तिलक शर्मा, कारण शर्मा, कालू शर्मा, रंजीत शर्मा, मोहिंद्र पटियाल, सुरेश शर्मा, सुरिंद्र शर्मा, हरि शरण, बाबा पंचम गिरी, कन्हैया शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, मनोज ठाकुर के अतिरिक्त भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सावरकर के सानिध्य में रहे थे स्वतंत्रता सेनानी भाई हिरदाराम

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

स्वतंत्रता सेनानी भाई हिरदाराम का जन्म 28 नवम्बर, सन् 1885 को रियासत कालीन राजधानी मंडी नगर में गज्जन सिंह के घर में हुआ। आठवीं तक शिक्षा के बाद इन्होंने स्वर्णकार का कार्य आरंभ किया और सरला देवी से प्रणय बंधन में बंध गए। इनके शौक को देखकर पिता उनके लिए पुस्तकें मंगवाते रहते थे।



क्रान्ति संबंधी साहित्य पढ़ने पर इनके मन में देश प्रेम का जोश उमड़ने लगे। उन दिनों स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए लोग छटपटा रहे थे। सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को अंग्रेजों ने गदर / विद्रोह का नाम दिया था। उन्होंने भी स्वतन्त्रता आन्दोलन में योगदान देने का मन बना लिया। 2 जून 1913 को युगान्तर आम सानफ्रांसिस्कों में गदर पार्टी की स्थापना की गई। यहां से लाला हरदयाल ने 'गदर की गूंज' सप्ताहिक पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ किया। वे गदर पार्टी के प्रमुख सदस्य बनने के साथ मंडी में गदर पार्टी की स्थापना की गई।

ये बंगाल के प्रसिद्ध क्रांतिकारी रास बिहारी बोस पंजाब के क्रांतिकारियों के बुलावे पर जनवरी, 1915 में अमृतसर आए। रानी खैरगढ़ी ने भाई हिरदा राम को बम बनाने के प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रास बिहारी बोस के पास भेजा। बोस ने वायसराय पर बम फेंका तथा वे दिल्ली और लाहौर बम षड्यंत्र के भी अभियुक्त थे।

जोखिम भरे कार्य के लिए परमानंद, डॉ. मथरा सिंह और भाई हिरदा राम चुने गए। भाई हिरदा रास बिहारी बोस के विश्वासपात्र तथा निकटतम साथी बन गए। वहीं भाई हिरदाराम तथा साथियों को गिरफ्तार करके लाहौर सेंट्रल जेल भेज दिया गया। भाई हिरदाराम की पैरवी करने वाला कोई नहीं था। इस लाहौर बम कांड में 81 अपराधियों पर सरकार बनाम आनन्द किशोर तथा अन्यों पर मुकद्दमा चलाया गया। वहीं फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया।

# दवा विक्रेताओं पर कसा शिकंजा, प्रतिबंधित दवाइयां बरामद

**ओपी शर्मा, चंबा**

जिला चंबा में बीते कल ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन, जिला सीआईडी, एंटीनाकोर्टेक्स टास्क फोर्स कांगड़ा तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन के सांचा अभियान में जिला मुख्यालय के दवाई की दुकानों में दबिश देकर आश्चर्यचकित मामले उजागर कर दिए।

बता दें कि नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान के अंतर्गत जहां पुलिस अपनी एक्शन मोड में है तो वही एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, जिला ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन सीआईडी चंबा ने सांझा अभियान में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए निजी दवा विक्रेताओं को अपना निशाना बनाया तो वही जिला के तीन सरकारी अस्पतालों में चल रही



दवा की दुकानों में दबिश देकर बड़ी कार्रवाई को अमल में लाया। जहां प्रतिबंधित नशीली तथा आदत पैदा करने वाली दवाओं का जखीरा बरामद किया गया।

इस अभियान में अभी तक 15 निजी वे तीन सरकारी अस्पतालों की दावों की दुकानों पर नशीली दावों तथा आदत पैदा करने वाली दवाओं को बरामद कर जब्त कर लिया गया। कुछ ऐसा भी रिकॉर्ड दल के हाथ लगा है जो शक के घेरे में है और जिसकी जांच प्रक्रिया जारी है। जानकारी के अनुसार करीब दर्जन भर मेडिकल स्टोरों को नोटिस भी जारी कर दिए गए हैं कि वह जल्द से जल्द अपना रिकॉर्ड संबंधित विभाग को प्रस्तुत करें।

ऐसी कार्रवाइयों को लेकर अपनी रूपरेखा तैयार कर रहा है तो वही पुलिस प्रशासन ने भी चंबा कि सीमावर्ती चेक पोस्टों पर उचित दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं कि बाहर से आने वाली दवाइयां पर नजर रखी जा सके अब देखना यह है कि जिला चंबा ड्रग माफिया ने किस तरह अपने पांव पसारे हुए हैं यह भविष्य में होने वाली कार्रवाइयों से ही साफ हो पाएगा।

# चंबा में पर्वतारोहण गतिविधियों पर आगामी आदेशों तक प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला दंडाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुकेश रेपसवाल द्वारा ज़िला में सार्वजनिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 34 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में ट्रैक और चोटियों पर ट्रैकिंग व पर्वतारोहण गतिविधियों पर आगामी आदेशों तक रोक लगाई गई है।

उन्होंने जारी किए गए आदेश में कहा है कि चूंकि जिला चम्बा ट्रैकिंग और पर्वतारोहण से जुड़ी गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण है। पर्यटकों को सर्दी के मौसम के दौरान अचानक मौसम बिगड़ने, भारी बर्फबारी और एवलांच के खतरे से बचाव के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है।

उन्होंने टूर ऑपरेटर, गाइड और आम व्यक्तियों को जारी किए गए आदेश का पालन करने के निर्देश दिये है। उल्लंघन करने वालों पर आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 और अन्य लागू कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस, वन विभाग और स्थानीय प्रशासन इन आदेशों की सख्ती से से अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे तथा नियमित गश्त करेंगे। आपातकालीन या वैज्ञानिक अभियानों के लिए विशेष अनुमति दी जा सकती है। यह आदेश सार्वजनिक सुरक्षा के हित में जारी किए गए है।

# बंदरों के झुंड ने अचानक एक छात्रा पर किया हमला, घायल

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

विकासखंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनीखेत के वार्ड नंबर 06 पद्दर एनएचपीसी कॉलोनी में आज बंदरों के झुंड के हमला कर एक छात्र को अचेत दिया।

बता दें बंदरों के झुंड ने अचानक अपने राह आ रही लड़की पर अचानक पीछे से हमला कर दिया जिससे लड़की घबराहट के मारे अचेत होकर गिर गई जिस पर अन्य राहगीरों ने बंदरों के झुंड को वहां से भगाया तथा लड़की को प्राथमिकी देते हुए बचाया।

इन दिनों बनीखेत क्षेत्र में लावारिस कुत्तों तथा बंदरों का आतंक चरम पर है जिसको लेकर हर बनी खेतवासी के दिल में डर व्याप्त है इस बारे में स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन तथा ग्राम पंचायत को अवगत भी करवाया किंतु इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए । दिन प्रतिदिन आवारा कुत्तों तथा बंदरों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है, जिसको लेकर छोटे बच्चों बुजुर्गों का अकेले निकलना किसी खतरे से कम नहीं है। वहीं पद्दर वार्ड में आज के हमले से पूर्व कई बार लावारिस कुत्तों तथा बंदर के झुंडों के हमले का लोग शिकार हुए हैं। अगर इन पर जल्द ही अंकुश न लगाया गया तो यह आने वाले समय में बड़े खतरे का कारण बनते दिखाई दे रहे हैं।

लोगों ने स्थानीय ग्राम पंचायत तथा प्रशासन से गुहार लगाई है कि कोई जल्द से जल्द लावारिस कुत्तों तथा बंदरों पर कोई ठोस कदम उठाए ताकि लोगों को उनके हमलों से निजात मिल सके ।( अनंत ज्ञान)

# बाल मेले में बच्चों ने अपने मॉडलों की लगाई प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरु चंबा के तत्वाधान दो दिवसीय जिला स्तरीय बाल मेला का आयोजन किया गया। यह मेला 28 नवंबर तक चलेगा। इस जिला स्तरीय बाल मेला में चंबा सदर विधायक चंबा सदर विधायक नीरज नैय्यर ने बतौर मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की, कार्यक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरु चम्बा की और से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह, शॉल टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया।



इस बाल विभिन्न स्कूलों से आए हुए बच्चों ने खुद के बनाए गए मॉडल को इस बाल मेले में रखा था जिसको कि विधायक ने बहुत सराहा। इस मौके पर चंबा सदर के विधायक नीरज ने कहा कि यह बाल मेले जोकि कई वर्षों के बाद यहां डाइट सरू में आयोजित किया गया है जिसके विभाग बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हमारे शिक्षा मंत्री जब चंबा आए थे तो वह चंबा जिले के लिए खासकर स्कूल की बेहतरी के काफी कुछ करके गए है।

| सूडोकु 00130 | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

मध्यम

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 00129 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

# चुराह के डॉ. सुभाष कुमार को मिला युवा वैज्ञानिक पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, तीसा**

आकांक्षी जिला चंबा के उपमंडल चुराह निवासी डॉ. सुभाष कुमार (एमफिल, पीएचडी) को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान कृषि अनुसंधान एवं सामाजिक विकास सोसायटी नई दिल्ली और दक्षिणी संघीय विश्वविद्यालय रोस्तोव-आन-डान रूस की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कृषि प्रौद्योगिकी और संबद्ध विज्ञान में प्रगति में माइक्रोबियल जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दिया गया है। उन्होंने विज्ञान और समाज के लिए अपने उत्कृष्ट शोध योगदान के लिए अब तक 20 से अधिक रिसर्च आर्टिकल इंटरनेशनल साइंटिफिक जर्नल में प्रकाशित किए हैं।

डॉ. सुभाष को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-नई दिल्ली (साहित्यिक अवलोकन) से युवा शोधकर्ता पुरस्कार से भी नवाजा गया था। वर्तमान में डॉ. सुभाष कुमार खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग युंगनाम विश्वविद्यालय दक्षिण कोरिया में पोस्ट डाक्टरल रिसर्चर के रूप में कार्यरत हैं।

# सीनियर सिटीजन ने डीसी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रदेश सरकार द्वारा लगातार राज्य की जनता के ऊपर टैक्स का बोझ डालकर सरकार चलाने की कोशिश कर रहे प्रदेश मुख्यमंत्री सुक्खू पर चंबा के वरिष्ठ नागरिकों का गुस्सा अब सड़कों पर उतर आया है।

चंबा के इन वरिष्ठ नागरिकों ने उपायुक्त चंबा मुकेश के माध्यम से प्रदेश मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कड़े शब्दों में चेताया है कि हाल ही में जो इस प्रदेश सरकार ने जो पानी के ऊपर बढ़ोतरी की है, उसको अगर सुक्खू सरकार तुरंत



प्रदर्शन करते हुए सीनियर सिटीजन।

वापस नहीं लेती है तो जनता का आक्रोश इससे भी ज्यादा बढ़ सकता है और चंबा के लोग इसके बाद किसी भी हद तक और भी आगे जा सकते है। उपायुक्त कार्यालय के बाहर नारे लगा रहे यह सभी चंबा के वरिष्ठ नागरिक है, यह सभी लोग प्रदेश की सुक्खू सरकार पर हाल ही में पानी के बिल पर की गई बढ़ोतरी को लेकर गुस्साए हुए है, इन लोगों का कहना है कि इस सरकार ने जो तानाशाही और डिक्टेटर शिप चलाई हुई है, उसको समय रहते बंद नहीं किया गया तो प्रदेश सरकार का आने वाला समय मुसीबतों भरा हो सकता है।

जय सिंह ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सुक्खू सरकार ने चुनावों से पहले जो वायदे जनता से करके सत्ता हासिल की थी उसके विपरीत आज यह सरकार कम कर रही है।

## आज का पंचांग

28 नवंबर, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** त्रयोदशी (पूर्ण रात्रि): **नक्षत्र** चित्रा (7:36), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** सौभाग्य (04:00) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:48-12:30), **राहुकाल** (01:27 -02:46)।

**विशेष दिन**

- 28 नवंबर 2024 : प्रदोष व्रत आज।
- 29 नवंबर : संत ज्ञानेश्वर पुण्य दिवस कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आत्मविश्वास से भरे हैं स्थिति आपसे अपने दृष्टिकोण पर दृढ बने रहने की अपेक्षा कर सकती है। चुप्पी को गलत समझा जाएगा।

**वृषभ:** अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। छोटी परेशानियां आपको घेरे रहेंगी। आपके फैसले से ऐसी किसी व्यक्ति को दुःख न हो जो भावनात्मक रूप से निर्भर है।

**मिथुन:** आपमें समर्पण की अद्भुत भावना आ गयी है। आपको परिवार से जुडी कई जिम्मेदारियां निभानी हैं और आप ऐसा बहुत अच्छे से करेंगे।

**कर्क:** आज आप परिवार के लिए समय निकाल सकते हैं, बाहर जाने का कार्यक्रम बनाएं तो बेहतर रहेगा। गलतफहमियां दूर होंगी।

**सिंह :** आज छोटी सी परेशानी से तनाव न लें। थोड़ा तनाव तो आपको कार्य करने के लिये प्रेरित करता है। यह उन्नति के लिए भी महत्व रखता है।

**कन्या :** आप खुद पर संयम बना के रखें ताकि आपको कोई शारीरिक परेशानी न हो। खासकर तब जब आप दूसरों से अपनी परेशानी छुपते हैं।

**तुला:** अस्वस्थता के बावजूद आपकी लगन तारीफ के लायक है, आप लगातार मेहनत करते रहेंगे, ताकि आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

**वृश्चिक:** नकारात्मकता लाने वाले लोगों से दूर रहें। जानकर अचरज होगा कि जिसे हमराज समझते थे, वही आपके बारे में उलटी-सीढ़ी बातें फैला रहा है।

**धनु :** आज आप घर और ऑफिस दोनों स्थानों पर शान्तिपूर्ण माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। आपका यह अनुभव मजेदार रहेगा और आप इससे प्रेरित भी होंगे।

**मकर :** किसी भी काम को तुरंत तैयार होकर शुरू करने से पहले गंभीरता से तर्क की कसौटी पर परख लेना ही ठीक होगा। संतान पक्ष से सहयोग में कमी होगी।

**कुंभ :** बातचीत और लेन-देन के लिए समय अच्छा हैं। उधार दिया धन वसूल होगा। नौकरी में पद, प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा।

**मीन:** नजदीकी दोस्त आपका साथ देगा। यह दोस्त आपका जीवनसाथी या भाई बहन भी हो सकते हैं। किसी नवीन वस्तु की खरीददारी होगी।

## हुनर

### एचटूओ हाउस एवं एचटूओ आनंदम चमीणु में किया कार्यशाला का आयोजन

# अमेरिकन व ब्रिटिश कला प्रेमियों ने जानी चंबा रूमाल कला

**अनंत ज्ञान, चंबा**

आहिल्या हॉलीडेज व नाट आन मैप एचटूओ हाउस चमीणू की ओर से बुधवार को एचटूओ हाउस एवं एचटूओ आनंदम में चंबा रूमाल पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 15 अमेरिकन व ब्रिटिश कला प्रेमियों ने भाग लेते हुए चंबा रूमाल का महत्व जानने के साथ ही इसे तैयार करने के बारे में जानकारी हासिल की। पद्मश्री ललिता वकील, नेशनल अवार्डी अंजली वकील, नेशनल अवार्डी दिनेश कुमारी, स्टेट अवार्डी इंदू शर्मा, परीक्षित शर्मा तथा ज्योति नाथ ने कला प्रेमियों चंबा रुमाल के तैयार करने के बारे में विस्तार से बताया।



कार्यशाला में पहुंचने पर आहिल्या हॉलीडेज व नाट आन मैप एचटूओ हाउस चमीणू की ओर से कला प्रेमियों का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान चंबा के किड्स इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सुल्तानपुर की छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से मौजूद सभी लोगों का मन मोह लिया। गदयाली नृत्य भी आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। पदमश्री ललिता वकील व नेशनल अवार्डी अंजली वकील सहित अन्य कलाकारों ने कहा कि कला प्रेमियों को कला के बारे में शुरू से लेकर अब तक हुए विकास के बारे में बताया गया।

> चंबा रुमाल व संस्कृति से कला प्रेमियों को अवगत करवाने के उद्देश्य से चमीणू में स्थित एचटूओ हाउस व एचटूओ आनंदम में आयोजित कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान अमेरिकन व ब्रिटिश कला प्रेमियों के दल को चंबा की संस्कृति व कला से रूबरू करवाया गया।
>
> -ईशा शर्मा, संचालक आहिल्या ट्रैवल।

> एचटूओ हाउस में आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य देश सहित विदेश के कला प्रेमियों को चंबा की कला व संस्कृति से रूबरू करवाना था। यहां पहुंचे कला प्रेमियों को जब चंबा की कला व संस्कृति से अवगत करवाया गया तो वे काफी खुश हुए। उन्होंने यहां की कला व संस्कृति की खूब सराहना की। इस प्रकार के कार्यक्रमों से संस्कृति व कला का प्रसार किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसके बारे में जानकारी मिल सके।
>
> -रेणू शर्मा, संचालक एचटूओ हाउस व एचटूओ आनंदम।

**जब** तक आप सामाजिक स्वतंत्रता नहीं हासिल कर लेते, कानून आपको जो भी स्वतंत्रता देता है, वो आपके किसी काम की नहीं। **- डॉ. भीमराव अंबेडकर**

## संपादकीय

# युद्ध विराम से शांति

इसराइल और लेबनानी गुट हिज्बुल्लाह के बीच आखिर लंबे अर्से बाद युद्ध विराम हो ही गया। इस नेक काम में अमेरिका ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। युद्ध किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं होता, क्योंकि उससे देश के विकास को ग्रहण लग जाता है। युद्ध में मानव जीवन की बहुत बड़ी हानि हो जाती है, जिसमें हजारों सैनिकों और नागरिकों दोनों की जान जाती है। आवासीय क्षेत्रों का विनाश होता है और उससे लोग बेघर हो जाते हैं। युद्ध के कारण लोगों को अपने घरों से पलायन करना पड़ता है, जिससे वे शरणार्थी बन जाते हैं। लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी युद्ध का बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। तनाव, अवसाद और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं प्रभावितों को कई सालों तक परेशान करती रहती हैं। युद्ध में जहां आर्थिक विनाश होता है जिसमें उद्योगों, व्यापार और बुनियादी ढांचा पूरी तरह से हिल जाता है तो वहीं, वित्तीय संकट भी पैदा हो जाता है। मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और आर्थिक मंदी के कारण देश में भुखमरी जैसी स्थिति हो जाती है। व्यापार और उद्योग पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। उत्पादन में कमी, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और बाजार में अनिश्चितता छाई रहती है।

युद्ध में पर्यावरणीय विनाश की वजह से वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगते हैं। प्रदूषण का स्तर भी काफी बढ़ जाता है, जिसमें वायु, जल और मिट्टी प्रदूषण शामिल रहता है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि युद्ध से जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा मिलता है जो मानव जीवन को प्रभावित करता है। हिजबुल्लाह और इसराइल में हुए सीजफायर की शर्तें काफी कड़ी हैं। समझौता फिलहाल 60 दिनों के लिए किया गया है, लेकिन यह तय है कि युद्ध विराम की इस छोटी सी अवधि में लाखों लोगों को राहत मिलेगी। समझौते के तहत इसराइली सैनिक लेबनान से वापसी करेंगे। वहीं, हिजबुल्लाह लड़ाके भी दक्षिणी लेबनान में इसराइली सीमा से पीछे हटेंगे। जो एनर्जी युद्ध में लग रही है, वो अब विकास कार्यों में लगेगी। अमेरिका की मध्यस्थता के बिना यह युद्ध विराम समझौता असंभव था। दोनों देशों को अमेरिका का धन्यवाद करना चाहिए। दुनिया के दूसरे देश भी इस समझौते को अहम मान रहे हैं और अमेरिका के साथ-साथ इसराइल और लेबनान को बधाइयां दे रहे हैं। अमेरिका ने जो समझौता करवाया है उस पर अमल भी शुरू हो गया है। हिजबुल्लाह नेताओं ने भी इस समझौते पर शुरुआती समर्थन जता दिया है। इससे दोनों पक्षों के लिए संघर्ष से बाहर निकलने का रास्ता दिखा है और लेबनान में शांति आने की उम्मीद बंधी है।

इस युद्ध में इसराइल की बमबारी से बड़ी तादाद में लेबनानी लोगों का जानमाल का नुकसान हुआ है। इसराइल में भी करीब 50 हजार लोग युद्ध की वजह से विस्थापित हुए हैं। इसराइल ने इस बात पर जोर दिया है कि हिजबुल्लाह समझौते का उल्लंघन करता है तो उसे हमले का अधिकार होगा। साथ ही अमेरिका के नेतृत्व में एक अंतरराष्ट्रीय निगरानी समूह इस पर नजर रखेगा कि दोनों पक्ष समझौते की शर्तों का ईमानदारी से पालन कर रहे हैं या नहीं। हिजबुल्लाह अभी भी यह कह रहा है कि इस समझौते के लिए उसका समर्थन इस आश्वासन पर निर्भर करता है कि इसराइल अपने हमले फिर से शुरू नहीं करेगा। इसराइल और लेबनान निश्चित रूप से आक्रामकता का अंत चाहते हैं, लेकिन देखने वाली बात यह है कि किसी की संप्रभुता खतरे में नहीं पड़नी चाहिए। युद्ध विराम का उद्देश्य शत्रुता का स्थायी अंत करना होना चाहिए ताकि प्रभावित दोनों देश अपनी छोटी-छोटी बातों के लिए आमने सामने न आएं। इस युद्ध विराम के बाद अब गाजा में युद्ध विराम समझौते, बंधकों की रिहाई और मानवीय सहायता पर लगे प्रतिबंधों को हटाने की दिशा में भी कदम उठाने चाहिए, क्योंकि इससे दुनिया के कई देशों पर प्रभाव पड़ रहा है। वहरहाल, इस समझौते के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं, लेकिन अभी यह देखना बाकी है कि क्या यह युद्ध विराम टिकेगा। यह समझौता सफल रहा तो क्षेत्र में शांति का रास्ता खुल सकता है। हालांकि, फिलिस्तीन में शांति के बिना यह संभव नहीं है। ऐसे में यह भी देखना होगा कि गाजा में चल रहे संघर्ष का क्या होता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि युद्ध विराम की शर्तों का पालन होगा और दोनों देश खुद जिएंगे और दूसरों को भी जीने देंगे की नीति पर चलेंगे। ■

# किसान को कब तक करना होगा सब्र



किसी उत्पाद को विश्व के बाजार में बेचने के लिए आज बहुत स्पर्धा और जोखिम भरा कार्य है। यदि उत्पाद की मांग बाजार में नहीं बढ़ी तो उत्पादन करने वाली कंपनी उत्पाद को ही बंद करके दूसरे उत्पाद को बाजार में लाने के लिए प्रयत्नशील हो जाती है। आज विज्ञापन के इस युग में उत्पाद बाजार में आने से पहले उत्पादन का विज्ञापन तेजी से टीवी पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर अखबारों में यहां तक कि अब सोशल मीडिया पर भी विज्ञापनों की भीड़ लग गई है। उत्पादन के बारे में जनता में जिज्ञासा पैदा किया जाता है फिर जब ग्राहक बाजार में उत्पाद लेने जाता है तो पता चलता है उत्पाद अभी बाजार में नहीं है। अभी तो विज्ञापन है।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि पालमपुर

जब उत्पादक को पता लग जाता है कि उत्पादन के लिए जनता बाजार में दौड़ रही है। तब कुछ उत्पाद बाजार में लाता है परिणामस्वरूप उत्पाद बाजार में तथा जनता में अपनी पहचान बना लेता है। इसको एक उदाहरण से समझा जा सकता है पहले मैगी का प्रचार किया गया, बस 2 मिनट कुरकुरे का प्रचार टेढ़ा है पर मेरा है। यह सब लोगों के दिमाग में आज भी है और देखते-देखते मैगी कुरकुरे, अंकल चिप्स, बिस्किट, कोल्ड ड्रिंक का बाजार शहर से गांव तक पहुंच गया। क्या अमीर क्या गरीब हर के घर में आज इस तरह के उत्पाद का प्रयोग दिनचर्या और एक स्टेटस सिंबल बनता जा रहे हैं। कृषि के क्षेत्र में किसान पहले से अपने उत्पाद का विज्ञापन कर ही नहीं सकता है। कारण की खेत में फसल बीजने के बाद यह सुनिश्चित नहीं होता है कि फसल तैयार होने के बाद घर में आएगी या नहीं। फसल को प्रकृति, जंगली जानवर, अति वृष्टि, तूफान से भी से बचाना होता है। जब इनसे बच जाता है तब घर में आता है। इस कारण किसान अपने किसी कृषि उत्पाद का प्रचार नहीं कर सकता है। अगर किसान मडुवा, बाजरे, कोदो, प्याज, मटर आदि फसलों की खेती करता है।

उसका विज्ञापन देने की बात सोच नहीं सकता है। इन फसलों का उत्पादन निश्चित होता है कम भी हो सकता है, परंतु प्रति हेक्टेयर जो निर्धारित उपज सुनिश्चित है से ज्यादा तो हो नहीं सकता है, परंतु फैक्टरी के उत्पाद को बढ़ाया जा सकता है। कारण वह एक सुरक्षित वातावरण में और संरक्षित तकनीकी के प्रयोग से आधुनिक मशीनों की सहायता से उत्पादित किया जाता है, जिसकी पैकिंग भी आधुनिक होती है और मूल्य भी उत्पादक के द्वारा निर्धारित करके बाजार में लाया जाता है, लेकिन कृषि में यह संभव कदापि नहीं हो सकता है। फसल सुरक्षित वातावरण में नहीं उगाई जाती है नहीं उसकी खूबसूरत पैकिंग किसान करके बाजार में भेज सकता है। किसान तो साधारण जूट के या प्लास्टिक के बोरे में पैक करके ले जाकर बाजार में बेच देता है। किसानों के उत्पाद का मूल्य खरीददार तय करके खरीदता है। किसान अपने किसी उत्पाद को कभी अपने मूल्य पर आज तक नहीं बेच पाया है।

जब भी बेचता है खरीददार के मूल्य पर ही बेच देता है। उसके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं होता। वह उत्पाद घर लेकर जाएगा तो ट्रांसपोर्ट का खर्च बढ़ेगा। नहीं मंडी में भंडार की सस्ती व आधुनिक सुविधा होती है। जहां वह अपने उत्पाद को दो तीन दिन या महीने भर तक भंडार में रख सके और सरकार द्वारा यह भी सुविधा नहीं है कि किसानों को वह जो उत्पाद भंडारण गृह में रखते हैं। उसके ऊपर सरकारी या बाजार मूल्य के दर से कुछ दिन या महीने भर के लिए ऋण दे दिया जाए, जिससे किसान अपनी तत्काल की जरूरत को पूरा कर सके और भंडारण में रखे। उत्पाद को बेचने पर वह ऋण वापस करदे। पर उस ऋण पर ब्याज बैंक न ले। किसानों के पास उद्योगपतियों की तरह धन नहीं होता है कि अपने उत्पाद को अधिक समय तक भंडारण करके रख सके और बाजार को प्रभावित कर सके। किसान अपने उत्पाद का भंडारण नहीं कर सकता कारण कि उसको अपनी अगली फसल बीजने के लिए धन चाहिए, तो फसल बेचना अति आवश्यक है।

भारत में किसानों और खेती की स्थिति दिन प्रतिदिन बहुत खराब होती जा रही है। अगर किसानों के आत्महत्या की बात की जाए, तो 1995 से 2022 तक देश में लगभग 4 लाख किसान अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं किसानों को आत्महत्या से बचाने के लिए दो ही रास्ते हैं एक किसानों को उनके उत्पाद का सरकारी न्यूनतम मूल्य कानूनी तौर पर मिले। दूसरा उनके ऊपर जो बढ़ता कर्ज है उसको माफ किया जाए। जब सरकार कॉर्पोरेट घराने को 1 लाख करोड़ तक का टैक्स छूट दे सकती है यह कह कर की छूट देने से देश में रोजगार बढ़ेगा पर ऐसा होता नहीं है और उनके ऋण को एनपीए कर दिया जाता है। तो किसानों के ऋण को माफ करने में क्या परेशानी है। किसान बस इलेक्ट्रोरल बांड नहीं खरीद पाता है इस कारण ऋण नहीं माफ किया जा रहा है। यहां हम यह कह सकते हैं कि देश के किसानों और कृषि को बचाने के लिए हर साल बजट में कृषि और किसान विकास के लिए, जीडीपी का 4 फीसद कृषि के क्षेत्र में लगाया जाए, कारण कि देश की आधी आबादी को आज भी कृषि क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध होता है। अगर कृषि में अधिक धन खर्च होगा तो पढ़े लिखे कृषि स्नातक स्नातकोत्तर के छात्र भी कृषि को रोजगार मानकर आगे आएंगे।

कृषि देश के विकास में अपनी अहम भूमिका जैसे पहले निभा रही थी। 30 से 40 फीसद की जीडीपी में भागीदारी थी उसे और आगे बढ़ाया जा सकता है तथा देश में खाद्यान्न सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सकता है।

यदि किसानों और कृषि के लिए बजट में लगातार धन की कमी होती गई, तो एक दिन देश से कृषि और किसान दोनों समाप्त हो जाएंगे। बस केवल बचेंगे तो खेत में मजदूर होकर मजबूरी में काम करने वाले। बस वह अपने पेट पालने तक सीमित रह जाएंगे न उनका विकास खुद का होगा न परिवार का होगा। अगर सही अर्थ में किसी का विकास होगा, तो बस खेती में लगे कार्पोरेट घराने का या बड़े किसानों का। सीमांत और छोटे किसान ऐसे ही गायब हो जाएंगे। हम यहां कह सकते हैं कि यदि देश को आगे बढ़ाना है करोने जैसे महामारी में रोजगार मिलता रहे कार्य होता रहे, तो देश के अस्सी प्रतिशत छोटे सीमांत मझोले किसानों को ऋण, बीमा और स्वास्थ्य की सुविधा के साथ-साथ फसल का मूल्य सरकार निर्धारण करके ही बाजार में बिक सकता है। अगर बढ़ा मूल्य मिलेगा किसानों की आय बढ़ेगी, तो खेती भी बढ़ेगी। गांवों में रोजगार भी बढ़ेगा। इस पर वर्तमान सरकार सोचे और कृषि में निवेश को बढ़ावा दे। जिससे रोजगार भी बढ़े।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# हिंदी भाषा व अन्य भारतीय भाषाओं से हमें कम लगाव क्यों?

दुनिया के वो सभी देश , जो आज किसी न किसी क्षेत्र में विश्व भर में शीर्ष पर हैं, वे अपनी ही सभ्यता, संस्कृति, भाषा के आधार पर बहुमुखी उन्नति के शिखर पर पहुंचे हैं। जापानियों ने जापानी बनकर ही अद्भुत प्रगति की है। अमेरिकियों ने अमरीकी बनकर ही पूर्ण विश्व पर अपना वर्चस्व स्थापित किया है। रूस, चीन, जर्मनी, फ्रांस, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन और लगभग सभी यूरोपीय देशों ने स्वयं अपने ही इतिहास, सभ्यता, संस्कृति, भाषा, भूगोल को आधार बनाकर प्रगति के कई-कई शिखर छूकर नए आयाम स्थापित किए हैं।



लेखक : मुमुक्षु के. ठाकुर
मतियारा, मसरूंड, चंबा

इन सभी देशों के सभी नागरिकों को अपने धर्म, भाषा, संस्कृति, रहन-सहन, वेश-भूषा पर पूरा स्वाभिमान है। इन राष्ट्रों के मुखिया या अन्य प्रतिनिधि संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिवेशनों में तथा विश्व में अन्य हर जगह, हर देश में भी अपनी मातृभाषा और राष्ट्रभाषा में ही संपूर्ण विश्व को संबोधित करते हैं, लेकिन, हम भारतीय या हिंदुस्तानी कहां खड़े हैं? हम क्या कर रहे हैं, हम किस ओर जा रहे हैं? अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना अच्छी बात है और हमें अंग्रेजी और सभी देसी-विदेशी भाषाओं का पूर्ण सम्मान भी जरूर करना चाहिए, परंतु हमने किस मूढ़ता में आकर अंग्रेजी और अंग्रेजियत को अपना 'स्टेटस सिंबल' ( महानता की निशानी ) मान रखा है? ये कितनी मूर्खता भरी और हास्यस्पद मान्यता है कि गिटर-पिटर, फर्राटेदार अंग्रेजी भाषा बोलने वाला ही बुद्धिमान और समझदार होता है। संसार की प्राचीनतम व श्रेष्ठतम भाषा,




देववाणी संस्कृत हमें क्यों नहीं लुभाती? ऐसा क्यों लगता है कि हिंदी भाषा व अन्य भारतीय भाषाओं से हमें कम लगाव क्यों है? बहुत सारे लोग अंग्रेजी सीखने के बाद फ्रेंच, जर्मन, लैटिन, रूसी व अन्य बहुत सारी विदेशी भाषाओं को सीखने के लिए आतुर रहते हैं और अपनी शान समझते हैं। अच्छी बात है , लेकिन, बंगला, पंजाबी, उर्दू, राजस्थानी, गुजराती, मराठी, कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगू, उड़िया, असमी, कोंकणी, कश्मीरी, पहाड़ी व अन्य भारतीय भाषाओं और बोलियों को सीखने का हमारा मन क्यों नहीं करता? अपने देश, धर्म, भाषा, संस्कृति पर अभिमान व नाज करना सिखाना कम क्यों हो रहा है? हम अंग्रेजों और अन्य देशों ( विशेषकर पाश्चात्य देशों ) की नकल करने में ही लगे रहे, तो कहीं का नहीं रहेंगे।

उच्च व उच्चतर शिक्षित लोग शेक्सपीयर, चॉसर, वर्ड्जवर्थ, टेनीसन, मिल्टन, डन, जॉन्सन, ड्राइडन, कॉलरिज, डिकंज, हार्डी, तोलस्तोय, गोर्की, यीटस, ट्वेन, हेनरी, मोपासां विक्टर ह्यूगो व अन्य विदेशी लेखकों को बड़े ही चाव- चाहत के साथ पढ़ते हैं। ठीक पर, हम प्रेमचंद, रवींद्र ठाकुर, शरतचंद्र, बच्चन, कबीर, मीरा, रसखान, रहीम, खुसरो, गालिब, दुष्यंत, विष्णु प्रभाकर, दिनकर, परसाई, प्रशाद व अन्य सैकड़ों महान भारतीय लेखकों को पढ़ने में झिझक , संकोच, शर्म या आलस्य क्यों करते हैं? हम हिंदुस्तानियों को अगर सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक उन्नति के और नए शिखरों को छूना है, तो हमें हिंदुस्तानी ही बनना पड़ेगा। अन्य देशों से हम कुछ प्रेरणा तो ज़रूर ले सकते हैं, लेकिन उनके 'पिच्छलग्गू' बनने की महामूर्खता हमें कदापि नहीं करनी चाहिए।

भारत की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, भूगोलिक दशा के अनुसार, अनुरूप ही हमें प्रगति के मार्ग तय करने हैं और बहुमुखी स्मृद्धि को हासिल करना है। तभी सारे संसार में हम हिंदुस्तानियों की एक विशेष और विशिष्ट पहचान बनी रह सकेगी। इक्कीसवीं सदी भारत की है, एशिया की है, हिंदुस्तान व अखंड भारत की है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**अंबेडकर** का दीर्घकालिक दृष्टिकोण : विचारधारा से ऊपर लोकतंत्र : संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्दों को शामिल करने के बारे में अंबेडकर के विचार और अनिच्छा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उनका मानना था कि अगर इन आदर्शों को संविधान के ज़रिए लागू किया गया तो यह लोगों की स्वतंत्रता के प्रतिकूल होगा। उन्होंने तर्क दिया कि संविधान एक लचीला दस्तावेज होना चाहिए, जो समाज की बदलती जरूरतों के हिसाब से ढलने में सक्षम हो। अंबेडकर के अनुसार, एक लोकतांत्रिक देश को अपने नागरिकों को देश की परिस्थितियों के आधार पर अपनी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था चुनने की स्वतंत्रता प्रदान करनी चाहिए।

**प्रमोध, भड़वाल**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार तथा उपन्यासकार


**अमर** गोस्वामी हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार तथा उपन्यासकार थे। वे 'मनोरमा' और 'गंगा' जैसी देश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं से लंबे समय तक जुड़े रहे थे। अमर गोस्वामी साहत्यिक संस्था 'वैचारिकी' के संस्थापक भी रहे। उन्होंने कई साहित्यिक पत्रिकाओं का संपादन भी किया था। अमर गोस्वामी का जन्म एक बांग्ला भाषी ब्राह्मण परिवार में मुल्तान (विभाजित भारत) में हुआ था। मुल्तान वर्तमान समय में अब पाकिस्तान का हिस्सा है। जब अमर गोस्वामी मात्र दो वर्ष के थे, तभी उनका परिवार देश के बंटवारे के दौरान मुल्तान से उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर नगर में आकर बस गया था। अपनी शिक्षा के तहत अमर गोस्वामी ने 'इलाहाबाद विश्वविद्यालय' से हिंदी विषय के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की थी। अमर गोस्वामी ने एक प्राध्यापक के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में भी अपना योगदान दिया था। महिलाओं की बहुचर्चित पत्रिका 'मनोरमा' में उन्होंने बतौर उपसंपादक अपनी सेवाएं प्रदान की थीं। उन दिनों कथाकार अमरकांत इस पत्रिका के संपादक थे। 'मनोरमा' में लगभग 6 वर्ष तक काम करने के बाद अमर गोस्वामी दिल्ली चले गए। कृतियां अमर गोस्वामी जी की प्रमुख रचनाएं निम्नलिखित हैं-कहानी संग्रह-हिमायती, महुए का पेड़, अरण्य में हम, धरतीपुत्र, महाबली, अपनी-अपनी दुनिया, कल का भरोसा, भूल-भुल्लैया, उदास राघवदास, बूजो बहादुर, इक्कीस कहानियां। बाल साहित्य-'शाबाश मुन्नू' सहित बच्चों की कहानियों की कुल सोलह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। अनुवाद-बांग्ला भाषा से हिंदी में अनुदित 50 से भी अधिक पुस्तकें। उपन्यास-इस दौर में हमसफर। अनुवाद-बांग्ला से हिंदी में साठ से अधिक अनुदित पुस्तकें प्रकाशित। हिंदी साहित्य के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले अमर गोस्वामी का गाजियाबाद में अपने निवास स्थान पर निधन हुआ। ■



अमर गोस्वामी
**जन्म :** 28 नवंबर, 1945
**मृत्यु :** 28 जून, 2012

## कविता

# किसे क्या फर्क



*अनिल शर्मा नील*

*कितना भी जागरूक क्यों न हो मतदाता*
*आखिर फिसल ही जाता है।*
*चिकनी चुपड़ी बातें सुनकर राजनेताओं की*
*फंस ही जाता तर्कों के सम्मोहन में ।*
*भले ही कितनी भी पढ़ी लिखी हो पब्लिक*
*आखिर धोखा खा ही जाती है लुभाऊ भाषण*
*सुनकर राजनेताओं का भ्रमित हो जातिवादों के लॉलीपॉप से।*
*एक दूसरे पर आरोप जड़ते रहते*
*किसे है चिंता पब्लिक की इन्हें तो भूख है कुर्सी की*
*ठगते हैं उलझाकर आंकड़ों और प्रतिशतता में।*
*कौन जानता है कौन समझता है कौन सुनता है*
*पब्लिक का दर्द किसानों के धरने की आवाज*
*आधी आबादी की चिंता अग्निवीरों का भविष्य।*
*दुगने तिगुने दाम बेरोजगारी बेलगाम*
*फुटबॉल बने तर्क पर किसे क्या फर्क*
*कुछ भक्ति में अंधे कुछ विचारधारा के गुलाम*
*कुछ चमचागिरी के शौकीन।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# क्या हो गया मेरे प्यारे हिमाचल को, बनता जा रहा है उड़ता पंजाब?

आए दिन चिट्टे की खबरें पढ़ने व सुनने को मिलती हैं। अखबारों के पेज चिट्टे की न्यूज से रोज भरे पड़े हैं। चिट्टा जानलेवा बन चुका है। हमारे आने वाले नवयुवक इसकी चपेट में आ रहे हैं। बुरा हाल है। जब हम ऐसी खबरों को सुनते हैं तो हम सब खामोश हो जाते हैं। क्या हो गया मेरे प्यारे हिमाचल को। इस पर सोचना और इसके लिए कड़े कदम उठाना महत्वपूर्ण बन गया है। अब न सोचा गया तो सब कुछ हाथ से निकल जाएगा। फिर कुछ न होगा, इसके लिए हम सभी जिम्मेदार हैं, क्योंकि अगर हम सब सही तरीके से अपने बच्चों को संभाले तो शायद इस पर थोड़ा तो काबू किया जा सकता है। हमें अपने बच्चों पर ध्यान देना होगा कि उनकी दिनचर्या क्या है। अगर हम अपने बच्चों पर शुरू से ही ध्यान देंगे।



लेखिका : रेखा चंदेल
बिलासपुर

हमें अपने बच्चों को बचपन से ही इन सभी चीजों को बताना होगा कि सही क्या है हमेशा हमें यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि हमारे बच्चे की मित्रता कैसे लोगों से हैं, क्योंकि मित्रता का असर पड़ता है हमेशा ही हम जैसे लोगों में रहते हैं वैसे ही बनते जाते हैं। पुरानी कहावत है, 'रंग रूप नहीं आता, संगति जरूर रंग लाती है ' ऐसा हम सभी अभिभावकों को बच्चों पर पूरा ध्यान देने की जरूरत है तभी इस जहर से अपने बच्चों को बचा सकते हैं। अगर हम में से कोई भी देखा है कि किसी जगह पर कुछ बच्चों का समूह खड़ा है तो हमें वहां जाना है कि क्या हो रहा है, क्योंकि हमें अपना समाज बचाना है हर एक गांव में कुछ दो-तीन कुछ व्यक्ति जरूर होते हैं जो पूरे गांव को अपनी सुख सुविधाओं के लिए खतरे में डाल देते हैं।

उन्हें कोई भी मतलब नहीं होता कि यह गलत है कि ठीक हो रहा है युवक की जिंदगी खराब हो रही है। उन बातों का उन्हें कोई ध्यान नहीं होता। हमें यह देखना है कि मेरा बच्चा नहीं है, तो यह गलत काम कर रहा है, बल्कि यह सोचना है कि मेरे गांव, शहर, राज्य व देश का भविष्य है जो हमें बचाना है व समाज में रहने वाले लोगों से मेरा अनुरोध है कि यह जिम्मेदारी सरकार से लेकर हमारे देश में रहने वाले हर एक व्यक्ति की है, जो हिमाचल की सुंदर वादियों में रहता है।



एक बात और भी सोचनीय है कि यह चिट्टे के व्यापारी हम सब से बड़े हैं, अगर हम एकजुट हो जाएं तो क्या मजाल कि गलत कार्य कर सकें। सरकार चलाने वाले राजनीतिज्ञ से मेरा अनुरोध है कि अभी समय है थोड़ा विचार कर ले अपने समाज पर, नहीं तो सब खत्म हो जाएगा। सत्ता को पाने के चक्कर में यह सब ध्यान रखें कि समाज को भी बचाना है। कड़े कानून होंगे तो डर होगा, पर हम देखते हैं कि समाज में कुछ लोग यह काम करते हैं, वह पकड़े जाते हैं फिर थोड़ा टाइम बाद छूट जाते हैं। कैसा यह हमारा कानून है क्यों इस पर इतनी लगाम नहीं है, कि लोगों को डर हो कि हमें यह गलत काम नहीं करना है। क्या कभी सोचा गया इस पर? बहुत शर्म की बात है इतना गलत यह लोग करते हैं फिर भी हमारे समाज में सत्तावादी लोग इनको बचाने के लिए दौड़ पढ़ते हैं, कुछ हम ऐसे ही लोग ऐसे होते हैं जो उनके रिश्तेदार भी होते हैं पर रिश्तेदारी छोड़कर हमें यह देखना होगा कि क्या यह सही कर रहे हैं। अगर गलत कर रहे हैं, तो इनको सजा जरूर मिलनी चाहिए। चिट्टा बेच रहे लोग चार दिन जेल में रहते फिर छूट जाते, कैसा कानून यह? कैसी बागडोर? इन राजनीतिक या बड़े लोगों ने देश की बागडोर संभाल रखी है कैसे कानून है।

हमारे देश को यह समझना होगा और कड़े कानून बनाने होंगे, ताकि इन चिट्टे के व्यापारियों पर कुछ लगाम रख सके। समाज को सोचना पड़ेगा, क्योंकि मेरे हिमाचल दोस्तों, देखते ही देखते उड़ता पंजाब बनता जा रहा है। बचाओ अपने सभी देश के भविष्य को! सत्तावादी लोगों से भी मेरा अनुरोध है कि इस विषय पर कृपा करके जल्दी से जल्दी सोचा जाए वोट बैंक को ध्यान में न रखकर, बल्कि इन नवयुवकों को बचाने का सोचा जाए। अगर समाज व देश एकजुट होकर काम करेगा तो इसके खिलाफ बहुत सुधार होगा ,वरना यह कानून धरातल पर केवल किताबों में लिखी लाइन ही रह जाएगी और सब खत्म हो जाएगा। इस देश से पूछती एक मां,'दूध नाल पाले पूत पूछती माताएं अपना दर्द अब किसने बताएं'।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# सामान्य मौतों से ज्यादा है सड़क हादसों में होने वाली मौतों की संख्या

देश में सामान्य मौतों से इतने लोग नहीं मरते जितने प्रतिदिन सड़क हादसों में मौतें हो रही हैं। परिवार के परिवार मारे जा रहें हैं। अग्नि देने वाले भी नहीं बच रहे हैं। अक्सर देखा गया है कि ज्यादातर सड़क हादसे लापरवाही और नशा करके ड्राइविंग कर रहे हैं। सड़क हादसों को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे। यातायात के नियमों का सही तरीके से पालन किया जाए, तो सड़क हादसों में होने वाली मौतें रुक सकती हैं। देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढ़ती जा रही है। सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी।



लेखिका : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार

जागरूकता अभियान चलाने होगें। सरकार द्वारा प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा हेतु करोड़ों रुपए बहाया जाता है। मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है, अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए, तो देश में घटित होने वाले इन भीषण हादसों पर विराम लग सकता है। मगर ऐसा नहीं हो रहा है हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे हैं। देश में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए समय रहते संज्ञान लेना होगा। हर रोज देश में मौत का तांडव हो रहा है। देश में इतने भीषण हादसे हो रहे हैं कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नींद सो रहे हैं। प्रतिदिन हादसों में लोग मारे जा रहे हैं।

पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाए जाते हैं। मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं, क्योंकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते हैं और यातयात नियमों का उल्लंघन करते हैं और मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है। शराब पीकर वाहन चलाना ही हादसों का मुख्य कारण माना



जा रहा है। इसके कारण ही लाखों लोग सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए। हादसों की सूची बढ़ती ही जा रही है। आज करोड़ों के हिसाब से वाहन पंजीकृत है मगर सही ढंग से वाहन चलाने वालों की संख्या कम है, क्योंकि आधे से ज्यादा लोगों को यातयात के नियमों का ज्ञान तक नहीं होता।

पुलिस प्रशासन चालान काटकर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं, मगर चालान इसका हल नहीं है इसका स्थायी समाधान ढूंढना होगा। बिना हेलमेट के नाबालिग से लेकर अधेड़ उम्र के लोग वाहनों को हवा में चलाते हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जानबूझकर व नशे की हालत में दुर्घटना करने वाले चालकों के लाइसेंस रदद करने चाहिए। ज्यादातर हादसे में नाबालिग चालक ही मारे जाते हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण भी इसमें साफ झलकती है आज ज्यादातर युवा व लोग शराब पीकर व अन्य प्रकार का नशा करके वाहन चलाते है, नतीजतन खुद ही मौत को दावत देते हैं। भले ही पुलिस यंत्रों के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है, मगर फिर भी लोग नियमों का उल्लंघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। राज्यों की सरकारों द्वारा पुलिस को दी गई हाईवे पैट्रोलिंग की गाड़ियां भी यातायात को कम करने में नाकाम साबित हो रही हैं। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के अनेक कारण है सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि 80 प्रतिशत हादसे मानवीय लापरवाही के कारण होते हैं। लापरवाह लोग सीट बैल्ट तक नहीं लगाते और तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं।

देश में सड़क हादसों में स्कूली बच्चों के मारे जाने के हादसे भी समय-समय पर होते रहते हैं, मगर कुछ दिन चेक रखा जाता है। अक्सर देखा गया है कि वाहन चालकों के पास प्राथमिक चिकित्सा बॉकस तक नहीं होतें, ताकि आपातकालीन स्थिती में प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाई जा सके। यदि लोग सही तरीके से यातायात नियमों का पालन करते हैं तो सड़कों पर हो रहे मौत के तांडव को रोका जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सरकाघाट कॉलेज में 29 व 30 को होगी अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में 29 और 30 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन होने जा रहा है। इस सम्मेलन की थीम 'डिजिटल परिवर्तन और इसका व्यापार, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर प्रभाव सतत विकास लक्ष्यों की ओर' है। यह इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस हाइब्रिड मोड में होगी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के प्रमुख शोधकर्ता, उद्योग विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और शिक्षक अपने विचार साझा करेंगे। इस कॉन्फ्रेंस में डिजिटल तकनीकों के जरिए सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के रास्तों पर गहन चर्चा होगी। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में 29 नवंबर को मुख्य अतिथि के रूप में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के उप कुलपति डॉ. ललित कुमार अवस्थी शिरकत करेंगे, जबकि समापन समारोह में 30 नवम्बर को मुख्य अतिथि के रूप में एसपीयू मंडी के परीक्षा नियंत्रक ईआर. सुनील वर्मा शिरकत करेंगे। इस कॉन्फ्रेंस में लगभग 300 शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

### 'हमारी संस्कृति हमारी पहचान' पर करवाया कार्यक्रम



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय के सांस्कृतिक क्लब द्वारा 'हमारी संस्कृति हमारी पहचान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में हिमाचली लोकगीत, सुगम संगीत, और सितार वादन जैसे पारंपरिक और आधुनिक प्रदर्शन शामिल थे। संगीत विभाग के प्राध्यापक डॉ. नवीन राठौर ने सुप्रसिद्ध गायक स्वर्गीय मोहम्मद रफी की गजल प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक क्लब के पूर्व अध्यक्ष कैलाश ने कार्यक्रम में क्लब की गतिविधियों और उपलब्धियों का विवरण दिया।

### अनिल कटोच सब-इंस्पेक्टर पद पर हुए प्रमोट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल पुलिस चौकी के प्रभारी अनिल कटोच को हिमाचल प्रदेश सरकार ने सब-इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति दी है। 16 माह तक लडभड़ोल चौकी में उत्कृष्ट सेवाएं देने के बाद अब उन्हें मंडी जिले में नई नियुक्ति मिलेगी। अनिल कटोच ने कहा कि लडभड़ोल क्षेत्र की जनता का उन्हें कार्यकाल के दौरान भरपूर सहयोग मिला। चौकी के अंतर्गत आने वाली 19 पंचायतों के साथ बेहतर समन्वय बनाने के लिए उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप का सफलतापूर्वक उपयोग किया, जिसके माध्यम से सूचनाएं प्राप्त कर पुलिस कार्रवाई की गई।

### कोलंग स्कूल में नवाजे मेधावी विद्यार्थी



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला कोलंग में आयोजित वार्षिक एवं पारितोषिक वितरण समारोह में पूर्व कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। समारोह में मेधावी छात्रों को उनकी उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। जीवन ठाकुर ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व और कठिन मेहनत के लाभ पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधानाचार्य तिलक राज शर्मा, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और अभिभावक भी उपस्थित थे। जीवन ठाकुर ने अपने संबोधन में छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### करसोग कॉलेज के छात्रों को दी एचआईवी की जानकारी



**पीयूष शर्मा, करसोग।** रेड रिबन क्लब राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा महाविद्यालय सभागार में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता के इस कार्यक्रम में मूवी शो का आयोजन किया गया। सिनेमा अथवा मूवी शो के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं व युवाओं को एचआईवी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब समन्वयक प्रो. हितेश शर्मा ने रेड रिबन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

### आज होगी वन परिक्षेत्र अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच


**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** वनमंडल जोगिंद्रनगर के अंतर्गत बुधवार को पहले दिन वन परिक्षेत्र लडभड़ोल के वन मित्रों की भर्ती के लिए अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। उपमंडल अधिकारी कार्यालय जोगिंद्रनगर में दस्तावेजों का सत्यापन बुधवार को किया गया। परिक्षेत्र लडभड़ोल से 27 अभ्यर्थियों को बुलाएगा था जिसमें 23 अभ्यर्थी दस्तावेजों का सत्यापन करने जोगिंद्रनगर पहुंचे। उपमंडल अधिकारी कार्यालय में दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया सुबह 11:30 बजे शुरू हुई। वन विभाग में वन मित्रों की भर्ती वन बीटों के हिसाब से की जा रही है। हर एक बीट में एक वन मित्र की नियुक्ति की जाएगी। दस्तावेज सत्यापन कमेटी के चेयरमैन एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि मेरिट के आधार पर इन सभी बीट से तीन-तीन अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया है। उपमंडल अधिकारी कार्यालय जोगिंद्रनगर में अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। वीरवार को वन परिक्षेत्र जोगिंद्रनगर के 36 अभ्यर्थियों तथा शुक्रवार को वन परिक्षेत्र उरला के 6 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया है। उपमंडल अधिकारी जोगिंदर नगर मनीश चौधरी ने कहा कि वन परिक्षेत्र लडभड़ोल, जोगिंद्रनगर और उरला के लिए वन मित्रों की भर्ती के लिए अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कर रिपोर्ट वन अरुयपाल जोगिंद्रनगर को सौंपी जाएगी।

### सराज का दौरा करेंगे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू



**अनंत ज्ञान, मंडी।** चेतराम ठाकुर ने प्रेस वार्ता में बताया कि हाल ही में वे शिमला में मुख्यमंत्री से मिले और सराज आने का न्यौता दिया था, जिसको स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सराज विधानसभा क्षेत्र के बाखली नेचर पार्क में बने रोपवे का उद्घाटन करेंगे और साथ में सराज में जो अन्य संस्थान बन कर तैयार हो गए है। उनका उद्घाटन कर के भी जनता को समर्पित किया जाएगा और इस कार्यक्रम को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों को सभा स्थल तक लाने के लिए सभी पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिए गए। इस कार्यक्रम में दस हजार लोगों को इकट्ठा करने का लक्ष्य दिया गया और इस कार्यक्रम में जिला मंडी के सभी वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा साथ जिला मंडी के सभी फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों व पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इस बैठक में सराज कांग्रेस मंडल अध्यक्ष श्री टेक सिंह चौहान जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष तरूण ठाकुर मंडलीय अध्यक्ष सतीश शर्मा, गणेश चौहान, ओम प्रकाश, ज्ञान चंद, युवा कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सहगल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता देवी आदि उपस्थित रहे।

# 4 घंटे में 15 किलोमीटर पैदल सफर, जनता के दरबार पहुंचा प्रशासन



**पीयूष, करसोग**

माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय कमेटी ने बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर की अध्यक्षता में उपमंडल करसोग की दूरदराज ग्राम पंचायत सरत्योला में बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा के दृष्टिगत क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला स्तरीय कमेटी के सभी सदस्य सरत्योला से 4 घंटे का लगभग 15 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर ग्राम पंचायत सरत्योला के दूरदराज गांव मांजू जकलीन से होते हुए मगाण पहुंचे तथा ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। रोहित राठौर ने ग्रामीणों की समस्याओं का निपटारा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने राजकीय प्राथमिक पाठशाला मांजू का निरीक्षण भी किया। कमेटी ग्राम पंचायत परलोग पहुंची और वहां मौजूद लोगों की समस्याओं को जाना। (अनंत ज्ञान)

### लोगों ने प्रशासन के समक्ष रखीं कई समस्याएं

**इस** दौरान ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क और शिक्षा संबंधी विभिन्न परेशानियों को उपायुक्त महोदय के समक्ष रखा। ग्राम पंचायत सरत्योला में ग्रामीणों ने समिति को पानी और सड़क की समस्या और बच्चों के लिए सुबह और शाम स्कूल टाइम के दौरान बस सेवा सुचारू रूप से चलाने संबंधी मांग से अवगत करवाया। मगाण गांव के लोगों ने बिजली और सड़क की समस्या से अवगत करवाया। ग्रामीणों ने मांग रखी कि लो वोल्टेज की समस्या का शीघ्र अति शीघ्र समाधान किया जाए साथ ही मांजू गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने की मांग भी प्रमुखता से रखी।



ग्रामीणों से बात करते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

**इस** अवसर पर उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग गौरव महाजन, तहसीलदार करसोग वरुण, कार्यवाहक खंड विकास अधिकारी चुराग रविकांत, कार्यवाहक खंड विकास अधिकारी करसोग नरेंद्र कुमार, जिला पंचायत अधिकारी मंडी अंचित डोगरा, उप निदेशक कृषि विभाग मंडी डॉ. राम चंद्र, उप निदेशक आयुष विभाग मंडी जोन डॉ आनंदी, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग मंडी सर्कल अनिल शर्मा, उप निदेशक पशुपालन विभाग जिला मंडी अजय राज सिंह कटवाल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश सहित आदी मौजूद थे।

### मरीजों का उपचार करने वाले आयुर्वेदिक औषधालय दवा न होने से खुद हुए बीमार

# 250 औषधालयों में दवाइयां नहीं

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

जिला मंडी में स्थित आयुर्वेदिक औषधालयों में अगर आप इलाज कराने जा रहे हैं, तो पहले अपनी जेब को चेक कर लीजिए, क्योंकि वहां सरकार की योजनाओं के मुताबिक इलाज तो मुफ्त ही होगा, लेकिन औषधालयों में दवाओं की कमी के कारण ज्यादातर दवाइयां बाहर से ही खरीदनी पड़ेंगी।

अगर जेब पैसे से भरी होगी तो ही आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज संभव हैं। क्योंकि जिला मंडी में अधिकतर आयुर्वेदिक औषधालयों में चालू वित्त वर्ष के शुरू होने के बाद से ही दवाइयों का टोटा चल रहा है। इसका कारण पिछले आठ माह से दवाइयों की खरीद न होना कारण बताया जा रहा है।

जिला मंडी में दूरदराज के इलाकों में 250 से अधिक आयुर्वेदिक औषधालय लोगों को सेवा दे रहे है। इन पर बीमारी की हालत में मरीज पूरी तरह से निर्भर है, लेकिन औषधालयों में दवा न मिलने पर मरीज के जवाबतलबी करने पर प्रबंधन इसे प्रदेश सरकार का मामला बताकर अपना पल्ला झाड़ रहा है। आयुर्वेदिक औषधालयों व अस्पतालों में लोग इस उम्मीद में आते हैं कि उन्हें आयुर्वेदिक दवा का लाभ मिल सकेगा, लेकिन यहां कुछ गिनी-चुनी दवाओं के अतिरिक्त कुछ भी नहीं मिल पाता। चिकित्सक मरीजों को जो दवाएं लिख रहे हैं वह दवाएं औषधालयों व अस्पताल में उपलब्ध ही नहीं हैं मजबूरन मरीजों को बाहर दुकानों से खरीद कर लानी पड़ी रही हैं। दवाएं उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आयुर्वेदिक उपचार करवाने के लिए रोजाना जिला मंडी में स्थित औषधालयों में एक अनुमान के अनुसार तीन हजार से अधिक मरीज आते हैं। लेकिन वहां पर सुविधा मिलने के कारण आयुष विभाग की कार्यप्रणाली पर पर सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं कि आखिर अस्पताल में दवाएं क्यू उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### 4 साल से नहीं हुई है दवाओं की खरीद



**आयुष** विभाग के सूत्रों के अनुसार कोरोना काल के दौरान पूर्व सरकार के समय में भारी मात्रा में आयुर्वेदिक दवाएं खरीदी गई थी। लेकिन अब चार साल बीतने के बाद भी नई सिरे से दवाओं की खरीद नहीं हुई है। बीच-बीच में थोड़ी बहुत की दवाएं विभाग ने खरीदी है। इन दिनों औषधालयों में दवाइयों का भारी टोटा चल रहा है। जिसके कारण मरीज परेशानी में एलोपैथी उपचार कराने को मजबूर हो रहे है।

> आयुष विभाग लगातार आयुर्वेदिक औषधालयों में दवाइयों की आपूर्ति कर रहा है। कई प्रकार की दवाएं स्टाक में आ गई है और कुछ दवाओं की विभाग खरीद कर रहा है। जहां पर भी दवाइयों की कमी है वहां पर उनको जल्द ही उपलब्ध करवा दिया जाएगा, ताकि मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़े।
>
> -डॉ.राजेश कालिया,जिला आयुर्वेदिक अधिकारी मंडी।

### मौसम में बदलाव व धुंध में बुजुर्ग अपनी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए करें काढ़े का इस्तेमाल



**उपमंडलीय** आयुष चिकित्सा अधिकारी (सेवानिवृत) डॉ. रविंद्र ठाकुर का कहना है कि आयुर्वेदिक औषधालयों में सर्दियों सहित अन्य सीजन में सबसे अधिक जिन दवाओं की मांग रहती है उनमें आवरण, शंख वटी, वासावलेह, सितोपलादि, तालीसादि, त्रिफला चूर्ण व टेबलेट, आयुष क्वाथ काढ़ा, हिंग्वाष्टक चूर्ण, गिलोय, अश्वगंधा, तुलसी तथा जामुन,करेला, अर्जुन, गुड़मार, नीम और च्यवनप्राश व अनेक प्रकार के गुगलू तथा इम्यूनिटी बूस्टर दवाएं इत्यादि शामिल है। बरसात के बाद बारिश न होने और आजकल मौसम में बदलाव तथा धुंध में बुजुर्गों को अधिक परेशानी हो रही है। उन्हें अपनी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए काढ़े का नियमित इस्तेमाल करना चाहिए।

## बालीचौकी में भाजपा ने किया कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन





प्रदर्शन करते भाजपा नेता व एसडीएम बालीचौकी के माध्यम से पुलिस अधीक्षक मंडी को ज्ञापन सौंपते हुए भाजपा नेता।

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**

सराज भाजपा के नेताओं पर पुलिस थाना जंजैहली में दर्ज की गई एफआईआर को लेकर बालीचौकी में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान बालीचौकी बाजार में जहां कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए, वहीं सराज कांग्रेस के कुछ नेताओं के खिलाफ भी नारेबाजी की। इस अवसर पर मिनी सचिवालय बालीचौकी के बाहरी परिसर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा नेता एवं पंचायत समिति बालीचौकी के अध्यक्ष शेरसिंह ने कहा कि पिछले रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं ने थुनाग में महाराष्ट्र में भाजपा की विजय के चलते जीत का जश्न मनाया, जिस पर बौखलाए कांग्रेस के एक नेता ने पुलिस पर दबाव डाल कर भाजपा के सराज मंडल अध्यक्ष भागीरथ शर्मा और भाजयुमो के अध्यक्ष मुकेश मैडी के खिलाफ पुलिस प्राथमिकी दर्ज कारवाई।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार तानाशाही पर उतर आई है और विपक्ष को प्रताड़ित कर रही है। इसके उपरांत भाजपा नेताओं ने एसडीएम बालीचौकी देवी राम के माध्यम से पुलिस अधीक्षक मंडी को एक ज्ञापन भी भेजा जिसमें भाजपा नेताओं पर दर्ज एफआईआर रद्द करवाने की मांग की गई एवं कहा गया कि अगर प्राथमिकी रद्द नहीं की गई तो भाजपा आने वाले सम्मेलन उग्र प्रदर्शन करेगी।

प्रदर्शन में सराज भाजपा के मंडल अध्यक्ष भागीरथ, भाजयुमो के अध्यक्ष मुकेश मैडी पूर्व, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष वीर सिंह भारद्वाज, धनी राम, गिरधारी लाल, विजु खत्री, देवेंद्र राणा भी शामिल रहे।( अनंत ज्ञान)

## बदारू व नबाही गांव में पानी का संकट, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत नबाही के गांव तताहर (बदारू) में पानी की किल्लत ने ग्रामीणों को प्रदर्शन के लिए मजबूर कर दिया। पिछले एक सप्ताह से पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप है, जिससे एक दर्जन परिवार बुरी तरह प्रभावित हैं। ग्रामीणों में बृजलाल, सूर्यवंशी, मीना देवी, अनिल कुमार और अन्य शामिल हैं, ने बताया कि गांव में पानी की नियमित सप्लाई वर्षों से बाधित है। इस बात को लेकर ग्रामीण जल शक्ति विभाग के कार्यालय का घेराव कर



पानी का इंजतार करते हुए ग्रामीण।

अधिकारियों की जवाब तलबी के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाएगा।

जल शक्ति विभाग सरकाघाट के अधिशासी अभियंता विवेक हाजिरी ने कहा कि उन्हें इस बारे में किसी ने भी अवगत नहीं करवाया था। वह कल सुबह साइट पर एसडीओ को भेज कर समस्या को दूर करेंगे।

## बालीचौकी के रेडक्रॉस मेले में विभागों ने लगाए अपने स्टॉल



**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

बालीचौकी में उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेले का आयोजन किया गया। मेले की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी देवी राम ने की।

उन्होंने कहा कि बालीचौकी में पहली बार इस मेले का आयोजन किया गया है, जिसमें विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर लोगों को जानकारियां दी गई। रेडक्रास द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला बालीचौकी और हिमगिरि इमोरटल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस आयोजन में उपमंडल के विभागाध्यक्षों के अलावा पंचायत समिति बालीचौकी के अध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर, व्यापार मंडल के अध्यक्ष यशवंत शर्मा, संरक्षक दलीप सिंह, जोगिंदर शर्मा सहित आदि उपस्थित रहे।

## पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट स्पर्धा में दीक्षा और अर्णव ने जीते कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

शेर-ए-कश्मीर इंडोर स्टेडियम, श्रीनगर (कश्मीर) में आयोजित 12वीं प्री-टीन, सब-जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते दो रजत और दस कांस्य पदक हासिल किए।

इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन और जम्मू-कश्मीर पेंचक सिलाट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में हुई इस प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम से 12 लड़के और 10 लड़कियों ने हिस्सा लिया। वहीं



विजेताओं के साथ आयोजक।

जोगिंद्रनगर की सब-जूनियर वर्ग की खिलाड़ी दीक्षा ने 39 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

इसी भार वर्ग में सब-जूनियर वर्ग के लड़कों में अर्णव कुमार ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया।

## भाजपा ने किया अधूरे भवनों का शिलान्यास : नरेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

पूर्व की भाजपा सरकार ने चुनावों में फायदा लेने के लिए फायर ब्रिगेड और देवीगढ़ रेस्ट हाऊस भवन का आधा-अधूरा उदघाटन कर दिया, लेकिन वर्तमान सरकार इन आधे अधूरे कार्यों को पूरा करवा रही है। गोहर में पशु औषधालय का कार्य अधूरा छोड़ दिया उसे भी वर्तमान सरकार पूरा करवा रही है।

यह बात नाचन विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश चौहान ने कही। नरेश चौहान ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ बैठक में नाचन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और मुख्यमंत्री ने उनके



प्रेस कांफ्रेस करते हुए नरेश चौहान।

समाधान को लेकर आश्वस्त भी किया है। मुख्यमंत्री ने स्वयं सभी विस क्षेत्रों के नेताओं को बुलाकर उनके क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। उन्होंने मांग उठाई कि धनोटू में ही तहसील कार्यालय के साथ, सीडीपीओ और तहसील वेल्फेयर कार्यालय खोल दिया जाए, जनता को राहत मिल सके।

नरेश चौहान ने कहा कि गोहर में बस स्टैंड निर्माण को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के समक्ष बात रखी थी। गोहर बस स्टैंड को लेकर 1.40 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत है। पूर्व की भाजपा सरकार ने अटल स्कूल का आधा अधूरा कार्य छोड़ दिया था, परंतु वर्तमान सरकार ने इसके लिए बजट स्वीकृत कर इसका कार्य शुरू करवाया है।

पंडोह चैलचौक मार्ग की हालत सुधारने को लेकर उन्होंने लोनि मंत्री विक्रमादित्य के साथ बात की थी और उन्होंने इस मार्ग की रिपेयर और मेंटेनेंस के लिए 9.16 करोड़ की राशि स्वीकृत करवाई है। कनैड में भी पशु औषधालय भवन का निर्माण करवाया जाएगा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम शैक्षणिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण : प्रो. रमेश



मुख्यातिथि विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संगठन के सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्सव का शुभारंभ प्रो. रमेश रवि ने किया। प्रो. रमेश रवि ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुरीना शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाता है।

सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. पूनम शर्मा वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। प्राचार्या प्रो. सुरीना शर्मा ने पूर्व प्राचार्य प्रो. रमेश रवि व पूर्व प्राचार्य प्रो. डॉ. पूनम शर्मा को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## कनैड की बेईं खड्ड में कूड़े की भरमार

**भीम बसेड़ू, महादेव।** उपमंडल सुंदरनगर के एक बड़े भाग में खड्डों एवं नालों में तरह-तरह की गंदगी फैलाकर जल जीवों की जान पर कुठाराघात किया जा रहा है, वहीं आसपास आबाद हुए स्थानों में प्रदूषण के चलते जीवन खतरे में पड़ गया है। आबादी बढ़ने के साथ ही संबंधित विभाग इस ओर से किनारा किए हुए है जो इस बढ़ती नरक हद से सीधे सीधे जानलेवा हमले करवाने से कम नहीं है।

बुद्धिजीवी लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत को ठोस उपाय करने की सख्त जरूरत है। लोगों ने उपायुक्त मंडी एवं सरकार से समस्या के समाधान करने की मांग की।

**समस्या** जुगाड़ से चल रहे ग्रामीण व लोक निर्माण विभाग के कार्यालय, माकपा ने उठाए सवाल

# धर्मपुर में न बीडीओ और न ही एक्सईएन

**रितेश, सरकाघाट**

मंडी जिला से जीते एकमात्र कांग्रेस पार्टी के विधायक के विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर में न तो खंड विकास अधिकारी है और न ही एक्सईएन पीडब्ल्यूडी हैं।

बीडीओ की ट्रांसफर तीन महीने पहले और एक्सईएन की एक महीना पहले हो गई है लेकिन उनके स्थान पर अभी तक कोई दूसरा अधिकारी नियुक्त न होने से जहां एक ओर विकास कार्यों को पूरा करने में देरी हो रही है वहीं ये भी सवाल उठ रहे हैं कि सत्ताधारी पार्टी के एकमात्र विधायक के गृह क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण विभागों के प्रमुखों के पद ख़ाली क्यों हैं? माकपा नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने सरकार व विधायक से मांग की है कि खाली अधिकारियों के पदों पर जल्द नियुक्ति की जाए ताकि ग्रामीण विकास और लोकनिर्माण विभाग के काम समय पर हो सकें।



उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि इन दोनों अधिकारियों को प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर यहां के विधायक द्वारा अपने पंसदीदा अधिकारी के रूप में छांट कर धर्मपुर लाया था लेकिन इन अच्छे व ईमानदार अधिकारियों को डेढ़ साल में ही विधायक ने यहां से बदल दिया लेकिन उनकी जगह किसी दूसरे को नहीं लगाया गया है और दोनों पद खाली चल रहे हैं। अब धर्मपुर में ये चर्चा और सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या ये अधिकारी ईमानदार नहीं थे और अपने काम में खरे नहीं उतरे या इनको स्वतंत्र रूप में ईमानदारी से काम नहीं करने दिया गया? पूर्व पूर्व सरकार के समय में भी ऐसा ही था जब एक सहायक अभियंता को चार साल एक्सईएन बनाकर काम करवाया गया और उनके समय की करोड़ों रुपए की देनदारियां अभी तक भी पेंडिंग चल रही हैं। वर्तमान में भी ऐसा ही लग रहा है कि बदले गए अधिकारियों पर भी पहले जैसा ही दबाब डाला जा रहा होगा और न मानने पर उन्हें बदल दिया गया, जिससे सरकार का व्यवस्था परिवर्तन का नारा खोखला साबित हो रहा है और चर्चा है कि वर्तमान में भी हाथी के दांत खाने के और और दिखाने के और हैं।(अनंत ज्ञान)

### विधायक जल्द भरवाएं खाली पदों को, ताकि हो सके विकास

**धर्मपुर** जहां एक तरफ़ विकास कार्यों के लिए पर्यास बजट सरकार उपलब्ध नहीं करवा पा रही है और दूसरी तरफ़ विधायक अपनी मनमर्जी से अधिकारियों से गलत काम करवाने के लिए दबाब बनाते होंगे जिस कारण कोई यहां रहना भी नहीं चाहता है और विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए विधायक को जल्दी इन खाली पदों पर अधिकारी लगाने चाहिए ताकि विकास कार्य समय पर हो सकें।

# डॉ. अंबेदकर ने बनाया दुनिया का सबसे बेहतर संविधान: चमन राही

**अनंत ज्ञान, मंडी**

जिला कांग्रेस कमेटी मंडी ने संविधान दिवस पर एक बैठक का आयोजन किया, इसमें कांग्रेस पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इस मौके पर अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि संविधान निर्माता भारत रत्न भीम राव अंबेदकर ने विश्व के सभी काव्य ग्रंथों का अध्यनन कर ऐसा संविधान बनाया है जिसमें सबकी बराबर भागीदारी सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए



कांग्रेस पदाधिकारी सामूहिक चित्र में।

भी विशेष अधिकार प्रदान किए गए हैं तभी इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी। एससीएसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक एकता मोर्चा के जिलाध्यक्ष तेज लाल चंदेल ने कहा कि डॉक्टर अंबेदकर के पास दो दर्जन के करीब डिग्रियां थी, आज दिन तक इनसे अधिक पढ़ा लिखा राजनेता नहीं हुआ है।

इस अवसर पर मिल्क फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष चेतराम ठाकुर, जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष चंपा ठाकुर, अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही, एससीएसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक एकता मोर्चा के जिलाध्यक्ष तेज लाल चंदेल, वाईपी कपूर, गीताजंलि शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जायका के तहत गेहूं के प्रदर्शन प्लॉट लगाए



**हीना पठानिया, बड़ूही।** खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ऊना जायका परियोजना फेज-2 के अंतर्गत नलकूप सिंचाई उपपरियोजना खवाजा में गेहूं की प्रदर्शनी प्लॉट लाभार्थी किसान गुरमेल सिंह के खेत में लगाया गया। बिजाई के दौरान खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. गुलशन मनकोटिया एवं कृषि अधिकारी मनीषा भी मौके पर उपस्थित रहे एवं उन्होंने किसानों से गेहूं की सस्य क्रियाएं और पैकेज ऑफ प्रेक्टिसेज भी साझा की। किसान ने गेहूं की उन्नत किस्म पीबी डब्ल्यू-550 के प्रदर्शन प्लाट 10 कनाल एरिया में लगाए, जिसकी बिजाई किसान ने सीड ड्रिल के माध्यम से ( बीजों को लगभग 6 सेंटीमीटर गहराई एवं 22.5 सेंटीमीटर के पंक्ति अंतराल में) की गई। (अनंत ज्ञान)

### बाबा पहाड़िया मंदिर में धार्मिक समागम की तैयारियां जोरों पर



**बंगाणा।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन गांव थानाखास में 23 से 26 दिसंबर तक चार दिवसीय धार्मिक सम्मेलन शुरू होगा। मंदिर के प्रमुख सेवादार एवं गद्दीनशीन अशोक ठाकुर ने बताया कि 23 दिसंबर को बाबा पहाड़िया बाबा भरथरी माता ज्वाला जी को प्रसाद देकर निमंत्रण दिया जाएगा। वहीं, 24 दिसंबर को मंदिर परिसर में सुबह 9 से दोपहर तीन बजे तक बाबा पहाड़िया जी का कीर्तन दरबार सजेगा और 25 दिसंबर को सुबह 8 बजे पूजन होगा। 9 बजे मंदिर परिसर में श्री सत्य नारायण कथा होगी। इसके बाद 11 से दो बजे तक मंदिर परिसर में कीर्तन दरबार सजेगा। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर को सुबह 9 बजे मंदिर परिसर में हवन यज्ञ होगा और दस बजे मंदिर परिसर में बाबा पहाड़िया जी के गुणगान का बड़ा कीर्तन दरबार सजेगा। इसमें पंजाब की बुलंद आवाज अश्वनी वर्मा बाबा पहाड़िया जी का गुणगान करेंगे।

### मिशन वातसल्य और फोस्टर केयर योजना पर मंथन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** मिशन वात्सल्य के तहत विधवा महिलाओं, परित्यक्त महिलाओं, गंभीर बीमारी से पीड़ित माता-पिता के बच्चों और 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग तथा बच्चों का पालन-पोषण करने में असमर्थ माता-पिता के बच्चों को फोस्टर केयर योजना का लाभ दिया जाता है। जिले में कुल 2468 बच्चों को स्पोंसरशिप और फोस्टर केयर योजना का लाभ दिया रहा है। यह जानकारी उपायुक्त जतिन लाल ने मिशन वात्सल्य को लेकर आयोजित हुई बैठक में दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले स्पोंसरशिप और फोस्टर केयर योजना के तहत 1406 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा था। इस योजना के तहत जिला में 1184 नए मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई है। फोस्टर केयर योजना के तहत बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और पालन पोषण के लिए 4,000 रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त 122 बच्चों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर इस योजना के बाहर किया गया है। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह, सीडब्ल्यूसी की अध्यक्ष मीनाक्षी राणा, प्रेम आश्रम स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर संजना, अभिमन्यू कपूर सहित अन्य मौजूद रहे।

### छात्रों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी



**अनंत ज्ञान, ऊना।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल भदसाली में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत बच्चों को प्रवक्ता अमित सैनी ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर जानकारी दी। पर्यावरण क्या होता है, इसको हमने स्वच्छ कैसे बनाना है, पर्यावरण प्रदूषित होने से क्या नुकसान होते हैं, की जानकारी दी। इसी प्रकार चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं कि धरती पर रहने वाला प्रत्येक प्राणी भी प्रदूषित हो जाएगा। मुख्यातिथि ने एनसीसी के कैडेट्स से परेड भी करवाई तथा विद्यालय के प्रांगण और मैदान की साफ-सफाई भी की गई। उन्होंने बच्चों को बताया कि मनुष्य को वृक्षों का महत्व जरूर समझना चाहिए। जब वृक्ष कम होते जाएंगे तो बीमारियां बढ़ती जाएंगी और धरती पर प्रत्येक जीव का जीवन बहुत ही दुर्लभ बन जाएगा। कोई भी या किसी भी प्रकार के प्रदूषण को रोकने के लिए एक ही मंत्र है, अधिक से अधिक पेड़ और पेड़ों को काटने की बजाए उनकी हिफाजत करना हम सब का कर्तव्य है। यदि आने वाली पीढ़ियों को सेहतमंद देखना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिएं और अपना घर शरीर और आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए।

# ऊना को नगर निगम, बंगाणा को नगर पंचायत बनाने का प्रस्ताव पारित

## दो सप्ताह के भीतर एडीसी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं आपत्तियां

**राजेश शर्मा, ऊना**

नगर परिषद ऊना को हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 3 (2) के अनुसार नगर निगम ऊना घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया गया है तथा इन्हें जनसाधारण की सूचना के लिए हिमाचल प्रदेश के राजपत्र (ई-गजट) में प्रकाशित किया गया है।

यह जानकारी देते हुए एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि नगर निगम ऊना में सम्मिलित किए जाने के साथ-साथ नगर परिषद ऊना के रूप में घोषित किए जाने से इस क्षेत्र में रहने वाले किसी निवासी को यदि कोई आपत्ति अथवा आक्षेप है तो वह उसे अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो सप्ताह की अवधि के भीतर लिखित में एडीसी कार्यालय के कमरा नंबर 312 में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने निर्धारित समय अवधि के भीतर प्राप्त आपत्तियों व आक्षेपों पर ही विचार किया जाएगा। उसके उपरांत किसी भी आक्षेपों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वहीं, हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1994 की धारा 3 की उपधारा 2 के अधीन नगर पालिका गठित किए जाने के आशय से बंगाणा को नगर पंचायत बनाने का प्रस्ताव परित किया गया है।

यह जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि नगर पंचायत बंगाणा की प्रस्तावित घोषणा के संबंध में यदि यहां के निवासियों/व्यक्तियों को आक्षेप अथवा आपत्ति है तो वे इस संबंध में अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो सप्ताह की अवधि के भीतर लिखित में एडीसी कार्यालय के कमरा नम्बर 312 में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय अवधि के भीतर प्राप्त हुए आक्षेपों पर विचार करेगी। इसके उपरांत प्राप्त आक्षेप स्वीकार्य नहीं होंगे। (अनंत ज्ञान)

### नगर निगम ऊना में ये क्षेत्र सम्मिलित होने प्रस्तावित

एडीसी ने बताया कि पटवार वृत्त टक्का-दो के तहत महाल झलेड़ा के पूर्ण भाग, रैंसरी निचली और उप्परली के चयनित भाग, कोटला खुर्द पटवार वृत्त के तहत महाल कोटला खुर्द का पूरा हिस्सा, कोटला कलां पटवार वृत्त के तहत महाल अजनोली, कोटला कलां, कोटला कलां निचली और उप्परली के पूरे भाग, अरनियाला पटवार वृत्त के तहत महाल लाल सिंगी का पूरा हिस्सा तथा महाल अरनियाला का चयनित भाग, मलाहत पटवार वृत्त के तहत महाल मलाहत और भड़ोलियां खुर्द का पूरा भाग, भड़ोलियां कलां पटवार वृत्त के तहत महाल रक्कड़ कॉलोनी और जलग्रां के भाग को आंशिक, पटवार वृत्त रामपुर के तहत महाल, रामपुर, रामपुर बेला, कुठार खुर्द और कुठार कलां के समस्त भाग को नगर निगम ऊना में सम्मिलित किया जाना है।

### नपं बंगाणा में ये क्षेत्र शामिल होने प्रस्तावित

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि पटवार वृत्त बंगाणा के तहत महाल, सलोह, नायली उपरली व झिकली, नारगड़ू, अवाहड़, तेही, बौट, भलेत, मुच्छाली खास, बंगाणा, घड़ो, चिल्ली, झबरानी और तमलेट को नगर पंचायत बंगाणा में सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है।

# अंब कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने किया रक्तदान




आईडीपी होशियारपुर तथा रीजनल हॉस्पिटल ऊना के सहयोग से हुआ आयोजन।

**अनंत ज्ञान, अंब**

महाराणा प्रताप राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब मे एनसीसी डे के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय के एसोसिएट एनसीसी अफसर लेफ्टिनेंट अनिल वर्मा ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आरंभ 26 नवंबर को विभिन्न प्रतियोगिताओं से आरंभ किया गया तथा 28 नवंबर को सांस्कृतिक संध्या के द्वारा इसका समापन किया जाएगा।

डॉ. कृष्णा शर्मा, डॉ. श्रुति तथा प्रो. परीक्षा ठाकुर ने इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अगले चरण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चला और इसे आईडीपी होशियारपुर तथा रीजनल हॉस्पिटल ऊना के ब्लड बैंक के साथ मिलकर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक डेवलपमेंट अफसर अंब द्वारा रक्तदान करने से की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से 23 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

रक्तदाताओं से रक्त एकत्र करने में डॉ. आंचल (मेडिकल ऑफिसर), सुनीता सैनी (वार्ड सिस्टर), चंचल (लैब तकनीशियन) और अमित ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय की ओर से प्रो. अमित कुमार शर्मा, प्रो. अजय कुमार, लेफ्टिनेंट अनिल वर्मा, अंडर अफसर आदित्य ठाकुर के साथ एनसीसी कैडेट्स ने भी रक्तदान किया।

## लठियाणी-कोडरा सड़क 3 दिसंबर तक बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** लठियाणी-कोडरा सड़क के किलोमीटर 5/580 से 5/630 तक के हिस्से पर वाहनों की आवाजाही 3 दिसंबर तक बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाएगा। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 116 के तहत इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं। यह आदेश सड़क मार्ग पर इंटरलोक कंक्रीट ब्लॉक बिछाने के उन्नयन कार्य को लेकर जारी किए गए हैं ताकि कार्य त्वरित और सुचारु रूप से किया जा सके।

उन्होंने बताया कि यातायात को वैकल्पिक मार्ग लठियाणी-कोडरा वाया पडयोला-धरेट मार्ग की ओर मोड़ा गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

# जिले में असामाजिक तत्वों पर रहेगी अब पैनी नजर : एसपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला पुलिस कप्तान राकेश सिंह ने कहा कि नशा माफिया की चैन तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें पुलिस को कुछ हद तक कामयाबी मिली है। इसके अलावा सीमावर्ती जिले में अवैध खनन तथा आपराधिक मामलों में कमी लाने के लिए भी धरातल पर काम हो रहा है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एसपी व अन्य अधिकारी।

बुधवार को अपने कार्यालय में एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि चिट्टा एक भयानक समस्या है, खासकर ऊना जिला पंजाब की सीमा के साथ सटा हुआ है पिछले कुछ दिनों में पुलिस द्वारा बड़ी मात्रा में चिट्टा के कुछ कैस पकड़े हैं। इस केस में एक चिट्टा सप्लायर को पुलिस होशियारपुर से पकड़ कर लाई है। यह ड्रग्स सप्लायर अन्य मामलों में भी शामिल है। पुलिस अब ड्रग्स की डिमांड को भी कम करने के उपायों में लगी है। इसमें युवाओं को खेल तथा अन्य सामाजिक कार्यों से जोड़ने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभिभावकों को भी अपने बच्चों को खेल और सामाजिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया जा रहा है, साथ ही ड्रग्स से जुड़े लोगों के बैकवर्ड लिंक की भी जांच की जाएगी ताकि चिट्टा के कारोबार करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

अवैध माइनिंग भी एक बड़ा मामला है। चुनाव से पहले अवैध माइनिंग पर नकेल कसने के लिए दो रिजर्व पहले जिला को मिली थीं, लेकिन अब हिमाचल सरकार से दो रिजर्व माइनिंग के लिए फिर से दिए जाने की मांग की है। दो रिजर्व अगर मिल जाती हैं तो अवैध माइनिंग पर नकेल कसने में आसानी होगी। सभी चोर रास्तों को सील करने का प्रयास होगा। एसपी ने कहा कि अवैध माइनिंग पर नकेल कसने के लिए मंगलवार देर रात उन्होंने खुद अवैध माइनिंग साइट पर भी जाकर चेक आउट किया, लेकिन उन्हें कोई सफलता तो हाथ नहीं लगी है।

उन्होंने अवैध माइनिंग के जो प्वाइंट हैं, उनको नोट किया है। उन्होंने कहा कि अक्सर पंजाब से कुछ लोग क्राइम की घटना को अंजाम देने के लिए बॉर्डर पार कर हिमाचल आते हैं, ऐसे में पुलिस द्वारा हरोली के बॉर्डर एरिया को सीसीटीवी से लैस किया गया है। हरोली क्षेत्र के बॉर्डर एरिया में 100 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 24 और जगह चिन्हित की हैं, जहां पर 50 और कैमरे लगाए जाएंगे। बॉर्डर एरिया सीसीटीवी से पूरी तरह लैस हो जाएगा। परिवहन विभाग भी यहां 50 कैमरे स्थापित करने जा रहा है।

वहीं दूसरे चरण में उन्होंने ऊना, अंब, गगरेट और चिंतपूर्णी में भी सीसीटीवी कैमरा की संख्या बढ़ाए जाने की बात की है। उन्होंने बदलते समय में डिजिटल फ्रॉड से बचने के लिए लोगों को किसी से भी ओटीपी शेयर न करने की जानकारी दी है।

इस अवसर पर उनके साथ एएसपी सुरेंद्र शर्मा, संजीव भाटिया, डीएसपी अजय ठाकुर उपस्थित थे।

## प्रबंधक ने छात्रों को बैंकिंग कार्यप्रणाली की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गोंदपुर बनेहड़ा में छात्रों को स्टेट बैंक के प्रबंधक अंशु कुमार ने बैंकिंग कार्यप्रणाली की जानकारी दी।

पाठशाला में एन एस एस शिविर के छात्रों ने जानकारी का लाभ लिया, अंशु कुमार ने बताया कि आनलाइन लेन देन ,एटीएम का प्रयोग और बैंक की विभिन्न स्कीमों के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई।

इसके अलावा किसी भी तरह का बैंक के उपभोक्ता के साथ फ्रॉड न हो उसके बारे में भी व्यापक जानकारी दी गई, इस अवसर पर छात्र एवम अध्यापक उपस्थित थे।

## राजस्व विभाग की प्रथम राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स मीट बिलासपुर में 3 दिसंबर से

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

पुलिस स्पोर्ट्स मीट की तर्ज पर अब राजस्व विभाग में भी राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन होगा। इसमें प्रदेश के तमाम 12 जिलों के राजस्व विभाग व सेटलमेंट विभाग के कर्मचारी भाग लेंगे। इस आशय के आदेश अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) के कार्यालय से जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार प्रथम राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन तीन से पांच दिसंबर तक लुहणू मैदान बिलासपुर में होगा। स्पोर्ट्स मीट में भाग लेने वाले कर्मचारियों को दो से छह दिसंबर तक स्पेशल लीव मिलेगी।

राजस्व विभाग में राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स मीट करवाने की मांग हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो संघ द्वारा उठाई गई थी। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी की दलील थी कि काम के बढ़ते दबाव के चलते राजस्व कर्मी अवसाद का शिकार हो रहे हैं, ऐसे में उन्हें तरोताजा करने के लिए प्रदेश स्तर पर स्पोर्ट्स मीट होनी चाहिए। इससे राजस्व कर्मी भी एक-दूसरे को नजदीक से जान सकेंगे।

हाल ही में इस मुद्दे को लेकर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) ओंकार शर्मा से भी मिला था। इसमें फील्ड में तैनात पटवारी व कानूनगो भाग ले सकेंगे जबकि सेटलमेंट विभाग में कार्यरत पटवारी व कानूनगो भी भाग ले सकेंगे। इस स्पोर्ट्स मीट के लिए प्रदेश सरकार की और से कोई वित्तीय सहायता नहीं दी जाएगी। उधर, संघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी ने आयोजन को अनुमति प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार व अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) ओंकार शर्मा का आभार प्रकट किया है।

## किसी भी सरकार ने किसानों की समस्या को नहीं समझा : सीता राम

**विवेक शर्मा, अंब**

स्वतंत्र किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर सीताराम ने नंदपुर में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि वर्तमान समय में किसी भी सरकार का ध्यान किसानों की समस्याओं पर नहीं है। किसान केवल सरकारी कार्यक्रमों और अखबारों की सुर्खियों तक सीमित हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई उनकी सुध नहीं ले रहा।



उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे और दावे किए गए थे, जैसे कि किसानों की आमदनी बढ़ाना, दूध 100 प्रति लीटर खरीदना, गोबर 2 प्रति किलो खरीदना और फसलों का उचित मूल्य देना। दो साल बीतने के बावजूद इनमें से कोई वादा पूरा नहीं हुआ। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास ठप है और सरकार हर रोज नए कर लगाकर जनता पर बोझ डाल रही है। बेरोजगारी बढ़ रही है, आउटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है और हजारों सरकारी पद समाप्त कर दिए गए हैं।

ठाकुर सीताराम ने यह भी आरोप लगाया कि खनन माफिया को खुली छूट दी गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के जलस्तर में गिरावट आई है और सरकारी ट्यूबवेल बंद पड़े हैं। सीताराम ने कहा कि यदि सरकार ने किसानों के मुद्दों को हल नहीं किया तो राष्ट्रीय स्वतंत्र किसान मोर्चा बड़े आंदोलन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन सरकार की सोई हुई आत्मा को जगाने के लिए होगा और किसानों को उनके अधिकार दिलाने का काम करेगा।




**डर** डीएफओ ऊना सुशील और उनकी टीम की वन काटुओं में दहशत

# पीली पट्टी बताएगी अवैध कटान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में इस बार अवैध खैर कटान पर वन काटुओं में डीएफओ ऊना सुशील राणा का भय सताने लगा है और वन काटुए खैर के पेड़ों का अवैध कटान करने से दूर भाग रहे हैं। ज्ञात रहे ऊना जिले के फॉरेस्ट विभाग के बड़े अधिकारी एवं जिला के डीएफओ सुशील राणा द्वारा कुटलैहड़ विस क्षेत्र में अवैध कटान को रोकने का नया फार्मूला तैयार किया है। वह टीम सहित कुटलैहड़ विस क्षेत्र की रामगढ़ धार तो कभी सोलहसिंगी धार में फॉरेस्ट की बड़ी टीम लेकर हर दिन दबिश दे रहे हैं। इससे वन कटुओं में दहशत का माहौल बन गया है। वन काटुए अवैध कटान करने से दूर भाग रहे हैं।



डीएफओ ऊना सुशील राणा और उनकी टीम से वन काटु अधिक खौफ में हैं।

दूसरा, डीएफओ सुशील राणा द्वारा वन काटुओं के लिए कड़ी हिदायत भी दी है कि जो भी वन कटुआ अवैध कटान में सम्मिलित होगा, उस पर कानूनी कार्रवाई के साथ जुर्माना असौर सजा दोनों का प्रावधान विभाग द्वारा किया जाएगा। इतिहास में पहली बार डीएफओ सुशील राणा फॉरेस्ट के विशेष दस्ते के साथ उपमंडल बंगाणा के जंगलों में घूमकर पैनी नजर बनाए हुए हैं कि कहीं कोई खैर का अवैध कटान तो नहीं हो रहा है। गांव-गांव में खैर कटान के लिए मार्किंग हो रही है, तो कभी मलकीयत और सरकारी भूमि की सीमा पर खैर के पेड़ पर पीली पट्टी लगाई जा रही है, ताकि ठेकेदार को याद रहे कि यह मलकीयत ओर सरकारी भूमि की सीमा है और ठेकेदार भी अपनी सीमा में रहे और फॉरेस्ट की लक्ष्मण रेखा को लांघने का प्रयास न करे। अगर दस वर्ष पूर्व फॉरेस्ट विभाग को ऐसे ही जिला के फॉरेस्ट अधिकारी मिले होते तो दस वर्षों में राज्य सरकार की वन कटुओं द्वारा अरबों की खैर संपत्ति नहीं लुटती।

**सरकारी भूमि पर खुद मार्किंग करवा रहे डीएफओ सुशील राणा :** बताते चलें कि उपमंडल बंगाणा की रामगढ़ धार, सोलहसिंगी धार में करीब साढ़े सात हजार हेक्टेयर भूमि से करीब आठ हजार सूखे खैर के पेड़ों का कटान होगा, वहीं भरवाई फॉरेस्ट रेंज से दो हजार हेक्टेयर भूमि में से दो हजार खैर के पेड़ों का कटान होगा। उसकी मार्किंग खुद डीएफओ ऊना सुशील राणा फॉरेस्ट के विशेष दस्ते के साथ करवा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### अवैध खैर कटान नहीं होगा बर्दाश्त

डीएफओ सुशील राणा ने कहा कि उपमंडल बंगाणा हो या पूरा जिला ऊना, सरकारी भूमि हो या मलकीयत भूमि का खैर कटान। उसमें किसी प्रकार की कोई धांधली नहीं होगी और न ही कोई अवैध खैर कटान बर्दाश्त होगा। अगर मलकीयत या सरकारी भूमि पर अवैध कटान पाया गया तो पूरा मैटीरियल जब्त होगा और ठेकेदार के खिलाफ फॉरेस्ट की विभिन्न धाराओं के साथ मामला दर्ज होगा और उस पर आजीवन प्रतिबंध लगेगा।

# जीनत महंत ने प्रवासी छात्रों को गर्म कपड़े वितरित किए

**अनंत ज्ञान, ऊना**

गांव ईसपर में चल रही शिक्षा सुधार समिति जिसके द्वारा जिले में अध्यापकों की कमी को पूरा किया जा रहा है। जिले में कुल 42 स्कूलों में जहां अध्यापकों की कमी है, वहां पर शिक्षा सुधार समिति द्वारा अपने अध्यापक लगाए गए हैं। उन अध्यापकों को दिए जाने वाले वेतन में विद्यालय भी कुछ सहयोग करते हैं।

गांव ईसपुर के चार स्कूलों के प्रवासी बच्चों को जीनत महंत ने स्वेटर और धनराशि भी वितरित की। इन बच्चों के साथ लगभग 20 अध्यापकों को भी अपनी श्रद्धा के अनुसार राशि वितरित की गई। इन स्कूलों में घालूवाल एक और दो भदसाली, ईसपुर, पंडोगा तथा खड्ड के बच्चे वहां आए। जीनत महंत जिसका निवास स्थान गगरेट में है, जरूरतमंद लोगों की मदद लंबे समय से करती रही हैं। इस आधार पर आज ईसपुर के इस मंदिर में भी यही कार्यक्रम रखा गया जिसमें जीनत महंत ने ही मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जीनत महंत विज्ञान की स्नातक हैं उनकी बेटी स्मरण बीकॉम सेकंड इयर में पढ़ रही है।

गौरतलब है कि जिला ऊना में जीनत महंत ने 5 कैंसर के रोगी गोद लिए हुए हैं। हर महीने उनकी दवाई के अलावा जेब खर्च के लिए 15 सौ रुपए भी दिए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के आयोजन शिक्षा सुधार समिति के अध्यक्ष चोट विलास पाठक तथा महासचिव सुच्चा सिंह कंग ने सारा प्रबंध किया। ऊना से आईसीआईसीआई बैंक के मैनेजर तथा उपमैनेजर भी उपस्थित रहे।



जीनत महंत स्कूली छात्रों के साथ।



## न्यूज ब्रीफ

### 5 से 27 दिसंबर तक होगी वाहनों की पासिंग

**कुल्लू।** परिवहन विभाग ने जिला कुल्लू में विभिन्न स्थानों पर वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट के लिए तिथियां जारी की हैं। जिला कुल्लू (आरटीओ) में 5, 12, 19 और 27 दिसंबर को व मनाली में 11 दिसंबर को वाहनों की पासिंग होगी। इसके साथ ही कुल्लू (आरटीओ) में 20 दिसंबर, कुल्लू (आरएलए) में 9 दिसंबर को व मनाली में 10 दिसंबर को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। वहीं, बंजार में 18 दिसंबर को वाहनों की पासिंग एवं ड्राइविंग टेस्ट होंगे।

### राफ्टिंग में 7 राज्यों के 70 प्रशिक्षणार्थी ले रहे हिस्सा



**कुल्लू।** पिरडी में स्थित राफ्टिंग ट्रेनिंग सेंटर में राफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर का आगाज हो गया है। 10 दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर बुधवार को विधिवत रूप से शुरू हो गया है। इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत देश के 7 राज्यों से आए करीब 70 प्रशिक्षु राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षण लेंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए राफ्टिंग सेंटर प्रभारी गिमनर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश से छात्र कोर्स करने पहुंचे हैं। गिमनर सिंह ने बताया कि सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान राफ्टिंग से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध करवाई जाएंगी साथ ही इन्हें बहते पानी में तैराकी, कायकिंग, राफ्टिंग, रेस्क्यू करने की तकनीक, पहाड़ पर चढ़ने की तकनीक सहित ट्रैकिंग से संबंधित विभिन्न प्रकार की बारीकियों को प्रशिक्षण के दौरान सिखाया जाएगा। इस दौरान प्रशिक्षुओं को बचाव के तरीकों के दौरान किस तरह से पेश आना है और किस तरह से बचाव कार्य में भाग लेते हुए जान बचाने के लिए प्रयास करना है इन सभी पहलुओं को ध्यान में रख कर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### स्वास्थ्य जांच शिविर में घरद्वार मिल रहा उपचार



**पतलीकूहल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नग्गर में आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। एकदिवसीय इस शिविर का शुभारंभ अवार्ड ऑफ एक्सीलेंसी विजेता व निर्देशक ताज बड़ागढ़ रिजॉर्ट आईएचएसएल सेल्यूस नकुल खुल्लर ने बतौर मुख्यातिथि किया। बीएमओ नग्गर डॉक्टर करण द्वारा मुख्यातिथि को टोपी मफलर पहनाकर स्वागत किया। इस शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राहुल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकिता, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर आदिति व डॉक्टर आंचल द्वारा इस स्वास्थ्य शिविर में लोगों की जांच की। आसपास के क्षेत्रों के 100 से अधिक ग्रामीणों द्वारा इस शिविर का लाभ लिया। पीएचसी नग्गर की इंचार्ज (मेडिकल ऑफिसर) डॉ. ज्योति ने बताया कि इस शिविर में उपचार के साथ टेस्ट की सुविधा भी प्रदान की गई। मरीजों के चिकित्सकीय परामर्श के बाद टेस्ट किए गए। इसके अलावा सभी मरीजों को दवाएं भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गईं। लोगों की सुविधा के लिए आगे भी इस प्रकार के शिविर लगाए जाएंगे। वहीं, इस अवसर पर नकुल खुल्लर ने सरकार के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों के माध्यम से लोगों को घरद्वार पर ही उपचार मिल रहा है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना है, ताकि लोग प्राथमिक चिकित्सा और स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठा सकें। इन स्वास्थ्य शिविरों में बुजुर्गों, बच्चों व महिलाओं को लाभ मिल रहा है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के लिए आयुष्मान आरोग्य शिविर की शुरुआत की गई है।

### ट्राउट पालन की ओर अग्रसर हो रही स्पीति वैली



**काजा।** ट्राउट फार्म पतलीकूहल मत्स्य विभाग जिला कुल्लू द्वारा काजा में एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 20 किसानों ने भाग लिया। उपनिदेशक मत्स्य विभाग कुल्लू अरुण कांत ने प्रशिक्षण शिविर में आए सभी किसानों का स्वागत करते हुए रेसवेज में ट्राउट पालन और ठंडे पानी में पलने वाली ट्राउट मछली के पालन संबंधी तकनीक के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ट्राउट मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए तालाब बनाने, मछली का बीज उपलब्ध करवाने और तकनीकी सहयोग प्रदान करने जैसी कई योजनाएं भी शुरू की हैं। उन्होंने किसानों को विभागीय स्कीमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों से मत्स्य विभाग की स्कीमों का लाभ लेने बारे आग्रह किया, ताकि आने वाले समय में किसान व बागवान स्पीति में ट्राउट पालन की ओर जरूर अग्रसर होंगे और स्पीति वैली भी ट्राउट हब के रूप में उभरेगी। इस मौके पर काजा पंचायत की प्रधान सोनम डोलमा ने काजा में इस तरह के शिविर लगाने के लिए विभाग का धन्यवाद किया और किसानों को ट्राउट मछली पालन शुरू करने के लिए आग्रह किया, ताकि इस क्षेत्र के लोगों की आर्थिकी और सुदृढ़ हो सके। शिविर में पुस्तिकाएं व प्रचार-सामग्री का वितरण भी किया गया। इस कड़ी में प्रशिक्षण के बाद विभाग की ओर से पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराधा की उपस्थिति में दो किसानों की भूमि का सर्वेक्षण कार्य किया।

# इस किले में नहीं लगी है एक भी कील

## फिल्म निर्माताओं की पहली पसंद, पर्यटकों के लिए भी है आकर्षण का केंद्र नग्गर कैसल

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

नग्गर में देवदार के जंगलों के साथ सटा नग्गर कैसल किसी परिचय का मोहताज नहीं है। मान्यतानुसार 16वीं शताब्दी में राजा सिद्धि सिंह द्वारा इस अनूठे नग्गर कैसल काष्ठकुणी शैली के किले का निर्माण किया था।

लकड़ी व पत्थर से निर्मित एक बेजोड़ मध्यकालीन देहाती व अंग्रेजी वास्तुकला के मिश्रण से बने इस किले का 17वीं शताब्दी के मध्यम तक राजा शाही महल और शाही मुख्यालय के तौर पर प्रयोग करते थे, बाद में कुल्लू के राजा जगत सिंह ने इसे अपनी राजधानी बनाया। इस राष्ट्रीय धरोहर का निर्माण देवदार के पेड़ों और पत्थरों से किया गया है और इसकी खासियत यह है कि इस दो मंजिला किले में एक भी लोहे की कील नहीं लगी है। (अनंत ज्ञान)



16वीं शताब्दी में राजा सिद्धि सिंह की ओर से नग्गर कैसल काष्ठकुणी शैली के किले का निर्माण किया गया।

### 1905 में आए भूकंप का भी नहीं हुआ असर

**मनाली** से करीब 20 किलोमीटर दूर अपने आप में अनूठे इस किले की बनावट और निर्माण शैली देश-विदेश से यहां सैर सपाटे के लिए आने वाले सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र है और नग्गर कैसल फिल्म निर्माताओं की भी पहली पसंद है। कुल्लू-मनाली में 1905 में आया भयंकर भूकंप भी इस किले को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सका था, यहां का इतिहास किले की दीवारों पर दर्शाया गया है। नग्गर बाजार से एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित नग्गर कैसल किले का कुछ हिस्सा पर्यटन निगम ने होटल के रूप में परिवर्तित कर दिया है, जबकि निचले हिस्से में म्यूजियम है जिसमें राजाओं के समय की कलाकृतियां, बर्तन सहित अन्य कई चीजें सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं।

### एक बंदूक के लिए बेच दिया था किला

**1846 ई.** तक इस घराने के वंशज किले का प्रयोग ग्रीष्मकालीन महल के रूप में करते रहे, जब अंग्रेजों ने कांगड़ा व कुल्लू सिखों के अधिकार से छुड़ाकर अपने कब्जे में लिया था, तब राजा ज्ञान सिंह ने मात्र एक बंदूक के लिए प्रथम सहायक मेजर हे को बेच दिया था। इसके बाद इसे रहने के लिए यूरोपियन रहन-सहन के अनुरूप परिवर्तित कर दिया गया। इस प्रकार यह किला अंग्रेजी-देहाती कला का मिश्रण भी है। कुछ समय बाद मेजर ने इसे सरकार को बेच दिया और इसका प्रयोग ग्रीष्मकालीन न्यायालय के रूप में होता रहा। अब यह किला सरकार के अधीन है।

### एक पेड़ से तैयार हुआ है किला

**मान्यतानुसार** इस किले के दो मुख्य द्वार मात्र कुल्हाड़ी के प्रयोग से ही निर्मित किए गए हैं। किले में प्रयुक्त शहतीर (लकड़ी) देवदार के एक पेड़ से तैयार की गई है। नग्गर किला 17वीं शताब्दी के मध्य तक शाही महल व शाही मुख्यालय के प्रयोग में लाता रहा, फिर राजा जगत सिंह ने सुल्तानपुर (कुल्लू) को अपनी राजधानी बनाया।

### लकड़ी की ही बनाई जाती है कील

**इस** शैली से बने मकानों की खासियत यह है कि गर्मियों में यह ठंडे और सर्दियों में गर्म होते हैं। यह भूकंपरोधी होते हैं नग्गर कैसल और चैहणी कोठी है। लकड़ी को आपस में जोड़ने के लिए लकड़ी की ही कील तैयार कर उसे जोड़ा जाता है। काष्ठकुणी शैली के किले व मंदिरों में लकड़ी की नक्काशी है, जो यहां की कला की विशेष पहचान है।

## कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड ऑटो क्रॉस रैली का आज से होगा आगाज



हिमालयन एक्सट्रीम मोटर स्पोर्ट्स के अध्यक्ष सुरेश राणा प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमालयन एक्सट्रीम मोटर स्पोर्ट्स के अध्यक्ष सुरेश राणा ने कहा कि हिमाचल के कुल्लू मुख्यालय के ढालपुर में पहली बार कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड-2024 ऑटो क्रॉस रैली का आयोजन किया जा रहा है।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सुरेश राणा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिमालयन एक्सट्रीम मोटर स्पोर्ट्स के द्वारा यह तीन दिवसीय इवेंट आयोजित किया जा रहा है। 28 से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस ऑटो क्रॉस रैली में स्पीड के शौकीन रखने वाले देश-विदेश से 125 के करीब महिला व पुरुष भाग लेंगे। सुरेश ने बताया कि यह प्रतियोगिता ढालपुर के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी और इसकी तैयारी भी पूरी कर ली गई है। हिमालयन एक्सट्रीम मोटर स्पोर्ट्स के अध्यक्ष सुरेश राणा ने बताया कि हिमाचल में पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ी की आयु 18 साल होनी आवश्यक है और उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस होना आवश्यक है। इस इवेंट की अलग-अलग कैटेगरी में विजेताओं को सीनियर वर्ग में 30 हजार का नकद पुरस्कार, जबकि फर्स्ट रनरअप को 20 हजार, सेकेंड रनरअप को 10 हजार। वहीं, जूनियर वर्ग में विजेता को 20 हजार, फर्स्ट रनरअप को 12 हजार, जबकि सेकेंड रनरअप को 8 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी।

## जिस्पा में अस्थायी चौकी स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति पुलिस ने दारचा में ठंड बढ़ती देख पुलिस चौकी को हटा लिया है। अब यह चौकी तीन किमी पहले अटल बिहारी वाजपेयी खेल पर्वतारोहण संस्थान मनाली के जिस्पा केंद्र में स्थापित कर दी है।

इस चौकी के माध्यम से विंटर सीजन में जिस्पा तक आने वाले पर्यटकों की निगरानी की जाएगी। इन दिनों मौसम साफ है जिसे देखते हुए दारचा, छिका रारिक व योचे गांव के होम स्टे में पर्यटकों को भेजा जा रहा है। माइनस तापमान के बीच छुटपुट पर्यटक इन क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं। लाहौल-स्पीति प्रशासन की माने तो मौसम साफ रहने तक शिंकुला सहित बारालाचा दर्रे में वाहनों की आवाजाही सुचारु रहेगी। प्रशासन ने खिली धूप के बीच ही वाहन चालकों को सफर की सलाह दी है। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने सरचू पर्यटन स्थल से अपनी अस्थायी चैक पोस्ट अक्तूबर में ही हटा लिया था, अब दारचा से चैक पोस्ट जिस्पा ला दी है। जंस्कार व सरचू होते हुए लेह जाने वाले वाहन चालकों को इन चौकी में अपना नाम पता दर्ज करवाना अनिवार्य रहेगा। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि ठंड को देखते हुए दारचा चैक पोस्ट को जिस्पा स्थानांतरित कर दिया है। उन्होंने शिंकुला से जंस्कार व सरचू से लेह लद्दाख जाने वाले लोगों से आग्रह किया कि साफ मौसम में निर्धारित समय सुबह नौ से दोपहर एक बजे के बीच ही सफर करें और आते-जाते जिस्पा चैक पोस्ट में अपना नाम पता जरूर दर्ज करवाएं, ताकि आपात स्थिति में मदद पहुंचाने में आसानी हो।

## आंगनबाड़ी सहायिका के पदों के लिए आवेदन

**मनाली।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कटराई ने कहा कि विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों को भरने के लिए 24 को एक अधिसूचना जारी की गई थी, लेकिन उक्त अधिसूचना के अनुसार कोई भी पात्र उम्मीदवार विभाग को नहीं मिल पाया था। इसलिए संबंधित पंचायत पंगा और नगर परिषद मनाली से उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। पंचायत पंगा के आंगनबाड़ी केंद्र डेफरी और नगर परिषद मनाली के वार्ड नंबर-1 के आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के एक-एक रिक्त पद के लिए उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक पात्र महिला उम्मीदवार 13 दिसंबर तक सादे कागज पर आवेदन पत्र सभी वांछित प्रमाण पत्रों सहित इस कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। साक्षात्कार 19 को एसडीएम मनाली के कार्यालय में प्रातः 11 बजे आयोजित किए जाएंगे। उक्त भर्ती के लिए पात्रता, नियम और शर्तें पूर्वनिर्धारित ही रहेंगी।

## मछुआरों के हितों की रक्षा को लेकर गंभीर हुआ मत्स्य विभाग

# मछली मार्केट में छापामारी कर काटे चालान



**अनंत ज्ञान, मनाली**

प्रदेश के मछुआरों के हितों की रक्षा को लेकर मत्स्य विभाग गंभीर हो गया है। विभाग ने प्रदेश से बाहर से लाई गई मछली को बेचने वालों पर शिकंजा कस दिया है। विभाग की टीम ने मंगलवार को बजौरा से लेकर मनाली तक मछली मार्केट में छापामारी की।

इस दौरान अवैध मछली बेचने वालों के चालान भी काटे तथा आठ हजार का राजस्व वसूला। विभाग ने बाहरी राज्यों से आने वाली लग्जरी बसों की भी चैकिंग का अभियान चलाया। मत्स्य विभाग मछली विक्रेताओं को प्रदेश के मछुआरों द्वारा पकड़ी जाने वाली मछली को बेचने के लिए प्रेरित कर रहे है। ऐसा न करने वालों पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पतलीकूहल उपनिदेशक ने बताया कि विभाग ने कुल्लू जिले में जगह-जगह छापेमारी कर बाहरी राज्य की मछली बेच रहे विक्रेताओं के चालान काटे हैं और आठ हजार राजस्व भी वसूला है। प्रदेश के मछली विक्रेताओं को अपने प्रदेश की ही मछली बेचनी होगी। विभाग प्रदेश के मछली पालकों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में जुटा हुआ है। विभागीय कार्यशाला लगाकर मत्स्य विभाग की लाभकारी योजनाएं बताकर लोगों को मछली पालन के रोजगार शुरू करने को प्रेरित कर रहा है। निदेशक एवं प्रारक्षी मत्स्य विभाग हिमाचल प्रदेश भारतीय प्रशासनिक अधिकारी विवेक चंदेल ने बताया कि मनमानी करने वाले प्रदेश के मछली विक्रेताओं पर शिकंजा कसा जा रहा है। राज्य से बाहर से आयातित बिना परमिट की मछली पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# लाहौल घाटी के बागवानों को सेब से अच्छी होगी आमदनी : डॉ. अरुण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



किसानों और बागवानों के लिए आयोजित शिविर में भाग लेते विभाग के अधिकारी एवं अन्य।

जिला लाहौल-स्पीति के लाहौल घाटी में इन दिनों जिला उद्यान विभाग लाहौल की तरफ से घाटी के किसान-बागवानों के लिए सेब की प्रूनिंग, सेब की किस्मों के बारे, बीमारियों और खाद के बारे में जानकारी दी गई।

यह शिविर जिला मुख्यालय केलांग के बिलिंग, कारदंग और गोशाल में करवाया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र हिमाचल की तरफ से विशेषज्ञ अरुण नेगी ने बिलिंग में सेब बगीचों में बागवानों को सेब की खेती को बढ़ावा देने के बारे बागवानों को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने बताया की लाहौल घाटी की मिट्टी बेहद उपजाऊ है और यहां का मौसम सेब के लिए अनुकूल है। अटल टनल खुलने के बाद सेब को बाजार तक पहुंचाना भी आसान है, जिससे घाटी के किसानों को सेब से आमदनी बढ़ाने में बहुत फायदा होगा। सेब की गुणवत्ता के लिए मिट्टी की आवश्यकता के अनुसार ही खाद डालें और प्राकृतिक तरीके से भी सेब के पौधे तैयार करने के लिए यहां की मिट्टी अनुकूल है। उन्होंने सेब की किस्मों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बागवान अगर सेब के पौधों में थोड़ी और मेहनत करें, तो हिमाचल के सेब में सबसे उत्तम क्वालिटी का सेब यहां से ही उपलब्ध होगा। इसी बीच बागवानों ने भी विशेषज्ञों से सवाल कर अधिक जानकारी ली। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य कुंगा बोध ने विशेषज्ञ डॉ. अरुण नेगी, उद्यान विभाग लाहौल से मीनाक्षी शर्मा, निकिता, अशोक का स्वागत एवं धन्यवाद किया और विभाग से ऐसे शिविर को बड़े पैमाने पर आयोजित करने की मांग रखी, ताकि बागवानों को ऐसे शिविर में और सीखने को मिले। विभाग के इस प्रयास से बागवानों को सेब की खेती को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

## 14 को आनी में होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**कुल्लू।** प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला के तत्वाधान में 14 को कुल्लू के आनी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुल्लू ने अवगत करवाया कि 14 की लोक अदालत में दुर्घटना क्लेम, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, जमीनी विवाद, बैंक से संबंधित विवाद, वैवाहिक विवाद और विशेष रूप से कम राशि के चैक से लेन-देन के मामले लिए जाएंगे। इस अवसर पर मोटर व्हीकल की लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मोटर व्हीकल के चालानों का भी निपटारा किया जाएगा, जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी के मामले लंबित हैं, वे ऐसे मामलों को लोक अदालत में लगवा सकते हैं। लोक अदालत में फैसला दोनों पक्षों की रजामंदी से किया जाता है व किसी पक्ष की हार या जीत नहीं होती। लोगों को लोक अदालत का भरपूर फायदा उठाना चाहिए व इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुल्लू के दूरभाष नंबर 01902-222378 पर संपर्क कर सकते हैं।

## बंजार कॉलेज में 140 स्टूडेंट्स ने सीखे आत्मसुरक्षा के गुर



बंजार कॉलेज में आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर के समापन पर मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार कॉलेज में पांच दिवसीय आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस शिविर में लगभग 140 छात्राओं ने आत्म सुरक्षा के गुर सीखे।

इस अवसर पर, रॉवर्स और रेंजर इकाई की छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर एक नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक में रजनी बीए द्वितीय वर्ष ने अध्यापिका की भूमिका में और अर्चना ने दादी की भूमिका में बहुत शानदार अभिनय किया। इसके अलावा, शिक्षक मोहन और हरीश ने व्यावहारिक रूप से तकनीकों का प्रयोग कर छात्राओं के माध्यम से प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में बाल विकास अधिकारी बंजार की ओर से पर्यवेक्षक मोतीराम और कॉलेज के प्राचार्य एवं प्राध्यापक वर्ग उपस्थित रहे। यह शिविर छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

**आकर्षण** पॉलिटेक्निक कॉलेज सेऊबाग के प्रशिक्षुओं ने फैशन शो कार्यक्रम का किया आयोजन

# वॉक से एचआईवी के प्रति किया जागरूक



पॉलिटेक्निक कॉलेज कुल्लू के प्रशिक्षु रेड रिबन क्लब के बैनर तले सांस्कृतिक फैशन शो वॉक में भाग लेते हुए (दाएं) कार्यक्रम के बाद सभी मौजूद।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के सेऊबाग में स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में रेड रिबन क्लब के सौजन्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पॉलिटेक्निक कॉलेज सेऊबाग में आयोजित इस कार्यक्रम में एचआईवी जैसी घातक और जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सांस्कृतिक फैशन शो वॉक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के स्टूडेंट्स ने नोडल ऑफिसर नमोष राणा की अध्यक्षता में सांस्कृतिक फैशन शो वॉक में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

रेड रिबन क्लब को जागरूकता का प्रतीक माना जाता है और रेड रिबन क्लब के सौजन्य से संस्थान के प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम कर विभिन्न तरह की गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर संस्थान की छात्राओं ने प्रदेश के विभिन्न जिलों के खूबसूरत परिधानों को पहन कर सांस्कृतिक फैशन वॉक में भाग लिया और एचआईवी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति विभिन्न प्रकार के संदेशों के माध्यम से जागरूकता फैलाने में योगदान दिया।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष बिजली अभियांत्रिकी अमन आनंद सदस्य, वंदना ठाकुर प्रवक्ता, प्रवक्ता नवल किशोर, मनसा राम लेब टेक्नीशियन और अनुदेशक राजेश मौजूद थे। इस मौके पर अर्पिता, आंचल, मीरा, मनीषा, अपूर्वा, महिमा, ऐश्वर्या, मेधा, दिव्या, पूजा, स्मृति, अंकिता, दीक्षा, अंजली और मोनिका ने बेहद खूबसूरत और सादगी के साथ सांस्कृतिक फैशन शो में भाग लेकर एचआईवी के प्रति जागरूकता फैलाने में अपना योगदान दिया।

## भाषण प्रतियोगिता में सुनिधि चौहान ने झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, आनी**

राजकीय महाविद्यालय आनी स्थित हरिपुर में एनसीसी दिवस आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर कुंवर दिनेश सिंह उपस्थित रहे।

तत्पश्चात लेफ्टिनेंट अशोक कुमार ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कॉलेज में पंचायत चवाई के प्रधान गीता भूषण तथा पंचायत लफाली की प्रधान ममता ठाकुर विशिष्ट अतिथि रही तथा पीटीए के अध्यक्ष जवाहर ठाकुर, पीटीए के उपाध्यक्ष कृष्ण चंद, पीटीए ऑडिटर जीवानंद शर्मा, पत्रकार गोस्वामी, ओएसए के अध्यक्ष दीवान राजा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा उरी आक्रमण की झलक सभी के समक्ष प्रस्तुत की, जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पलक, दूसरा स्थान लवली, तीसरा स्थान पायल शर्मा ने प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में पहला स्थान साहिल ठाकुर, दूसरा स्थान लवली, तृतीय स्थान तनिका ने प्राप्त किया, उसके साथ भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान सुनिधि चौहान, दूसरा स्थान रुकसाना, तृतीय स्थान स्नेहलता ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. संगीता नेगी, प्रो. निर्मल सिंह शिवांश, प्रो. विजय कुमार और प्रो. पुष्पा गुलेरिया ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में अतिथि ममता और गीता भूषण ने 5100 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की और जवाहर ने 1000 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की।



एनसीसी दिवस के दौरान विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।



## न्यूज ब्रीफ

### नो पार्किंग जोन के संबंध में जारी किए आदेश

**सोलन।** जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने सोलन शहर में कुछ मार्गों को तत्काल प्रभाव से नो पार्किंग जोन घोषित कर दिया है। यह आदेश जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुलिस अधीक्षक सोलन, नगर निगम सोलन आयुक्त तथा एसडीएम सोलन की संस्तुति के उपरांत जारी किए गए हैं। यह आदेश मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 व 117, सड़क नियमन 1999 के नियम 15 तथा 17 और हिमाचल मोटर वाहन नियम, 1999 के नियम 184 तथा 196 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप जारी किए गए हैं। इन आदेशों के अनुसार सोलन शहर में दयोंघाट वार्ड नंबर-1 में बाबा बालक नाथ मार्ग, जवाहर पार्क के समीप सर्कुलर मार्ग से चौक बाजार सोलन, दोहरी दीवार से शिव मंदिर-पॉवर हाउस-सपरुन गुरुद्वारा तक तथा कोटला नाला से ऑफिसर कालोनी एवं डाइट सोलन तक मार्ग को तत्काल प्रभाव से नो पार्किंग जोन घोषित कर दिया गया है। यह आदेश तुरंत लागू हो गए हैं तथा आगामी आदेशों तक लागू रहेंगे।

### कटराईं में प्रकृति परीक्षण अभियान शुरू

**पतलीकूहल।** आयुष मंत्रालय द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक जारी रहेगा। उपमंडलीय आयुष चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जसविंदर कपूर ने बताया कि जिला आयुष अधिकारी कुल्लू डॉक्टर सोनिया दुग्गल के दिशा-निर्देश एवं उपमंडल आयुष अधिकारी डॉक्टर नताशा ठाकुर के मार्गदर्शन में उपमंडल कटराईं में इस अभियान के अंतर्गत आयुष चिकित्सकों द्वारा 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों का प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है। अभियान के तहत लोगों को उनकी प्रकृति के बारे में जानकारी दी जा रही है। डॉक्टर कपूर ने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार मनुष्य के शरीर में तीन प्रकार की प्रकृति का समावेश होता है जिन्हें वात, पित्त और कफ के रूप में जाना जाता है। मानव शरीर में इन तीनों की कमी या अधिकता की वजह से मानव शरीर में विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होती हैं इसलिए हमें यदि अपनी प्रकृति का ज्ञान हो तो जीवन में कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है। उपमंडल आयुष अधिकारी डॉक्टर नताशा ठाकुर ने लोगों से अपील की है कि वह अपने नजदीकी आयुष स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपना पंजीकरण अवश्य करवाएं और केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई मुहिम का हिस्सा बनें।

# एसपी कार्यालय में टाइलें चटकने के रहस्य से नहीं उठ रहा पर्दा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

मिनी सचिवालय सोलन के एसपी कार्यालय में टाइलें चटक कर उखड़ने का रहस्य बरकरार है। पीडब्ल्यूडी की टीम अभी तक टाइलें उखड़ने के कारणों का पता नहीं लगा पाई है। तर्क दिया जा रहा है कि एसपी कार्यालय को छोड़कर किसी भी जगह दरारें नहीं हैं। साथ ही बिल्डिंग के पिलर भी कहीं से नहीं धंसे हैं। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि टाइलें चटकने और उखाड़ने का कारण क्या है।

यह विषय सचिवालय के गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बहरहाल पीडब्ल्यूडी एसपी कार्यालय में लगी टाइलों को उखाड़ने का कार्य शुरू कर दिया है। इसके बाद फर्श को चेक किया जाएगा। यदि कोई तकनीकी खामी सामने आती है, तो नए सिरे से टाइलें लगाई जाएंगी। अन्यथा तकनीकी खराबी या दरारें पाए जाने पर एसपी कार्यालय को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



मिनी सचिवालय सोलन के एसपी कार्यालय में चटक कर उखड़ी टाइलें।

### खाली किया गया एसपी कार्यालय

**फर्श** की टाइलें चटक के उखड़ने के बाद एसपी कार्यालय को खाली किया गया है। फिलहाल एसपी एएसपी कार्यालय से काम चला रहे हैं। जबकि एएसपी डीएसपी कार्यालय में बैठ रहे हैं। वहीं, करीब 32 करोड़ रुपए की लागत से बने मिनी सचिवालय की बिल्डिंग में टाइल्स चटकने और दरारें आने को लेकर पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। हालांकि तर्क दिया जा रहा है कि बिल्डिंग निर्माण में पूरे नॉर्म अपनाए गए हैं। अब एसपी कार्यालय में टाइलें उखड़ने का कारण बिल्डिंग धंसना है या फिर ठंड यह तो पीडब्ल्यूडी ही बता पाएगा।

### वुडन फ्रेमिंग से दीवारों की स्थिति का पता नहीं

**एसपी** कार्यालय की दीवारों पर वुडन फ्रेमिंग की गई है, जिससे दीवारों में दरारें आने का अंदाजा नहीं लग रहा है पर अचानक फर्श की टायलों का चटकना किसी खतरे से कम नहीं है। वहीं, ठीक इसी कार्यालय के नीचे की मंजिल में कोष विभाग के कार्यालय में कुछ समय से खिड़कियों और दरवाजों के आसपास दीवारों की बीच जगह छोड़ी है पर पिल्लर की दीवारें सही हैं। ऐसे में अंदाजा लगाना मुश्किल है कि टाइलें आखिर कैसे चटक गई। अधिकारियों को कारण पता लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुलिस ने अवैध माइनिंग पर नालागढ़ में पकड़े दो टिप्पर और एक ट्रैक्टर



**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी पुलिस ने अवैध माइनिंग पर कार्रवाई करते हुए दो टिप्परों व एक ट्रैक्टर को जब्त किया।

पुलिस ने रूटीन चैकिंग के दौरान भोगपुर के समीप से दो टिप्परों को पकड़ा, जिनके पास किसी तरह का दस्तावेज नहीं मिला। इसके अलावा अंदरोला खड्ड में भी एक ट्रैक्टर को पकड़ा। पुलिस ने वाहनों को इंपाउड कर लिया है, अब पुलिस माइनिंग एक्ट के साथ-साथ एनजीटी के तहत भी आगामी कार्रवाई में जुट गई है और आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जिला बद्दी पुलिस अतिरिक्त अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि दो टिप्पर व एक ट्रैक्टर को पकड़ा है, जिन्हें जब्त कर लिया है। माइनिंग एक्ट के साथ एनजीटी में कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## कांग्रेस राग: चुनाव हार गए तो ईवीएम खराब, चुनाव जीते, तो ईवीएम ठीक: रावत

**अनंत ज्ञान, सिरमौर**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कांग्रेस पार्टी सहित विपक्ष के सभी नेताओं पर हमला करते हुए कहा है कि अगर कांग्रेस पार्टी या विपक्ष की सभी पार्टियां किसी भी प्रदेश में चुनाव जीतती हैं, तो फिर ईवीएम वोटिंग मशीन ठीक है और अगर चुनाव हारती हैं, तो फिर ईवीएम वोटिंग मशीन को खराब बताते हुए चुनाव हारने का सारा ठीकरा ईवीएम वोटिंग मशीन पर फोड़ते हैं।



रावत ने कांग्रेस पार्टी सहित विपक्ष के सभी नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि चुनाव विकास करने से जीते जाते हैं झूठी गारंटी देने से नहीं। रावत ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं ने हिमाचल की जनता को 10 बड़ी गारंटी दी थी, जिसमें सबसे बड़ी गारंटी प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को हर साल एक लाख सरकारी नौकरी देने की थी। दूसरी गारंटी 18 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाओं को प्रतिमाह इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के तहत सभी महिलाओं को 1500 रुपए दिया जाएगा। रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेता झूठ का सहारा लेकर हिमाचल की तर्ज पर अन्य राज्य में भी सरकार बनाना चाहती थी, लेकिन हरियाणा एवं महाराष्ट्र की जनता ने विधानसभा चुनाव में विपक्ष की सभी पार्टियों को चुनाव हराकर बहुत बड़ा संदेश दिया है कि काठ की हांडी सिर्फ एक बार ही चढ़ती है।

## 1917327 वर्ग मीटर क्षेत्र नगर पंचायत कुनिहार में सम्मिलित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रदेश सरकार द्वारा नगर पालिका अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्याक 13) की धारा 4 की उपधारा (2) के तहत सोलन में नगर पंचायत कुनिहार को अधिसूचित किया गया है।

> **आक्षेप अधिसूचना के राजपत्र (ई-गजट) में प्रकाशन की तारीख से दो सप्ताह की अवधि में लिखित में प्रेषित करने होंगे**

यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने दी। अजय यादव ने कहा कि नगर पंचायत कुनिहार के तहत पटवार वृत्त कुनिहार के मोहाल थावना के 316873 वर्ग मीटर, पटवार वृत्त हाटकोट के मोहाल कोठी फर्स्ट के 343979 वर्ग मीटर, पटवार वृत्त हाटकोट के मोहाल हाटकोट के 570187 वर्ग मीटर, पटवार वृत्त हाटकोट के उपमहाल कोठी सैंकड के 181112 वर्ग मीटर, पटवार वृत्त कुनिहार के मोहाल ऊंचा गांव के 394047 वर्ग मीटर तथा पटवार वृत्त हाटकोट के उपमहाल पुलहाडा के 111129 वर्ग मीटर क्षेत्र को सम्मिलित किया गया है।

कुल 1917327 वर्ग मीटर क्षेत्र को नगर पंचायत कुनिहार में सम्मिलित किया गया है। एडीएम ने कहा कि इन क्षेत्रों को नगर पंचायत कुनिहार में सम्मिलित किए जाने के संबंध में आक्षेप लिखित में अतिरिक्त उपायुक्त सोलन को प्रेषित करने होंगे। आक्षेप अधिसूचना के हिमाचल प्रदेश के राजपत्र (ई-गजट) में प्रकाशन की तारीख से दो सप्ताह की अवधि में लिखित में प्रेषित करने होंगे।

इन आक्षेपों को हिमाचल के प्रधान सचिव, शहरी विकास को प्रेषित किया जाएगा। उपरोक्त अवधि की समाप्ति के उपरांत कोई भी आक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## 14 को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत: हंसराज

**नाहन।** जिला अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश हंस राज ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायालय सिरमौर नाहन, न्यायालय परिसर पांवटा साहिब, राजगढ़ व शिलाई में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी, जिसमें विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक मामले, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक चैक बाउंस के मामले, श्रम कानून बैंक लोन, बिजली व पानी बिल भुगतान के मामले, राजस्व मामले, भूमि अधिग्रहण एवं समाधेय अपराध समेत कई अन्य प्रकार के मामलों का निपटारा किया जाएगा।

अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला वासियों से आग्रह किया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करें तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिरमौर के हेल्पलाइन नंबर 01702-224749 पर संपर्क किया जा सकता है।

## आरुष एयर राइफल में खेलेंगे राष्ट्र स्तर पर

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ**

किन्नौर जिले के बट्सेरी गांव से संबंध रखने वाले 13 वर्षीय आरुष नेगी ने दिल्ली में आयोजित 43वें नॉर्थ जोन एयर राइफल की प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसके बाद उनका चयन राष्ट्रीय स्तर के एयर राइफल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

आरुष नेगी रिकांगपिओ डीएवी स्कूल के आठवी कक्षा के छात्र हैं, जिनकी रुचि एयर राइफल खेल में रही है। उन्होंने हालही में डीएवी स्कूल की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए शिमला में आयोजित एयर राइफल खेल प्रतियोगिता में कांस्य मेडल हासिल किया।



इसके अलावा इंटर स्कूल खेल प्रतियोगिता जो प्रदेश के नाहन में हुई थी, उसमें भी उन्होंने क्वालीफाई किया था। आरुष नेगी के पिता मनोज लोकट्स ने बताया कि आरुष नेगी 15 से 31 दिसंबर तक भोपाल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एयर राइफल खेल में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे और जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने का भरसक प्रयास करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## राजगढ़ कॉलेज में कल से इंटर कॉलेज जूडो प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ कॉलेज में सत्र 2024-25 के लिए दो दिविसीय अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 28 व 29 नवंबर को किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश विशवविद्यालय सहित प्रदेश के सभी कॉलेजों की टीमों के विद्यार्थी भाग लेंगे। यह जानकारी कॉलेज के प्राचार्य राजेंद्र वर्मा व प्रतियोगिता की प्रभारी डॉ. शशि किरण ने दी। प्राचार्य राजेंद्र वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ निदेशक खेल शिक्षा एवं युवा सेवाएं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय प्रोफेसर संजय शर्मा 28 नंवबर वीरवार को करेंगे, जबकि समापन सोलन कॉलेज से सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रोफेसर रीता शर्मा द्वारा 29 को किया जाएगा। प्रभारी डॉ. शशि किरण ने बताया कि यह पहला अवसर है, जब राजगढ़ कॉलेज में कोई अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। प्राचार्य ने बताया कि राजगढ़ कालेज ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित युवा महोत्सव ग्रुप-3 और अंतर महाविद्यालय वॉलीबाल प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन किया।

## हिमाचल-पंजाब को जोड़ने वाले दभोटा पुल का मरम्मत कार्य डेढ़ साल बाद शुरू

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ उपमंडल के तहत पंजाब को हिमाचल से जोड़ने वाले दभोटा पुल की पंजाब सरकार ने डेढ़ साल बाद सुध ली है। हिमाचल व पंजाब के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों समेत नालागढ़ के विधायक ने निरीक्षण करते हुए पुल का मरम्मत कार्य शुरू करवाया, जिसे नौ माह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

इस पुल का निर्माण 2.91 करोड़ रुपए की राशि से हो रहा है, जिसमें हिमाचल व पंजाब ने डेढ़-डेढ़ करोड़ रुपए की राशि जारी की है क्योंकि यह पुल पंजाब व हिमाचल के हिस्से में पड़ता है। पंजाब सरकार के लोक निर्माण विभाग के अधिकारी अपनी टीम व ठेकेदार के साथ दभोटा गांव पहुंचे और उन्होंने विधायक हरदीप सिंह बावा के साथ मिलकर क्षतिग्रस्त पुल का काम शुरू करवाया। वहीं, लंबे समय से पुल के लिए लड़ाई लड़ने वाले लघु उद्योग संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक कुमार राणा व महासचिव अनिल मलिक ने भी विशेष तौर पर शिरकत की। पंजाब से आए अधिकारियों ने बताया कि इस पुल का निर्माण कार्य 9 माह में किया जाएगा और ठेकेदार को टेंडर अवार्ड कर दिया गया है।



पंजाब को हिमाचल से जोड़ने वाले दभोटा पुल का कार्य शुरू करवाते हुए (दाएं) क्षतिग्रस्त पुल के कारण नदी से वाहन आते जाते हुए।

### जुलाई-2023 से बंद था पुल

**जुलाई-2023** में बरसात में क्षतिग्रस्त हुए दभोटा पुल के नवनिर्माण की शुरुआत पंजाब सरकार के लोक निर्माण विभाग ने कर दी है। इस पुल को लेकर प्रदेश के उद्योग संगठन लघु उद्योग संघ ने दभोटा व भरतगढ़ पंचायत के ग्रामीणों के साथ मिलकर इसी पुल पर धरना दिया था और तब जाकर पंजाब व हिमाचल सरकार की नींद खुली थी। पंजाब सरकार के अधिकारियों ने बुधवार को मौके पर आकर पुल के काम की शुरुआत की। वहीं, हिमाचल सरकार की ओर से नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा उपस्थित रहे।

### 9 माह में पूरा होगा कार्य: विधायक

**हरदीप** सिंह बावा ने कहा कि हिमाचल सरकार ने बहुत देर पहले अपने हिस्से का डेढ़ करोड़ पंजाब सरकार को दे दिया था। वहीं, पंजाब ने भी इतने ही पैसे डाले हैं। पहले नालागढ़ विधानसभा उपचुनाव और बाद में लोकसभा की आचार संहिता लगने के कारण पुल निर्माण में कुछ विलंब हुआ है, लेकिन अब रिकार्ड तोड़ 9 माह में इसके टूटे हुए पिल्लरों की मरम्मत कर इसको चालू कर दिया जाएगा। इसके अलावा जो पुल का सुरक्षित हिस्सा है, उसके दोनों ओर मजबूत कंक्रीट वाल भी लगाई जाएगी। वहीं, इंडस्ट्रीज एसोसिएशन लघु उद्योग संघ के राज्य अध्यक्ष अशोक राणा ने कहा कि हमने इस पुल को लेकर अप्रैल में एक बड़ा धरना दिया था और हम कई बार एसडीएम आंनदपुर साहिब और पंजाब के लोक निर्माण विभाग को भी मिले थे। कई बार लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को भी ज्ञापन भेजा गया।

### स्ट्रीट लाइट के बंद होने से आम लोगों को समस्या का करना पड़ रहा सामना

## विश्वकर्मा चौक पर आए दिन लग रहा जाम

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

गुरु की नगरी पांवटा साहिब के विश्वकर्मा चौक पर सालों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट के बंद होने से आम लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, वाहनों का लंबा जाम भी देखने को मिल रहा है। लोगों की जल्दबाजी और समय के अभाव के कारण विश्वकर्मा चौक पर वाहनों का आपस में टकराव व शाम के समय विश्वकर्मा चौक को पार करना मानों लोगों के लिए एक बड़ी चुनौती और समस्या बन चुका है।

वहीं, पुलिस के जवानों को भी इस चौक पर शाम के समय यातायात नियमों का पालन करवाने के लिए भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पुलिस के जवान कुलदीप ठाकुर के अनुसार शाम को जैसे ही छुट्टी का समय होता है, तो वाहनों की आवाजाही काफी हद तक बढ़ जाती है। वहीं, लोगों की जल्दबाजी में और साथ ही स्ट्रीट लाइट के खराब होने से गाड़ियों की लाइट आंखों पर पड़ती हैं। पुलिस जवानों के मुताबिक यातायात व्यवस्था को बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है।



स्थानीय लोगों ने नगर परिषद पांवटा साहिब से स्ट्रीट लाइट को जल्द ठीक करवाने की मांग की है, ताकि विश्वकर्मा चौक पर स्ट्रीट लाइट की रोशनी से आम लोगों और पुलिस के जवानों को यातायात व्यवस्था में काफी हद तक राहत मिल सके।

## रेणुका मेले के बाद 3.5 टन सूखा कचरा किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर की प्रसिद्ध रेणुका झील के किनारे 11 से 15 नवंबर तक अंतराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला आयोजित किया गया। यह मेला अब 'ग्रीन रेणुका फेयर' के नाम से भी जाना जाने लगा है।

इस मेले की विशेषता यह है कि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार के सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जाता है। डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि जिला प्रशासन ने इस बार मेले में सफाई पर विशेष ध्यान दिया। दुकानदारों को कचरे की छंटाई पहले से करने पर भी विशेष जोर दिया गया तथा नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई और चालान भी किए गए। इस वर्ष ग्रीन रेणुका जी मेले का दूसरा वर्ष है और इस बार भी इसका आयोजन जिला प्रशासन, वेस्ट वॉरियर्स और पहाड़ी समाज पर्यावरण कवच के संयुक्त प्रयास से किया गया। मेले के दौरान शॉप-टू-शॉप कचरा संग्रहण और एक विशेष सफाई अभियान का भी आयोजन किया गया। साथ ही, स्थानीय महिला मंडलों, युवक मंडलों, ददाहू कॉलेज के स्वयंसेवियों द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाए गए, ताकि मेले में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश व्यापक रूप से फैल सके।



अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर, तहसीलदार ददाहू और रेणुका विकास बोर्ड के सीईओ के द्वारा वेस्ट वॉरियर्स टीम के साथ मेले में एकत्रित 3.5 टन सूखे कचरे से भरे ट्रक को देहरादून में रीसायकल होने के लिए रवाना किया। उसके पश्चात एसडीएम नाहन की अगुवाई में सभी संस्थाओं ने मेला मैदान में एक विशेष सफाई अभियान चलाया। अभी भी समस्त मेला क्षेत्र की साफ-सफाई करने के लिए रेणुका विकास बोर्ड के श्रमिक लगातार कार्य में लगे हैं।

### छोगटाली स्कूल में मेधावियों को किया सम्मानित

**राजगढ़।** राजगढ़ शिक्षा खंड की वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ द्वारा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह विद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ अनिल चौहान संयुक्त सचिव राजस्व विभाग द्वारा किया गया तथा राम शरण दास किशोरी लाल चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली के महासचिव चंद्र मोहन कक्कड़ विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। यहां काबिले जिक्र है कि राम शरण किशोरी लाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विद्यालय को 15 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है और इस राशि से स्कूल में एक भवन बनाया गया है। इस मौके पर इस भवन का भी लोकार्पण किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य सुरेंद्र पुंडीर के अनुसार वार्षिक समारोह किसी भी विद्यालय की सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि रहती है, जिसकी सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को वर्ष भर प्रतीक्षा रहती है। इस अवसर पर शैक्षणिक, खेलकूद प्रतियोगिताओं तथा अन्य गैर-शैक्षणिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा के बल पर अलग-अलग स्थान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया गया।




**आयोजन** करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट के 21 विजेताओं को कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने किया सम्मानित

# मेरे हमसफर सम्मान समारोह में शान -ए-गजल की धूम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन में मेरे हमसफर सम्मान समारोह एवं शाम-ए-गजल का आयोजन किया गया। खबर अभी-अभी के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी बतौर मुख्यातिथि व हिमाचली लोक गायक विक्की चौहान और उद्यमी अशोक ठाकुर विशिष्टातिथि रहे।

इसके अलावा हॉली हेवन पब्लिक स्कूल के मालिक वीएन शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके बाद खबर अभी-अभी के प्रबंध निदेशक मनीष कुमार और निदेशक सीमा कश्यप ने मुख्यातिथि को शॉल टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आगाज क्लासिकल डांसर सिया सिंह की कथक की प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद शाम ए गजल कार्यक्रम में हिमाचल के सुप्रसिद्ध गायक प्रवेश निहाल्टा और उनकी टीम द्वारा कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों का मनोरंजन किया। साथ ही उनके सुपुत्र हार्दिक निहाल्टा ने भी गजल गायकी से रंग जमाया। कार्यक्रम में मुख्य प्रायोजक राजेश एंड कंपनी सहित ओकाया ईवी, हिमाचल हाउस, पीयूष कार बाजार, फूड विलेज सुल्तानपुर सोलन, अनायास एप्पल एजेंसी, जेएम लबोर्ट्री और क्रिएशन ने सहयोग दिया। कार्यक्रम में करवा चौथ के उपलक्ष्य पर आयोजित फोटो कॉन्टेस्ट के 21 विजेताओं को विधायक विनोद सुल्तानपुरी, विक्की चौहान और अशोक ठाकुर द्वारा सम्मानित किया गया। विधायक ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। साथ ही इस आयोजन के लिए खबर अभी-अभी टीम की भी सराहना की। लोक गायक विक्की चौहान ने खबर अभी-अभी के एमडी मनीष कुमार द्वारा मेरे हमसफर सम्मान समारोह का आयोजन किए जाने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्य होते रहने चाहिए। करवा चौथ के उपलक्ष पर आयोजित फोटो कॉन्टेस्ट में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने भी एक नया अनुभव प्राप्त किया। साथ ही भविष्य में इस तरह के आयोजन की उम्मीद जताई। मंच का ऑल इंडिया रेडियो में कार्यरत संचालन संजय ठाकुर द्वारा किया गया।



मेरे हमसफर सम्मान समारोह एवं शाम-ए-गजल कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यातिथि विनोद सुल्तानपुरी (दाएं) प्रस्तुति देते सुप्रसिद्ध गायक प्रवेश निहाल्टा।

## न्यूज ब्रीफ

### पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को एक रिपोर्ट के माध्यम से बताया गया है कि पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आई है।



एनजीटी ने पहले राज्य के अधिकारियों से पराली जलाने के कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में होने वाले वायु प्रदूषण के मुद्दे पर नियमित रिपोर्ट मांगी थी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के निदेशक द्वारा 26 नवंबर को दाखिल एक रिपोर्ट में कहा गया है, ''पंजाब राज्य द्वारा किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप पराली जलाने की घटनाओं की संख्या 25 नवंबर, 2023 को 36,551 से घटकर 25 नवंबर, 2024 को 10,479 रह गई है, यानी इसमें 70 प्रतिशत की कमी आई है।'' रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष में लगभग एक करोड़ 95 लाख टन धान की पराली का प्रबंधन विभिन्न तरीकों से किए जाने की उम्मीद है, जिसमें 'इन-सीटू' तकनीक (खेत में पराली का प्रबंधन) और 'एक्स-सीटू' (विभिन्न उपयोगों के लिए पराली का परिवहन) तरीके और पशुओं के चारे के लिए अवशेष का उपयोग करना शामिल है।

### आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में लिपिक गिरफ्तार

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर में जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रार के कार्यालय में तैनात एक लिपिक को आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार



किया गया है। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने यह जानकारी दी। ब्यूरो के एक आधिकारिक प्रवक्त ा ने बताया कि जसविंदर सिंह पर आरोप है कि एक जनवरी, 2002 से 31 दिसंबर, 2016 तक की अवधि के दौरान उन्होंने 1.23 करोड़ रुपये खर्च किए, लेकिन इस अवधि के दौरान उनकी कुल आय केवल 88.15 लाख रुपए थी। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### भाई ने ही बहन के प्रेमी को मौत के घाट उतारा

**जींद (हरियाणा)।** जिले में पाजूखुर्द मोड़ गांव के निकट करीब एक सप्ताह पहले चादर में बंधे मिले व्यक्ति के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझाते हुए दावा किया कि हत्या उसकी प्रेमिका के भाई ने ही की थी। सदर थाना सफीदों की पुलिस ने बताया कि प्रेमप्रसंग से खफा भाई ने ही ईंट-पत्थर से वार कर हत्या को अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने शव को ठिकाने लगाने में अपनी बहन और पत्नी को भी शामिल कर लिया और चादर में लपेटकर शव को पाजू खुर्द गांव के निकट फेंक दिया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। दोनों महिलाओं को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया जबकि अर्जुन को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

### मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध दो दिन के लिए बढ़ाया

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने बुधवार को नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं के निलंबन को दो और दिन बढ़ाकर 29 नवंबर तक लागू कर दिया। गृह विभाग की ओर से जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई। आदेश में कहा गया, 'राज्य सरकार




ने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद, जनहित में मणिपुर के इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थाउबल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, फेरजावल और जिरीबाम के अधिकार क्षेत्र में वीसैट और वीपीएन सहित मोबाइल इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं के निलंबन को दो दिनों के लिए जारी रखने का फैसला किया है।' पूर्वोत्तर राज्य में 16 नवंबर को हिंसा बढ़ने के बाद प्रशासन ने असामाजिक तत्वों को ऐसी सामग्री फैलाने से रोकने के लिए शुरू में दो दिनों के लिए इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया था जिससे कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती थी। तब से इसे कई बार बढ़ाया जा चुका है। राज्य सरकार ने आम लोगों, स्वास्थ्य सुविधाओं, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य कार्यालयों को होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए मंगलवार को ब्रॉडबैंड सेवाओं (आईएलएल और एफटीटीएच) पर निलंबन सशर्त हटा लिया था।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार



**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार सुबह प्रदूषण का स्तर थोड़ा कम हुआ और वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी के करीब पहुंच गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 301 दर्ज किया गया, जबकि मंगलवार को सुबह नौ बजे यह 343 था। राष्ट्रीय राजधानी में धुंध की मोटी परत छाई रही। वायु गुणवत्ता आंकड़ा दर्ज करने वाले 38 निगरानी केंद्रों में से किसी ने भी एक्यूआई का स्तर गंभीर श्रेणी में दर्ज नहीं किया। राष्ट्रीय राजधानी के 39 निगरानी केंद्रों में से 17 ने वायु गुणवत्ता को 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया।

### खैबर पख्तूनख्वा में हिंसा, 10 लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में सुन्नी और शिया समुदायों के बीच संघर्ष विराम के बावजूद दोनों में छिटपुट झड़पें जारी रहने के कारण कम से कम 10 और लोग मारे गए, जबकि 21 अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में हिंसा हुई। कुर्रम जिले में अलीजाई और बागान समुदायों के बीच संघर्ष पिछले सप्ताह शुक्रवार को शुरू हुआ था। इसके बाद गाड़ियों के काफिले पर हमला हुआ था, जिसमें 47 लोग मारे गए थे।

### सियोल में बर्फीले तूफान से कई उड़ानें रद्द

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में हुई भीषण बर्फबारी की वजह से बुधवार को सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गईं और यातायात बाधित हुआ। दक्षिण कोरिया में नवंबर के महीने में आया यह बर्फीला तूफान पिछले 50 वर्ष से भी ज्यादा समय में सबसे भयावह बताया जा रहा है। दक्षिण कोरिया की मौसम एजेंसी ने बताया कि सियोल के उत्तरी और आस-पास के इलाकों में 20 सेंटीमीटर बर्फ गिरी।

### धनशोधन मामले में ईडी की कई जगह रेड

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को डेयरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी 'क्वलिटी लिमिटेड' के पूर्व प्रवर्तकों के खिलाफ कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत दिल्ली और आसपास के इलाकों में कई स्थानों पर तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

# किसान नेता पंधेर ने डल्लेवाल मुद्दे पर पंजाब सरकार को घेरा

**एजेंसी, चंडीगढ़**



किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को खनौरी सीमा बिंदु से जबरन हटाने के लिए पंजाब सरकार पर बुधवार को फिर से निशाना साधा।

पंधेर ने यह भी कहा कि डल्लेवाल की जगह किसान नेता सुखजीत सिंह हरदोझंडे आमरण अनशन पर बैठे हैं। उन्होंने कहा, ''सुखजीत का आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी है।'' किसानों की मांगों को लेकर मंगलवार से आमरण अनशन शुरू करने वाले डल्लेवाल (70) को खनौरी सीमा बिंदु पर विरोध स्थल से कथित तौर पर जबरन हटा दिया गया और स्वास्थ्य जांच के लिए उन्हें लुधियाना के दयानंद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (डीएमसीएच) ले जाया गया था।

पंधेर ने भगवंत मान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार डल्लेवाल को वहां से हटाकर आंदोलन को 'विफल' करने के अपने प्रयास में असफल रही है। उन्होंने कहा, ''डल्लेवाल की स्थिति कैसी है, कोई भी इसे स्पष्ट नहीं कर रहा है।''

पंधेर ने कहा कि राज्य सरकार ने खनौरी सीमा बिंदु से डल्लेवाल को जबरन हटाने के संबंध में अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है।

उन्होंने कहा, ''पंजाब के मुख्यमंत्री को राज्य के लोगों को डल्लेवाल को हटाने के संबंध में और यह क्यों किया गया इस बारे में बताना चाहिए।'' पंधेर ने लोगों से बड़ी संख्या में खनौरी सीमा पर पहुंचने का आह्वान किया।

किसान नेता ने यह भी कहा वे देखेंगे कि सांसद मौजूदा संसद सत्र में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी के मुद्दे उठाते हैं या नहीं। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मनदीप सिंह सिद्धू ने मंगलवार को कहा था कि प्रशासन डल्लेवाल के आमरण अनशन के मद्देनजर उनकी उम्र और स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है।

किसान, केंद्र सरकार से 10 दिनों के भीतर उनसे बातचीत करते हुए समस्याओं के निस्तारण करने की मांग कर रहे हैं। किसानों ने कहा कि केंद्र सरकार ने 18 फरवरी के बाद से उनके मुद्दों पर उनसे कोई बातचीत नहीं की है। उन्होंने इस बात को दोहराया कि प्रदर्शनकारी किसान छह दिसंबर को दिल्लू कूच करेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर–राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर आमरण अनशन शुरू कर अपने आंदोलन को तेज करने की पहले ही घोषणा कर चुके हैं। किसान पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं, जब सुरक्षा बलों ने उन्हें दिल्ली की ओर मार्च करने से रोक दिया था।

## ईटीओ सार्थक कोहली ने पद का दुरुपयोग कर घोटाले को दिया अंजाम : यशपाल



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

नार्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आर्गेनाइजेशन की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई जिसमें हरियाणा एक्साइज टैक्सेशन विभाग में हुए 740 करोड़ रुपए के घोटाले में पूर्व आईएएस समीरपाल सरो के दामाद ईटीओ सार्थक कोहली के पर्दाफाश करने पर चर्चा हुई।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए यशपाल मलिक ने बताया कि जेजेपी नेता पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिह चौटाला के सहयोग से यह घोटाला हुआ, क्योकि सेल्स टैक्स विभाग में पानीपत में तैनाती के दौरान ईटीओ सार्थक कोहली ने सी फार्म गुम कराकर विभाग के पद पर ठकर सरकार के खजाने को चुना लगाया, जिसमें इसार बाजार के डीलर व हरियाणा में पूर्व डीजीपी सीआईडीके पद पर काम कर चुके भष्ट्र पुलिस अधिकारी पी वी राठी (आईपीएस) के दलाल गुलशन धमीजा पुत्र अमर लाल निवासी पानीपत व इसके सहयोगी की भी अहम भूमिका रही है।

क्योंकि पानीपत में फर्जी फर्म बनाकर सी फार्म घोटाला आरआर इंटरनेश्नल फर्म के मालिक रमेश कुमार द्वारा डाले गए कोर्ट केस में ईटीओ सार्थक कोहली पेश होकर इस फर्म के मालिक द्वारा लिए गए काम अपने होने से मना कर दिया और कहा कि जो फार्म विभाग के अधिकारी दिखा रहा है वह कार्य मैंने किया ही नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## सीएम धामी के प्रयास से 66 करोड़ की पहली किस्त जारी

**जगदीश शर्मा, देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार की ओर से उत्तराखंड को 'स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट 2024 – 25 योजना' के तहत 66 करोड़ रुपए का विशेष लोन (सहायता) जारी करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय में तीर्थनगरी ऋषिकेश में पर्यटन विभाग के अधीन विभिन्न परियोजनाओं के लिए योजना के तहत कुल 100 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं, जिसमें से प्रथम किस्त के रूप में 66 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। जबकि दूसरी किस्त के 34 करोड़ रुपए, प्रथम चरण की सहायता 75 प्रतिशत तक खर्च करने पर जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लंबे समय से इस विशेष वित्तीय सहायता के लिए प्रयासरत थे, उनकी इस बारे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से बात भी हो चुकी थी।

मुख्यमंत्री धामी ने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है, प्राप्त वित्तीय सहायता से सरकार ऋषिकेश को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करेगी। (अनंत ज्ञान)

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बुधवार को बताया कि जालंधर में मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों अपराधियों पर हत्या और जबरन वसूली समेत कई मामले दर्ज हैं। उनके पास से तीन हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।

पंजाब पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''जालंधर पुलिस आयुक्तालय (पुलिस आयुक्त जालंधर) की पुलिस ने जालंधर में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सहयोगियों का पीछा किया और मुठभेड़ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया।'' 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा गया, ''पीछा करने के दौरान संदिग्धों ने पुलिस पर गोली चलाई जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।''

## हॉफ मैराथन में धावकों ने दिखाया दम



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

न्यू चंडीगढ़ के जयंती माजरी गांव में आयोजित माता जयंती हिल्स हाफ मैराथन के दूसरे लगातार आयोजन में 800 से अधिक धावकों ने भाग लिया। 24 नवंबर को यह आयोजन चंडीगढ़ डिस्टेंस रनर्स द्वारा समुदाय में शारीरिक गतिविधि और फिटनेस को बढ़ावा देने की उनकी पहल के तहत आयोजित किया गया था। रेस डायरेक्टर सह संस्थापक सदस्य श्री विश्वजीत कौशिश ने बताया कि यह पूरे क्षेत्र में आयोजित एकमात्र हिल रन इवेंट था, जिसमें 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की दौड़ शामिल थी, जो शिवालिक पहाड़ियों की पगडंडियों और ऊंचाइयों से होकर गुजरी।

## देश-विदेश

## उदयपुर के पूर्व राजघराने का हिंसक झगड़ा विश्वराज ने किए एकलिंगजी के दर्शन

**एजेंसी, उदयपुर**



**उदयपुर** के पूर्व राजपरिवार में छिड़ा विवाद अब भी जारी है। इस बीच बुधवार को पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ एकलिंगजी (भगवान शिव को समर्पित मंदिर) के दर्शन किए। भगवान के आशीर्वाद के बाद शोक भंग की रस्म भी हुई। इसमें उन्हें सफेद की जगह रंगीन पगड़ी पहनाई गई। इससे पहले सुबह 10 बजे विश्वराज सिंह ने समोर बाग में मंदिर से आने से पहले की रस्में निभाईं। उन्होंने पारंपरिक तौर पर घोड़ी की पूजा की और दूसरी रस्में निभाईं। वहीं, मंगलवार को इस पूरे विवाद पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। विश्वराज सिंह मेवाड़ और लक्ष्यराज सिंह ने एक–दूसरे को सोमवार को हुई हिंसक झड़प के जिम्मेदार बताया। दोनों ने ही सरकार व जिला प्रशासन पर भी आरोप लगाए। लक्ष्यराज ने कहा कि सरकार में बैठे एक व्यक्ति के इशारे पर पूरा विवाद हो रहा है। वहीं, कलेक्टर ने सिटी पैलेस के आसपास धारा–163 (पहले 144) लागू कर दी है।

## कैलाश गहलोत ने दिया विस सदस्यता से इस्तीफा



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को भेजा है। उन्होंने पत्र में लिखा कि आम आदमी पार्टी (आप) अपने नैतिक मूल्यों से भटक गई थी और उसके साथ अब आगे बढ़ना काफी मुश्किल हो गया था। गहलोत ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिस दिन मैंने मंत्री पद छोड़ा, उसी दिन मैंने आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया था।

## रूस ने ब्रिटिश डिप्लोमैट को किया निष्कासित

**मॉस्को।** रूस ने मंगलवार को ब्रिटेन के एक राजनयिक को निष्कासित कर दिया। रूसी न्यूज एजेंसी रिपोर्ट के मुताबिक रूस के विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि ब्रिटिश राजनयिक जासूसी के मकसद से देश में आया था और उसने अपने बारे में गलत जानकारी दी थी। विदेश मंत्रालय ने कहा रूसी कानून का उल्लंघन करने की वजह से राजनयिक की राजनयिक मान्यता रद्द कर दी है और उसे दो सप्ताह के भीतर रूस छोड़ने को कहा गया है। ब्रिटिश विदेश मंत्रालय ने राजनयिक के निकाले जाने के फैसले पर कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब रूस ने ब्रिटिश कर्मचारियों के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। वे सही समय पर इसका जवाब देंगे। ब्रिटिश राजनयिक का नाम एडवर्ड विल्क्स बताया जा रहा है। विल्क्स की तस्वीर रूस के अलग–अलग टीवी चैनलों पर चलाई गई। ब्रटिश राजनयिक का नाम एडवर्ड विल्क्स बताया जा रहा है। विल्क्स की तस्वीर रूस के अलग–अलग टीवी चैनलों पर चलाई गई।

## झांसी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड : प्रिंसिपल को हटाया, तीन निलंबित

**लखनऊ।** झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में हुए अग्निकांड में दस बच्चों की मोत मामले में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बड़ी कार्रवाई की है। डिप्टी सीएम के निर्देश पर गठित चार सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर कॉलेज के प्रधानाचार्य को हटा दिया गया है साथ ही कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को आरोप पत्र एवं तीन अन्य को निलंबित किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि झांसी मेडिकल कॉलेज में हुई हृदय विदायक घटना को लेकर सरकार बेहद संवेदनशील है। पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराई गई है।

## इस्लामाबाद में इमरान की पार्टी ने विरोध–प्रदर्शन रोका

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**जेल** में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने बुधवार को औपचारिक रूप से अपना विरोध–प्रदर्शन रोक दिया। इसके लिए आधी रात को की गई अधिकारियों की कार्रवाई को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इससे पहले खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) ने दावा किया था कि सुरक्षा कर्मियों के साथ हुईं। हिंसक झड़पों में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। पीटीआई ने 'एक्स' पर कहा कि सरकार की क्रूरता और निहत्थे लोगों के लिए बूचड़खाने में तब्दील करने की सरकार की योजना को देखते हुए हम कुछ समय के लिए विरोध प्रदर्शन को निलंबित करते हैं।

## लखीमपुर खीरी हिंसा : गवाहों को धमकाने के आरोपों पर जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में गवाहों को धमकाने के आरोप पर जवाब देने का निर्देश दिया। हिंसा में आठ लोगों की मौत हुई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने मिश्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे को एक हलफनामा दाखिल करने को कहा कि जिसमें उनके मुवक्किल को आरोपों का खंडन किये जाने के बाद अपना रुख स्पष्ट करने का निर्देश दिया गया।

## दिल्ली हाईकोर्ट का 'सनातन धर्म रक्षा बोर्ड' के गठन संबंधी जनहित याचिका पर गौर करने से इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने बुधवार को 'सनातन धर्म रक्षा बोर्ड' के गठन की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह अधिकारियों को इस तरह का बोर्ड गठित करने का निर्देश नहीं दे सकती, क्योंकि यह मुद्दा नीतिगत क्षेत्र में आता है। पीठ ने याचिकाकर्ता को इसके बजाय सरकार से संपर्क करने को कहा। पीठ ने कहा कि आपको सरकार के पास जाना होगा। हम ऐसा नहीं करते। वे (सांसद) इसे संसद में उठाएंगे। हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। हम यह नहीं कह सकते कि ट्रस्ट बनाएं। याचिकाकर्ता सनातन हिंदू सेवा संघ ट्रस्ट के वकील ने वर्क दिया कि बोर्ड 'सनातन धर्म' की रक्षा के लिए आवश्यक है, जिसके अनुयायियों पर कथित तौर पर अन्य धर्मों के अनुयायियों की ओर से हमला किया जा रहा है।

# संभल हिंसा: संपत्ति के नुकसान की उपद्रवियों से होगी भरपाई

**एजेंसी, लखनऊ**

**पत्थरबाजों व उपद्रवियों के पोस्टर लगवाएगी यूपी सरकार**

**उत्तर** प्रदेश सरकार संभल में हाल ही में हुई हिंसा के दौरान सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की भरपाई उपद्रवी तत्वों से करेगी। इन तत्वों की पहचान के लिए जगह–जगह उनके पोस्टर लगवाए जाएंगे।

संभल शहर के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित जामा मस्जिद के पिछले रविवार को हो रहे सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। इस दौरान हुए पथराव में सार्वजनिक संपत्ति को भी नुकसान हुआ था। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार संभल में हुई हिंसा में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त रुख अपना रही है। पत्थरबाजों और उपद्रवियों के पोस्टर जगह–जगह लगाए जाएंगे और उनसे नुकसान की वसूली की जाएगी। उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को इनाम भी दिया जा सकता है। सरकार ने वर्ष 2020 में भी इसी तरह की एक पहल में संशोधित नागरिकता कानून के विरोध में हुई हिंसा के आरोपियों के पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाए थे। ये पोस्टर राज्य की राजधानी सहित कई स्थानों पर लगाए गए थे।

## संभल हिंसा मामले में तीन महिलाओं समेत 27 आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** संभल हिंसा मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने बुधवार को तीन महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है। इन महिलाओं पर उपद्रव में शामिल होने का आरोप है। शासन की तरफ से हिंसा में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश भी दिए जा चुके हैं। अब तक मोबाइल, सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से मिले वीडियो के आधार पर 100 से ज्यादा आरोपियों को चिन्हित किया जा चुका है, जिनमें से 27 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। एसपी कृष्ण कुमार ने कहा कि पुलिस पर पथराव करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सेंसेक्स में 230 अंक का उछाल, 80,234 पर बंद

**मुंबई।** सेंसेक्स बुधवार को 230 अंक चढ़कर 80,234 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 80 अंकों की तेजी




रही। यह 24,274 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट देखने को मिली है। आज ऑटो, आईटी और एनर्जी शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली है। अडानी एंटरप्राइजेज निफ्टी का टॉप गेनर रहा। यह 248.50 रुपए (11.56 फीसदी) चढ़कर 2,399 रुपए पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.80 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 0.69 फीसदी की गिरावट रही। वहीं, चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 1.53 फीसदी की बढ़त देखने को मिली।

## हिंद–प्रशांत को व्यापक सहयोगात्मक दृष्टिकोण की जरूरत, जी–7 बन सकता है भागीदार : जयशंकर

**एजेंसी, रोम**




**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने क्वाड के उभार को एक उल्लेखनीय घटनाक्रम करार देते हुए कहा कि हिंद–प्रशांत क्षेत्र नए संबंधों और साझेदारी समेत महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजर रहा है। जयशंकर ने मंगलवार को इटली के शहर फ्यूजी में हिंद–प्रशांत भागीदारों के साथ जी–7 विदेश मंत्रियों के सत्र में कहा कि सामूहिक प्रयासों के युग में, हिंद–प्रशांत को व्यावहारिक समाधान, चतुर कूटनीति, अधिक समायोजन व अधिक स्वतंत्र वार्ता की आवश्यकता होगी। जी–7 इसमें भागीदार हो सकता है। क्वाड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका का एक प्रमुख समूह है। जयशंकर जी–7 के विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 24–26 नवंबर तक आधिकारिक यात्रा पर इटली में थे। भारत को जी7 शिखर सम्मेलन में अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया गया था। जयशंकर ने सत्र के बाद 'एक्स' पर लिखा कि क्वाड का उभार एक उल्लेखनीय घटनाक्रम रहा है और हिंद–प्रशांत क्षेत्र आज व्यापक सहयोगात्मक दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित करता है। वहीं, जयशंकर ने अमेरिका, दक्षिण कोरिया, जापान और इटली के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की।

## डोनाल्ड ट्रंप ने भारतवंशी भट्टाचार्य को बनाया एनआईएच डायरेक्टर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी सरकार के लिए अहम पदों की नियुक्तियां कर रहे हैं।



इसमें कुछ भारतीय मूल के लोगों को भी जगह मिली है। ट्रंप ने भारतवंशी फिजीशियन और इकोनॉमिस्ट डॉ. जय भट्टाचार्य को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) का डायरेक्टर बनाने का फैसला किया है।

जय भट्टाचार्य पर देश के प्रमुख मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट की जिम्मेदारी होगी। एनआईएच के डायरेक्टर के तौर पर भट्टाचार्य 27 संस्थानों की देखरेख करेंगे।

# खराब फॉर्म में चल रहे बल्लेबाजों को अभ्यास मैच में नहीं उतारेगा ऑस्ट्रेलिया

**एजेंसी, सिडनी**

ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने पर्थ टेस्ट में हार के बाद राष्ट्रीय टीम के खराब फॉर्म में चल रहे किसी भी बल्लेबाज को कैनबरा में भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री एकादश की टीम में शामिल नहीं करने का फैसला किया है। भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया था।

इसके बाद उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर एडिलेड में छह दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले दबाव बढ़ गया है। मार्नस लाबुशेन (02, 03) और स्टीवन स्मिथ (00, 17) जैसे बल्लेबाज पहले टेस्ट मैच में रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए नजर आए।

इसके बाद पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क सहित कई पूर्व खिलाड़ियों ने एडिलेड में दिन-रात्रि टेस्ट मैच से पहले जोश इंग्लिश सहित इन खिलाड़ियों को अभ्यास मैच में उतारने की अपील की थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के टीम प्रबंधन ने इस तरह की अपील को खारिज कर दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार, ''ऐसा फैसला इसलिए किया गया है क्योंकि खिलाड़ियों के लिए अपने घर में समय बिताना महत्वपूर्ण है और इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत को पांच मैच की सीरीज के अगले मैच से पहले उनके टेस्ट बल्लेबाजों का आकलन करने का मौका नहीं देना चाहती है।''




ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने भी कहा कि वह कैनबरा में होने वाले अभ्यास मैच के लिए टेस्ट टीम के किसी खिलाड़ी को नहीं भेजना चाहते हैं।

मैकडोनाल्ड ने कहा,''नहीं हमारे दिमाग में ऐसी बात नहीं आई है। हमें लगता है कि गर्मियों के व्यस्त सत्र के लिए हमने अच्छी तैयारी की है। एडिलेड टेस्ट मैच के लिए हम अच्छी तैयारी करेंगे।''

प्रधानमंत्री एकादश में अधिकतर युवा खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है। कैनबरा में गुलाबी गेंद से होने वाले इस दो दिवसीय मैच में सैम कोन्स्टास और मैट रेनशॉ और तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड जैसे खिलाड़ी शामिल होंगे।

ऑस्ट्रेलिया की टीम सोमवार को एडिलेड में एकत्रित होगी इसमें इंग्लिश और लाबुशेन भी शामिल होंगे। लाबुशेन भले ही खराब फॉर्म में चल रहे हैं लेकिन दिन रात्रि टेस्ट मैच में उनका रिकॉर्ड अच्छा रहा है जिसके दम पर उन्हें अंतिम एकादश में जगह मिलना तय है।

## फिलिप ह्यूज को 10वीं बरसी पर किया याद



**सिडनी।** फिलिप ह्यूज की बल्लेबाजी के दौरान गर्दन पर गेंद लगने से हुई दुखद मौत की 10वीं बरसी पर उनके परिवार और दोस्तों ने इस दिवंगत ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर को श्रद्धांजलि अर्पित की और इस दौरान सीन एबॉट को आंसू पोंछते देखा गया। एबॉट ने 2014 में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में न्यू साउथ वेल्स और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान वह घातक गेंद फेंकी थी जो ह्यूज के गर्दन पर लगी थी, जिसके कारण आखिर में उनकी मौत हो गई थी।

न्यू साउथ वेल्स के खिलाड़ियों ने तस्मानिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच के चौथे दिन बुधवार को खेल शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा और इस बीच एबॉट को भी सांत्वना दी।

## ब्यू वेबस्टर ऑस्ट्रेलिया टीम में शामिल



**अभी** तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए चोटिल मिशेल मार्श के कवर के रूप में ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया जा सकता है। वेबस्टर को छह दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने पहले टेस्ट मैच में भारत से हार के बाद कहा था, ''वह (मार्श) ब्रिटेन के दौरे के बाद ही कुछ परेशानियों से जूझ रहा है। इस मैच में भी वह थोड़ा परेशान था। उसके पास पूरी तरह से फिट होने के लिए 10 दिन का समय है। हम उनकी फिटनेस का आकलन करने के बाद ही कोई फैसला करेंगे।''

## स्पोर्ट्स विंडो

### हिमाचल प्रदेश थ्रो बाल जूनियर टीम की कप्तान बनी मानसी राणा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** ऊना जिला के बंगाणा खंड से संबंधित मानसी राणा थ्रो बॉल का 5वा नेशनल मध्यप्रदेश के इंदौर में खेलेंगी।



मानसी राणा ने थ्रो बाल में एक वालंटियर्स के रूप में काम करना शुरू किया था और आज हिमाचल की टीम का नेतृत्व करने का मौका मिला। थ्रो बाल फैडरेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से मध्यप्रदेश के इंदौर में 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर थ्रो बाल खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है, जिसमें देश भर के अलग-अलग राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं।

### पहलवान बजरंग पूनिया पर नाडा ने लगाया चार साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने वाले रेसलर बजरंग पुनिया को नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने चार साल के लिए निलंबित कर दिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने 10 मार्च को राष्ट्रीय टीम चयन ट्रायल के दौरान डोपिंग टेस्ट के लिए सैंपल देने से इनकार कर दिया था। नाडा ने पहले भी 23 अप्रैल को इसी चीज के लिए बजरंग पुनिया को निलंबित कर दिया था, जिसके बाद वर्ल्ड गवर्निंग बॉडी, यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित कर दिया था। इस निलंबन का मतलब है कि उन्हें प्रतिस्पर्धी कुश्ती में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी और न ही उन्हें विदेश में कोचिंग करने की अनुमति होगी।



### बंगाल की अगुआई करेंगी साइया इशाक

**नई दिल्ली।** साइया इशाक चार दिसंबर से हरियाणा में होने वाली आगामी सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी में बंगाल की मजबूत टीम की अगुआई करेंगी। पहले मैच में बंगाल का सामना पुडुचेरी से होगा। तनुश्री सरकार को 16 सदस्यीय टीम का उप कप्तान चुना गया है। प्रोबल दत्त मुख्य कोच जबकि अर्पिता घोष सहायक कोच होंगी। भारत की महान खिलाड़ी झूलन गोस्वामी मेंटोर हैं।



### भारत 2026 में एशियाई राइफल पिस्टल कप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली।** भारत 2026 में एशियाई राइफल एवं पिस्टल कप की मेजबानी करेगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह घोषणा की। भारत को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट की मेजबानी सौंपने का फैसला एशियाई निशानेबाजी परिसंघ (एएससी) की कार्यकारी समिति की बैठक में लिया गया। एएससी के महासचिव डुएज अलओटैबी ने एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह को भेजे गए पत्र में मेजबान महासंघ को प्रतियोगिता की प्रस्तावित तिथियों से अवगत कराने के लिए कहा है।

### दिविथ अंडर-8 कैडेट्स चैंपियनशिप में विश्व शतरंज चैंपियन बने

**मोंटेसिल्वानो (इटली)।** हैदराबाद के आठ साल के दिविथ रेड्डी ने अंडर-8 विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशि का खिताब अपने नाम किया। तेलंगाना के इस खिलाड़ी ने हमवतन सातशेतविक स्वैन को टाईब्रेक स्कोर के आधार पर शिकस्त देकर स्वर्ण पदक जीता। दिविथ और सातशेतविक 11 में से नौ अंक हासिल कर तालिका में शीर्ष पर थे जिसके बाद विजेता का फैसला टाइब्रेकर से हुआ।



# बुमराह बने नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच विजयी गेंदबाजी स्पैल की बदौलत बुधवार को कैगिसो रबाडा और जोश हेजलवुड को पछाड़कर फिर आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हो गए।


कार्यवाहक कप्तान बुमराह ने मैच में 72 रन देकर आठ विकेट झटके जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से रौंदकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली।

पर्थ टेस्ट से पहले बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर थे। अब वह करियर के सर्वश्रेष्ठ 883 रैंकिंग अंक पर पहुंच गए हैं, जिससे उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के रबाडा (872 अंक) और ऑस्ट्रेलिया के हेजलवुड (860 अंक) को पीछे छोड़ दिया।

बुमराह के साथी मोहम्मद सिराज ने पर्थ टेस्ट में पांच विकेट झटके, जिससे उन्हें भी तीन पायदान का फायदा हुआ और वह 25वें स्थान पर पहुंच गए। अनुभवी स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का ऊपर की ओर चढ़ना जारी है, उन्होंने अपने 30वें टेस्ट शतक से 9 पायदान के सुधार के साथ 13वां स्थान हासिल किया। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 736 अंक से छठा स्थान कायम रखा है।




## जायसवाल नंबर-2 बल्लेबाज



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में 161 रन की शानदार पारी खेलने वाले यशस्वी जायसवाल अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 825 अंक की मदद से बल्लेबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट (903 अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर पहुंचे।

## टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | जसप्रीत बुमराह | भारत | 883 |
| 2. | कैगिसो रबाडा | द.अफ्रीका | 872 |
| 3. | जोश हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 860 |
| 4. | रविचंद्रन अश्विन | भारत | 807 |
| 5. | प्रभात जयसूर्या | श्रीलंका | 801 |
| 6. | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 796 |
| 7. | रवींद्र जडेजा | भारत | 794 |
| 8. | नाथन लियोन | ऑस्ट्रेलिया | 782 |
| 9. | नोमन अली | पाकिस्तान | 759 |
| 10. | मैट हेनरी | न्यूजीलैंड | 750 |

# गुजरात के उर्विल ने सबसे तेज शतक का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी, इंदौर**

गुजरात के विकेटकीपर बल्लेबाज उर्विल पटेल ने बुधवार को यहां त्रिपुरा के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच में केवल 28 गेंद पर शतक जड़कर टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक का नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया। उर्विल ने ठीक एक साल पहले लिस्ट-ए में सबसे तेज सैकड़ा जमाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर अपना नाम लिखवाया था।

टी-20 क्रिकेट में 26 वर्षीय उर्विल ने ऋषभ पंत का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2018 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में ही हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 32 गेंद पर शतक बनाया था। उर्विल इस तरह से टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने वाले खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर काबिज हो गए हैं। विश्व रिकॉर्ड एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम पर है, जिन्होंने साइप्रस के खिलाफ 27 गेंद पर शतक बनाया था।

सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे उर्विल ने 35 गेंद पर नाबाद 113 रन बनाए जिसमें सात चौके और 12 छक्के शामिल हैं। उनके इस शानदार प्रदर्शन से गुजरात ने केवल 10.2 ओवर में 156 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया। इस आक्रामक बल्लेबाज को हाल में इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला था। उर्विल ने एक साल पहले चंडीगढ़ में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के मैच में 41 गेंद पर 100 रन बनाए थे, जो लिस्ट-ए में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक है।



**28 गेंद पर शतक जड़कर ऋषभ पंत (32 गेंद पर शतक) का रिकॉर्ड तोड़ा**

# जायसवाल 40 से ज्यादा टेस्ट शतक लगाएंगे : ग्लेन मैक्सवेल

**एजेंसी, सिडनी**



ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का मानना है कि यशस्वी जायसवाल की विभिन्न परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने की क्षमता और कोई खास कमजोरी नहीं होने के कारण यह सलामी बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में 40 से अधिक शतक लगाएगा और उनके नाम पर कई रिकॉर्ड दर्ज होंगे। भारतीय क्रिकेट की प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओं में से एक 22 वर्षीय सलामी बल्लेबाज जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत की। उन्होंने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके टीम में अपनी जगह पक्की की। मैक्सवेल ने कहा, ''वह (जायसवाल) ऐसा खिलाड़ी है जो संभवत: 40 से अधिक टेस्ट शतक लगाएगा और कुछ अलग रिकॉर्ड बनाएगा। उसके पास विभिन्न परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने की अद्भुत क्षमता है।''

जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 161 रन बनाए थे जिससे भारत ने यह मैच 295 रन से जीत कर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। जायसवाल ने अभी तक 15 टेस्ट मैच में 58.07 की शानदार औसत से 1568 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक शामिल हैं। पर्थ में पहली पारी में वह खाता नहीं खोल पाए थे लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने शानदार वापसी की, जिससे उनके बल्लेबाजी कौशल का पता चलता है।

## गुकेश ने जीत के साथ स्कोर बराबर किया

**सिंगापुर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप में गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन पर बुधवार को तीसरे दौर में पहली जीत दर्ज करके अंक बराबर कर लिए।



दोनों खिलाड़ियों के अब डेढ अंक हैं। लिरेन को मुकाबले के पहले चरण में काफी समय बर्बाद करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। 13वीं चाल तक गुकेश के पास एक घंटे की बढ़त थी और उन्होंने सिर्फ चार मिनट खर्च किए थे। लिरेन ने दूसरी तरफ एक घंटा और छह मिनट लगा दिए थे। खेल के पहले 120 मिनट में से 40 चालों तक समय में कोई इजाफा नहीं किया जाता। बीच में मुकाबला जटिल होने से लिरेन पर असर पड़ा और गुकेश ने परफेक्ट चालों से उन पर दबाव बढ़ा दिया।


# वेस्टइंडीज की घरेलू धरती पर दो साल में पहली जीत, बांग्लादेश को 201 रनों से हराया

**एजेंसी, नॉर्थ साउंड (एंटीगा)**

वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 201 रन से करारी शिकस्त देकर पिछले दो वर्षों से अधिक समय में अपनी घरेलू धरती पर पहली जीत दर्ज की।

बांग्लादेश ने खेल के 5वें दिन सात विकेट पर 109 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पूरी टीम 132 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 450 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। बांग्लादेश ने इसके जवाब में अपनी पहली नौ विकेट पर 269 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।

वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में 152 रन बनाकर बांग्लादेश के सामने 334 रन का लक्ष्य रखा था। इस जीत से वेस्टइंडीज ने दो मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। दूसरा टेस्ट मैच शनिवार से किंग्सटन जमैका में खेला जाएगा। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने 5वें दिन दोनों विकेट हासिल किए। उन्होंने हसन महमूद (00) को आउट करने के बाद जाकर अली (31) को पवेलियन भेजा। इसके बाद शोरफुल इस्लाम उनके बाउंसर पर चोटिल हो गए और वह रिटायर्ड हर्ट होकर पैवेलियन लौटे। वेस्टइंडीज ने इससे पहले अपनी सरजमीं पर आखिरी टेस्ट मैच जून 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ ही जीता था।



## फुटबॉल

### हॉलैंड के गोल से मैनचेस्टर सिटी ने फेयेनोर्ड के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेला

# रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के चैंपियंस लीग में 100 गोल पूरे

**एजेंसी, रोम**

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में 100 गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। अर्लिंग हॉलैंड ने भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और चैंपियंस लीग में 100 गोल करने वाले खिलाड़ियों के विशिष्ट क्लब में शामिल होने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने मैनचेस्टर सिटी की तरफ से फेयेनोर्ड के खिलाफ दो गोल किए और इस प्रतियोगिता में अपनी कुल गोल की संख्या 46 पर पहुंचाई। हॉलैंड के इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद मैनचेस्टर सिटी ने फेयेनोर्ड के खिलाफ यह मैच 3-3 से ड्रा खेला। मैनचेस्टर सिटी इस तरह से पिछले छह मैच में जीत हासिल नहीं कर पाया है। लेवांडोव्स्की ने ब्रेस्ट के खिलाफ बार्सिलोना की 3-0 से जीत में शुरू में ही पेनल्टी को गोल में बदलकर चैंपियंस लीग में अपना 100वां गोल किया। पोलैंड के इस स्टार स्ट्राइकर ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में प्रतियोगिता में अपना 101वां गोल किया। चैंपियंस लीग में सर्वाधिक 140 गोल रोनाल्डो ने किए हैं। उनके बाद मेसी का नंबर आता है जिनके नाम पर 129 गोल दर्ज हैं।



लेवांडोव्स्की ने मैच के बाद कहा,''यह बहुत अच्छी संख्या है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं चैंपियंस लीग में 100 गोल कर पाऊंगा। मैं क्रिस्टियानो और मेसी के क्लब में शामिल होकर खुश हूं।'' छत्तीस वर्षीय लेवांडोव्स्की चैंपियंस लीग में अपने 125वें मैच में इस मुकाम पर पहुंचे। मेसी ने 123 और रोनाल्डो ने 137 मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी।

बार्सिलोना की तरफ से दूसरे हाफ में दानी ओल्मो ने भी गोल किया। बार्सिलोना ने इस तरह से ब्रेस्ट के अजेय अभियान पर रोक लगाई, जिससे वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

## आत्मघाती गोल से जीता इंटर मिलान

**इस** बीच इंटर मिलान ने लीपजिग को आत्मघाती गोल से 1-0 से हराया। इससे वह 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया, जो बार्सिलोना और लिवरपूल से एक अधिक है। सीरि-ए चैंपियन इंटर मिलान एकमात्र ऐसा क्लब है, जिसने इस प्रतियोगिता में अभी तक कोई गोल नहीं खाया है। एक अन्य मैच में बायर्न म्यूनिख ने पेरिस सेंट-जर्मेन को 1-0 से हराया। अन्य मैचों में अटलांटा ने यंग बॉयज को 6-1 जबकि आर्सेनल ने स्पोर्टिंग लिस्बन को 5-1 से पराजित किया।

## आईएल टी-20 का तीसरा सत्र 11 जनवरी से

**दुबई।** गत चैंपियन एमआई अमीरात 11 जनवरी को इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएल टी-20) क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे सत्र के शुरुआती मैच में उपविजेता दुबई कैपिटल्स से भिड़ेगी। आयोजकों ने बुधवार को यह घोषणा की।

इस टूर्नामेंट में दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पंद्रह मैच खेले जाएंगे जबकि अबू धाबी का जायद क्रिकेट स्टेडियम 11 मैचों की मेजबानी करेगा। शेष आठ मैचों का आयोजन प्रतिष्ठित शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा।

एक महीने तक चलने वाले टूर्नामेंट में कुल 34 मैच खेले जाएंगे। फाइनल नौ फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। आईएल टी-20 में छह फ्रेंचाइजी टीम एमआई अमीरात, दुबई कैपिटल्स, अबू धाबी नाइट राइडर्स, डेजर्ट वाइपर, गल्फ जाइंट्स और शारजाह वारियर्स हिस्सा लेंगी।